राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, प्रयागराज, कौशाम्बी, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

लखनऊ, गुरुवार 09 जनवरी 2025

वर्ष 06, अंक 102, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com


बादाम समझ कर बच्चों ने खाया जहरीला फल 8 बच्चों की हालत बिगड़ने पर अस्पताल में कराया भर्ती...03

नगर निगम का कारनामाः तालाब सौंदर्यीकरण के नाम पर घोटाला...12

## बैरी बुजुर्ग गाँव में गंदगी का अंबार सफाईकर्मी नदारद, ग्रामीण परेशान

**स्वतंत्र प्रभात**

**अम्बेडकरनगर।** जिले के विकास खण्ड़ जहाँगीरगंज अन्तर्गत ग्राम पंचायत बैरी बुजुर्ग और नसीरपुर जमीन असनारा गांव में सार्वजनिक स्थान पर बने मंदिर परिसर, डीह बाबा का स्थान तथा अम्बेडकर पार्क की साफ-सफाई चरमरा गई है। ग्राम प्रधान के चहेता गाँव में तैनात सफाई कर्मी पप्पू कुमार का पता लता नहीं चलता है। गांव में स्थित डीह बाबा के स्थान पर ना तो कभी कोई साफ सफाई होती है और ना ही झाडू लगता है जिससे कि वहां पर भी गन्दगी का ढेर लगता जा रहा है। बीच गाँव के समीप पीपल का पेड़ है नीचे जिसमें ग्राम देवता का वास है यह पीपल का बृक्ष काफी साल पुराना है, उस पेड़ के नीचे डीह बाबा का स्थान है। ग्राम देवता डीह बाबा के स्थान परिसर में एक नल भी वह भी पानी नहीं देता है नल खराब स्थित मे पड़ा है ,उसके नीचे घास जमी है और आसपास बड़ी-बड़ी झाड़ी उगी हुई है जिससे जहरीले सांप बिच्छू का डर हमेशा बना रहता है कई बार तो ग्रामीणों ने कहा कि यहां सांप बिच्छू निकलते देखा गया है जिसका भय हमेशा बना रहता है। डीह बाबा के स्थान पर यहां लोगअपनी मनौती मानते हैं और पूजा पाठ करते हैं। लोगों ने बताया कि ग्राम प्रधान रामचन्द्र बर्मा और ग्राम सचिव की मनमानी से सफाई नहीं कराया जाता है, सार्वजनिक स्थान , सार्वजनिक मंदिर, अम्बेडकर पार्क परिसर में घास झाड़ी उगी है और डीह बाबा का स्थान की गांव में तैनात पप्पू कुमार सफाई कर्मी के द्वारा साफ सफाई नहीं की जाती है और वही अंबेडकर पार्क में भी घास बड़ी-बड़ी उगी हुई है मानो ऐसा लगता है कि कभी साफ सफाई ही नहीं हुआ है। अंबेडकर पार्क परिसर में जाने के लिए खड़ंजा लगा हुआ उस पर बड़ी घास उगी हुई है जिससे आने-जाने में लोगों को बड़ी कठिनाइयां होती है डर और भय बना हुआ रहता है , घास जलने के लिए दवा कभी छिड़काव नहीं किया गया है। आपको बता दे कि यहां गाँव में लग भग तीन से चार तैनात सफाईकर्मी है और वही गाँव में पप्पू कुमार सफाई कर्मी कभी-कभार ही ड्यूटी पर आते हैं। नियमित सफाई न होने से गांव की गलियों में गंदगी पटी रहती है। नाली जाम होने से रास्ते पर गंदा पानी बह रहा है। और वही ग्रामीणों ने कहा कि आये दिन पंचायत भवन पर ताला बंद रहता है महीने हफ्ते में कभी-कभार खुलता है नहीं तो पंचायत भवन पर ताला लगा रहता है जिससे आनलाइन सेवा हेतु हम लोगो को दुर बाजार जाना पड़ता है।आने जाने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।गांव में साफ-सफाई के लिए सफाई कर्मियों की तीन से चार से लोग नियुक्त है। सफाईकर्मी अपने तरीके से ड्यूटी करते है। कभी-कभार ही वो गांव में आते हैं। सिर्फ कोरम पूरा कर चलते बनते हैं। सफाई न होने से गांव की गलियों में चारों तरफ सड़क पर कूड़ा-कचरा फैला हुआ है। जाम होकर नालियां बजबजा रही हैं। पानी निकासी अवरुद्ध होने से रास्ते पर गंदा पानी बह रहा है। इससे आवागमन में ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बदबू से लोगों को संक्रामक बीमारियों का भय सता रहा है। मच्छरों की







संख्या में वृद्धि होने से लोग चैन की नींद नहीं सो पा रहे हैं। ग्रामीणों में रोष गहराता जा रहा है। उनका कहना है कि ठंडी गर्मी बरसात के महीने में नालियों की सफाई नहीं कराई गई तो जलभराव की वजह से आवागमन करना दुश्वार हो जाएगा। अगर समय रहते नालियों की सफाई नहीं कराई तो वे सड़क पर उतरने को बाध्य होंगे। प्रयास किया जा रहा है कि गांवों में जल-जमाव की समस्या न रहे। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि जब गाँव में सफाई करने के लिए कहा जाए तो सफाई कर्मी पप्पू कुमार कहते हैं कि हमारी शिकायत किसी भी अधिकारी के पास जाकर आप कर लो पर कुछ होने वाला नहीं है हमारी पहुंच बहुत ऊपर तक है जिलाधिकारी से डीपीआरओ सी डी ओ ब्लॉक जहाँगीरगंज अधिकारी, ऐडियो पंचायत अधिकारी आलाधिकारी सहित ग्राम प्रधान हमसबके चहेता और करीबी है हम हमारा कोई कुछ कर नहीं पाएगा। हम जो चाहते हैं वही काम होता है हमारी पहुंच बहुत ऊपर तक है सफाई कर्मी की लापरवाही मनमानी से परेशान ग्रामीण है। ग्राम प्रधान व गांव में तैनात सफाई कर्मचारी पर मनमानी करने का आरोप लगाया ग्रामीणों ने । गांव में जर्जर व टूटी नालियों की सफाई न होने के कारण नाली का गंदा पानी सड़कों पर भर रहा है। जिससे होकर आवागमन करना ग्रामीणों की मजबूरी बन चुका है। एक ओर चल रहे स्वच्छ भारत मिशन के तहत बड़े-बड़े दावे किए जा रहे है। तो दूसरी ओर गांव बैरी बुजुर्ग और नसीरपुर जमीन असनारा में व्याप्त गंदगी इन दावों पर सवाल उठाते दिखाई दे रही है। उच्च अधिकारियों की छवि को धूमिल करने मे तन्यमता से जुटे हुए हैं गांव में तैनात सफाई कर्मचारी पप्पू। ग्रामीणों में अखिलेश आकाश सूरज प्रभूनाथ चन्द्रजीत सौरभ राजकिसन सिकन्दर अमन अरुन चन्द्रशेखर अन्य का आरोप है कि ग्राम प्रधान रामचन्द्र बर्मा के चाहेते गांव में तैनात सफाई कर्मी पप्पू कुमार मनमानी से परेशान ग्रामीण।जब इस सम्बन्ध में एडियो पंचायत से फोन कर जानकारी पूछना चाहा तो फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर है और बात नहीं हो पाई।

## खबर का असर! उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कार्रवाई करते हुए कार्रवाई रिपोर्ट अपलोड करने का दिया निर्देश



पौराणिक तमसा नदी में जहरीला पानी छोड़े जाने से मछलियों समेत असंख्य निर्दोष जलीय जीवो की मौत

● अकबरपुर चीनी मिल के द्वारा नदी में छोड़ा गया है जहरीला पानी

स्वतंत्र प्रभात

प्रशासन के द्वारा किए गए इतने बड़े अपराध को आखिर क्या जिला प्रशासन संज्ञान में लेगा या नहीं। ऐसे में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मापदंडों पर चीनी मिल खरी नहीं उतर रही है। लगातार लोगों की जीवन के साथ खिलवाड़ करती नजर आ रही है। जहरीले नदी के पानी से जंगली जानवरों समेत

● बीते दिनों चीनी मिल के जहरीले पानी से मछलियों समेत असंख्य जीवो की मौत का मामला

**स्वतंत्र प्रभात**

प्रमोद वर्मा

**अंबेडकरनगर।** खबर का हुआ असर अकबरपुर चीनी मिल के द्वारा नदी में छोड़े गए विषैला पानी से मछली समेत असंख्य जलीय जीवों की मौत के मामले में खबर को सोशल मीडिया के माध्यम से संज्ञान में लेते हुए उत्तर प्रदेश पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने रीजनल ऑफिस अयोध्या को संलग्न खबर के कानून के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए कार्रवाई की रिपोर्ट को सोशल मीडिया के (×) ट्विटर प्लेटफार्म पर अपलोड करने का निर्देश दिया है।

आपको बता दे बीते दिनों अकबरपुर चीनी मिल के द्वारा पौराणिक तमसा नदी में जहरीला पानी छोड़े जाने से मछलियों समेत असंख्य निर्दोष जलीय जीव मौत के गाल में समा गए। साथ ही भारी मात्रा में गंदा पानी छोड़े जाने से पूरे तमसा नदी का पानी जहरीला हो गया है। जहरीला पानी भूगर्भीय जल को भी प्रदूषित कर रहा है। साथ ही चीनी मिल के चिमनी से निकलने वाली राख हवाओं को भी प्रदूषित कर रही है जिससे क्षेत्र के लोग अनेक बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। कहने के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के द्वारा चीनी मिल का निरीक्षण किया जाता है लेकिन नदी में छोड़े गए इस गंदे पानी से साबित हो गया कि जल शोधन संयंत्र सफेद हाथी के समान ही साबित हो रहे हैं। साथ ही चीनी मिल प्रशासन के द्वारा किए गए इतने बड़े अपराध को जिला प्रशासन ने अभी तक संज्ञान में नहीं लिया है।

ऐसे में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मापदंडों पर चीनी मिल खरी नहीं उतर रही है। लगातार लोगों की जीवन के साथ खिलवाड़ करती नजर आ रही है। जहरीले नदी के पानी पीने से जंगली जानवरों समेत मनवेशियों में भी बीमारी फैलने की आशंका तेज हो गई है। नदी के किनारे बसे गांव भी प्रभावित हो सकते हैं, साथ ही किसान नदी किनारे अपनी फसलों की सिंचाई भी इसी पानी से करता था लेकिन नदी के प्रदूषित पानी से फसलों की सिंचाई करने से किसान के अंदर डर का माहौल पैदा हो गया है। कहीं इस गंदे पानी से फसल की सिंचाई करने पर फसल खराब न हो जाए। विशेषज्ञ की माने तो चीनी मिल से निकलने वाला गंदा पानी तमसा नदी को प्रभावित करता ही है, साथ ही इस इलाके में आर्सेनिक की मात्रा ज्यादा बढ़ाने की आशंका है यदि यही स्थिति रही तो आने वाले समय में नलों से निकलने वाले शुद्ध पानी की जगह जहरीला पानी ही निकलेगा। जिसके सेवन से कई अन्य गंभीर बीमारियां आसपास के लोगों में फैल सकती हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### पद्मश्री एथेलीट सुधा सिंह बनी एएफआई की कार्यकारी समिति की सदस्य



**लालगंज (रायबरेली)।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना की खेल अधिकारी अर्जुन अवार्डी पद्मश्री एथेलीट सुधा सिंह को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ की कार्यकारी परिषद के सदस्य के रूप में चुना गया। उनके एएफआई के कार्यकारी समिति का सदस्य बनाये जाने पर महाप्रबंधक व आरेडिका के कर्मचारियों और अधिकारियों ने प्रशन्नता व्यक्त की है। इससे पहले उन्हें एथलेटिक्स महासंघ की एथलीट्स कमीशन की सदस्य के रूप में नामित किया गया था। मंगलवार को दिल्ली में आयोजित एथेलेटिक्स महासंघ की सालाना बैठक के दौरान उन्हें कार्यकारी समिति में शामिल किया गया। वह महासंघ में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस उपलब्धि पर आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने प्रशन्नता जाहिर की। ओलंपियन सुधा सिंह ने भी परिषद का सदस्य चुने जाने पर महासंघ का आभार व्यक्त किया है।

### क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत न होने से राहगीर परेशान




**सिद्धार्थनगर।** बर्डपुर से रामनगर तक जाने वाली सड़क क्षतिग्रस्त हो जाने से सड़क पर लोगों को चलना मुश्किल हो रहा है, लेकिन कोई सुध लेने वाला नहीं है। बर्डपुर से रामनगर तक की सड़क जर्जर हो गई है।इस सड़क से होकर प्रतिदिन सैकड़ों लोग आते-जाते हैं। लेकिन गड्ढों के कारण आवागमन मुश्किल हो रहा है। अब तक कई लोग गिरने से घायल हो चुके हैं। लोगों का कहना है कि संज्ञान में लाने के बाद भी विभाग इसे ठीक नहीं करा रहा है। क्षेत्र के लोगों ने सड़क की यथाशीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है।

## ग्राम पंचायत सचिव व ए डी ओर पंचायत की मिलीभगत से किया गया परिवार रजिस्टर मे फर्जीबाडा

● हर नकल मे अलग-अलग जन्म तिथिया खोल रही भ्रष्टाचार और फर्जीवाडा की पोल

दोषी सचिव के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग

**स्वतंत्र प्रभात**

**लखीमपुर खीरी** एक तरफ जहा प्रदेश के मुख्य योगी आदित्यनाथ भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति लागू कर रहे हैं और अपने मातहतो को नित नये सख्त फरमान जारी कर भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगाने के आदेश व निर्देश जारी कर रहे हैं। लेकिन जनपद लखीमपुर खीरी के विकासखंड पसगवा में मुख्यमंत्री के आदेशों का असर पड़ता नजर नहीं आ रहा है। मामला विकासखंड पसगवां की ग्राम पंचायत गुरुदेव खेड़ा का है जहां पर ग्राम पंचायत सचिव सुधीर कुमार शुक्ला और वीडियो पंचायत देवेंद्र कुमार द्वारा पूर्व प्रधान से मिली भगत करके परिवार रजिस्टर में खुर्द बुर्द कर जन्म तिथियों में भारी फेरबदल किए जाने का मामला प्रकाश में आया है।सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत गुरुदेव खेड़ा निवासी मृतक अजमाल खान पुत्र इशहाक खान के परिवार रजिस्टर की नकल में ग्राम पंचायत सचिव द्वारा जमकर खेल किया गया है आज के 20 वर्ष पूर्व परिवार रजिस्टर की नकल में अंकित अजमाल खान की जन्म तिथि 1967 दर्ज कागजात है वहीं जब मृतक अजमाल खान की पत्नी अनवर जहां द्वारा उनकी मृत्यु के बाद जब परिवार रजिस्टर की नकल ली गई तो उसमें अजमल खान पुत्र इशाहाक खान की डेट ऑफ बर्थ 1978 दर्ज करते हुए नकल दी गई थी। इसके बाद जब 2 जनवरी 2025 को पुनः परिवार रजिस्टर की नकल ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा जारी की गई तो उसमें अजमाल खान की डेट ऑफ बर्थ पुनः बदलकर 1967 दर्ज की गई।

यह केवल अजमाल खान की ही जन्म तिथि में फेर बदल किए जाने का मामला नहीं है ।इस परिवार रजिस्टर की नकल में जितने भी नाम दर्ज हैं अधिकांश में उनकी प्रत्येक परिवार रजिस्टर की नकल में अलग-अलग जन्मतिथि दर्ज होना ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा किए गए फर्जी वाडा की




पुस्टि करने को काफी है ।आखिर किन परिस्थितियों में परिवार रजिस्टर की नकलो में बार-बार जन्म तिथियो में हेर फेर किया जाता रहा और ए डी ओ पंचायत द्वारा रजिस्टर को हर 3 महीने बाद सीन किए जाने पर भी उनको यह मामला नजर क्यों नहीं आया अहम सवाल बना हुआ है ।इस फर्जी वाडा का खुलासा उस समय हुआ जब पीड़िता अनवर जहां ने अपने स्वर्गीय पति अजमाल खान की परिवार रजिस्टर की नकल ग्राम पंचायत सचिव से चाही तो उसमें और पहले से रखी परिवार रजिस्टर की नकल में जन्मतिथियों में भारी अंतर देखने को मिला। यहां तक की अनवर जहां की भी डेट ऑफ बर्थ में परिवर्तन किया जाना चर्चा का विषय बना है। सन 2024 में जारी की गई परिवार रजिस्टर की नकल में अनवर जहां की डेट ऑफ बर्थ 1978 दिखाई गई वही 2 जनवरी 2025 को जारी परिवार रजिस्टर की नकल में अनवर जहां की डेट ऑफ बर्थ 1981 दिखाया जाना ग्राम पंचायत सचिव व ए डी ओ पंचायत सहित पूर्व प्रधान इरफान खान की साजिश स्पष्ट नजर आ रही है ।पीड़िता ने मामले में सभी परिवार रजिस्टर की नकलो को संलग्न करते हुए शपथ पत्र के साथ जिला अधिकारी से शिकायत कर परिवार रजिस्टर की नकल में हेर फेर करने वाले ग्राम पंचायत सचिव व ए डी ओ पंचायत पसगवां के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। वही इस मामले की ऑनलाइन मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करते हुए एक समाजसेवी ने भ्रष्ट आचरण करने वाले ग्राम पंचायत सचिव के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराए जाने की भी मांग की है।

इस संबंध मे जब खण्ड विकास अधिकारी पसगवा मोहित कुमार कौशिक से टेलीफोन पर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उनका फोन न उठने के चलते उनके पक्ष की जानकारी नही हो सकी। वही जब ए डी ओ पंचायत देवेंद्र कुमार से जानकारी चाही गयी तो उन्होने बताया कि परिवार रजिस्टर ग्राम पंचायत सचिव के पास रहता है वही जाने कैसे दो दो जन्म तिथिया हो गयी।

## हाईवे जाम लगाने वाले डेढ़ सौ पर मुकदमा दर्ज




**स्वतंत्र प्रभात**

**अलीगढ़।** थाना गभाना क्षेत्र में विगत 22 दिसंबर और 25 दिसंबर को गांव सुमेरपुर-कलुवा के पास से गुजर रहे पुराने नाले में ग्रामीणों को गोवंश के अवशेष पड़े मिले थे। तीन दिन के अंदर गोकशी की दो घटनाओं से ग्रामीण आक्रोशित हो गए। 25 दिसंबर को मौके पर पड़े मिले अवशेष पचपेड़ा मोड़ पर रखकर हाईवे जाम कर हंगामा शुरू कर दिया था। इससे करीब तीन घंटे तक हाईवे जाम रहा था। एसएसपी संजीव सुमन ने मौके पर पहुंचकर तत्कालीन इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंह को निलंबित करने के साथ ही गोकशी करने वालों को पकड़ने और कठोर कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया था। मामले में वरिष्ठ उपनिरीक्षक कंवरपाल सिंह की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया है। कहा गया है कि सुमेरपुर गांव के पास गोकशी की घटना पर 25 दिसंबर को कलुवा निवासी रवि लोधी, चंदरौला निवासी मोहित ठाकुर, पं. राधे तनु महाराज, निवासी भरतरी हाल निवासी लालजी धाम आश्रम ब्रज कुंज कॉलोनी ,धाम वृंदावन सहित 100-150 अज्ञात लोगों ने बुलंदशहर-अलीगढ़ हाईवे को पचपेड़ा मोड़ पर तीन घंटे तक जाम रखा। इससे आने-जाने वाले नागरिकों सहित बीमार व्यक्तियों को कई घंटे भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हंगामा कर रहे लोगों ने भैंस से भरी एक डीसीएम के शीशे तोड़े और गाड़ी चालक से गाली-गलौज करते हुए हाथपाई कर जान से मारने की धमकी दी थी।

## ग्राम प्रधान, हल्का लेखपाल, सिपाही पर जबरिया जेसीबी लगवाकर चकरोड निर्माण कराने का आरोप




**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के रानीपुर निवासी धर्मेन्द्र पुत्र गंगाराम ने जिलाधिकारी को सम्बोधित पत्र उनके प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। मांग किया कि रानीपुर के ग्राम प्रधान द्वारा उनकी जमीन में जबरन चकरोड निकलवाने और हरे वृक्षों को काटकर बेच लिये जाने के प्रकरण में जांच कराकर दोषियों के विरूद्ध कारवाई कराया जाय। इसके साथ ही उनकी जमीन से जे.सी.बी. द्वारा निकाली गई मिट्टी पाटकर चकरोड बनाने वृक्ष काटकर बेंच लिये जाने के मामले में उन्हें समुचित क्षतिपूर्ति दिलाया जाय।आ सारोप है डीएम को सम्बोधित पत्र में कहा गया है कि हल्का लेखपाल अनन्त कुमार, पुरानी बस्ती थाने में तैनात हल्का सिपाही अभिषेक शर्मा ने रानीपुर के ग्राम प्रधान के दबाव प्रभाव में आकर स्थगन आदेश के बावजूद अवैध ढंग से उनकी जमीन पर जे.सी.बी. लगवाकर चकरोड पटवा दिया गया और हरे पेड़ों को कटवाकर लगभग 30 हजार रूपये में बेचकर बन्दरबांट कर लिया गया। मांग किया कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर हल्का लेखपाल, सिपाही और ग्राम प्रधान के विरूद्ध कार्रवाई कर जबरिया बनवाये गये चकरोड को गिरवाकर उन्हें क्षतिपूर्ति दिलाया जाय।

## भारत ने दुनियां में सबसे पहले महिलाओं को मताधिकार का अवसर दिया- मु. योगी आदित्यनाथ

● भारत ने दुनियां में सबसे पहले महिलाओं को मताधिकार का अवसर दिया- मु. योगी आदित्यनाथ


**स्वतंत्र प्रभात**

**कानपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज कानपुर में बिठूर स्थित रोजिएट पैलेस होटल में कामनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन के नार्थ ग्रुप के महिला सदस्यों के सम्मेलन में कहा कि दुनिया भर के तमाम देशों से पहले भारत ने महिलाओं को मताधिकार के प्रयोग का अधिकार दिया है। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी उत्तर प्रदेश में मंत्री व पूर्व राज्यपाल वेबी रानी मौर्या समेत तमाम महिला सांसदों व विधायकों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 में हमारी सरकार बनी उससे पहले हमने देखा था कि स्कूल जाते समय तमाम बच्चियां नंगे पैर स्कूल जातीं थीं वहीं लड़के जूते पहनकर स्कूल जाते थे तब हमने बच्चों के लिए फ्री यूनिफॉर्म अनिवार्यता को लागू किया था। आज बच्चियों के पैरों में चप्पल हैं और वह पूरी यूनिफार्म पहन कर स्कूल जा रहीं हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रगतिशील देशों में जो अपने आप को बहुत आधुनिक कहते हैं उनके यहां की विधायिका में महिला सदस्यों की संख्या का प्रतिशत दस भी नहीं है। जब कि उत्तर प्रदेश में यह प्रतिशत 14 से ऊपर है और उत्तराखंड में यह प्रतिशत दस से ऊपर है। उन्होंने कहा कि हमने आजादी के बाद 1952 के चुनाव में ही महिलाओं को मताधिकार का अवसर दे दिया था जब कि इंग्लैंड में महिलाओं को यह अधिकार हमसे बाद में मिला है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाज की व्यवस्था में महिला और पुरुषों का परस्पर योगदान ज़रुरी है और यह बात हमने बहुत पहले समझ ली थी और उस पर अमल करना शुरू कर दिया था। सम्मेलन को








संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि हम महिला सशक्तिकरण की बात करते हैं उसमें यह सम्मेलन बहुत ही महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने सम्मेलन में उपस्थित सभी महिला सदस्यों का स्वागत किया। इस अवसर पर उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी ने कहा कि महिलाओं पर पहले काफी प्रतिबंध लगे हैं। कभी उनकी शिक्षा को लेकर कभी उनकी ड्रेस को लेकर बातें की गई हैं लेकिन महिलाएं इन सब से ऊपर उठकर देश में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपना योगदान हर क्षेत्र में दे रहीं हैं। उन्होंने कहा कि आज भी विधायिका में महिलाओं का रिप्रजेंटेशन बहुत धीमी गति से बढ़ रहा है। इसके कारण ढूंढने होंगे। यदि हमारी रफ्तार यही रही तो पचास प्रतिशत तक पहुंचने में हमें बहुत समय लग जायेगा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### विक्रमजोत के चर्चित ढाबे पर हुई घटना को पचाने में बाखूबी से जुटी चौकी पुलिस




**बस्ती।** विक्रमजोत के चर्चित ढाबे पर हुई घटना को पचाने में बाखूबी से जुटी चौकी पुलिस 5 दिन बाद वह भी 4 बजे शाम CWC के समक्ष बच्ची को पेश करने पहुंची पुलिस न्याय पीठ का समय खत्म होने के कारण नाबालिक बच्ची नहीं किया जा सका पेश विक्रमजोत की चौकी पुलिस पूरी तरह कर रही ढाबा और आरोपियों का बचाव आखिर पुलिस ने क्यों नहीं किया CWC न्याय पीठ के समक्ष बच्ची को पहले पेश विक्रमजोत का चर्चित ढाबा खाना की बजाय अय्याश बाजों का बना हुआ अड्डा बच्ची के सामने गुलाब जामुन रख किया अश्लील हरकत मां ने किया विरोध पीड़ित ने ढाबे पर आरोपी से उसकी हरकत के बारे में पूछा तो पीटा दी गाली पीड़ित की माने अकेले का फायदा उठा ढाबा वाले और अन्य लोगों ने उसे भगाया लखनऊ के कृष्णानगर क्षेत्र के रहने वाले पीड़ित की तहरीर पर दर्ज हुआ है FIR लोगों की माने तो अब विक्रमजोत के चर्चित ढाबे पर रुकने से लगने लगा है डर बस्ती जिले के विक्रमजोत चौकी की पुलिस अय्याश बाजों को बचाने में है जुटी।

### भाजपा जिला अध्यक्ष पद पर 19 तो प्रदेश परिषद सदस्य के लिए हुआ छह नामांकन



**बलरामपुर** संगठन पर्व 2024-25 के अन्तर्गत बुधवार को तुलसीपार्क स्थित अटल भवन कार्यालय पर जिलाध्यक्ष पद के लिए जिले भर से भाजपाइयों ने नामांकन किया। काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री एवं जिला चुनाव अधिकारी सुशील त्रिपाठी ने सभी नामांकन पत्रों का सत्यापन किया। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि भाजपा में संगठन पर्व 2024-25 मनाया जा रहा है। जिसमें मंडल अध्यक्षों का चुनाव गत दिनों सम्पन्न हुआ है। बुधवार से दस जनवरी तक भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रकिया किया जा रहा है। बुधवार को जिलाध्यक्ष पद के लिए 19 व प्रदेश परिषद सदस्य के लिए छह लोगों ने जिला चुनाव अधिकारी सुशील त्रिपाठी को अपना नामांकन पत्र सौंपा है। जिला चुनाव अधिकारी ने सभी नामांकन पत्रों का सत्यापन कर प्रदेश कार्यालय भेजा है। कार्यक्रम शांतिपूर्ण व स्वस्थ वातावरण में सम्पन्न हुआ। नामांकन चुनाव कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह की देखरेख एवं कुशल मार्ग दर्शन में सम्पन्न हुआ।

### घरों पर लगाए पलायन के पोस्टर ,मची खलबली

**अलीगढ़।** थाना दादों कस्बे में वैश्य समाज के कई लोगों ने मंगलवार रात को अपने घरों के बाहर पलायन के पोस्टर लगा दिए। आरोप है कि एक प्रधान धर्मशाला की जमीन पर कब्जे का प्रयास कर रहे हैं। साथ ही धमकी दी है कि वैश्य समाज को रहने नहीं दिया जाएगा। देररात पुलिस कस्बे में पहुंची और लोगों से बातचीत कर पोस्टर को हटवाने के प्रयास में जुटी थी। आजादी से पहले वर्ष 1945 में धर्मशाला स्थापित हुई थी। यहां रहने वाले संतोष माहेश्वरी ने बताया कि दरी अलावलपुर के प्रधान राजकुमार ने धर्मशाला का बैनामा करा लिया है। रास्ते में कब्जे का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बैनामा को रद करने की मांग की। साथ ही धर्मशाला को पुराने स्वरूप में ही रहने दिया जाए। संजीव कुमार ने बताया कि धर्मशाला के रास्ते पर कब्जे की नीयत से बैनामा कराया गया है। इससे तंग आकर हम मकान बेचने को मजबूर हैं। सीओ छर्रा महेश कुमार ने बताया कि बुधवार को दोनों पक्षों को बुलाया गया है।

### नौ सौ ग्राम गांजो के साथ तस्कर पकड़ा

**अलीगढ़।** थाना गांधीपार्क पुलिस टीम ने अवैध नशीले पदार्थ नौ सौ गाँजा सहित एक शातिर गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने दीपक उर्फ पिचकू पुत्र नरेन्द्र सिह निवासी-कुँवर नगर कालोनी आम वाली गली थाना गाँधी पार्क को 900 ग्राम अवैध गाँजा के साथ भदेशी पुल के नीचे से गिरफ्तार किया गया है। जिसके सम्बन्ध में थाना पर एनडीपीएस एक्ट का मुकद्मा पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 विनोद कुमार, उ0नि0प्रशिक्षु मृदुल गुप्ता,हे0का0 राजेश मावी,का0 अमर अंशुल थाना गाँधीपार्क शामिल थे।

## बस्ती मण्डल को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में तेजी लाने के लिएदिशा निर्देश

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती मण्डल को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में तेजी लाने के लिए मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में विगत दिवस 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। यह अभियान विगत 07 दिसम्बर से 24 मार्च 2025 तक चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य टीबी के उन्मूलन में तेजी लाना है। उन्होने कहा कि इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, आयूष विभाग के अधिकारियों से अपेक्षित सहयोग लिया जाय। उन्होने कहा कि खासी, बुखार, रात में पसीना आना, मुँह से खून आना, वजन कम होना, भूख ना लगना, गर्दन में गिल्टी/गॉठ, बाझपन आदि टीबी के लक्षण है। बैठक में उपस्थित विभागाध्यक्षों से उन्होने कहा कि विभागों में उपस्थित समस्त अधिकारियो व कर्मचारियों में उक्त लक्षण पाये जाने पर तत्काल स्क्रिनिंग/जॉच कराया जाय। उन्होने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि कैम्प के माध्यम से उक्त लक्षण वाले लोगों को चिन्हित कर स्क्रिनिंग करायी जाय। उन्होने यह भी कहा कि टीबी के मरीजो को पोषण पोटली, मुँगफली, भूना चना, गुड, तिल, गजक, बोनबीटा उपलब्ध कराया जाय। उन्होने मण्डलीय अधिकारियों से कहा कि आप सभी लोग भी कम से कम दो मरीजो को पोषण पोटली उपलब्ध कराये। इसके लिए स्वयं सहायता समूह का सहयोग भी लिया जाय। बैठक के अन्त में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शपथ भी दिलाया। बैठक का संचालन संयुक्त विकास आयुक्त बलराम कुमार ने किया। इसमें अपर निदेशक स्वास्थ्य डा. विनीता राय, संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य डा. नीरज पाण्डेय, तीनों जिलों के सीएमओ सहित संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## जिलाअधिकारी के नेतृत्व मे सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सभागार में जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये डिस्ट्रिक्ट रोड सेफ्टी एक्शन प्लान बनाकर सड़क एक्सीडेंट रोकने के प्रयास किये जायें। उन्होने यह भी कहा कि गतवर्ष की तुलना में रोड दुर्घटना में हरहाल में 50 प्रतिशत तक कमी लाये जाने के प्रयास किए जाय। उन्होने बताया कि सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत 31 जनवरी तक विशेष अभियान चलाया जायेंगा। इस हेतु उन्होने संबंधित विभागों को कार्ययोजना तय कर प्रभावी कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया है।

उन्होने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि स्कूली वाहनों का सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) द्वारा निरीक्षण/फिटनेस करायें, बड़े वाहन डिलरों से समन्वय स्थापित कर सड़क सुरक्षा सम्बन्धी होर्डिग एवं बैनर लगवाया जाय एवं प्रचार वाहन के माध्यम से सड़क सुरक्षा सम्बन्धी गीत एवं पैम्पलेट का वितरण कराया जाय तथा दो पहिया एवं चार पहिया चालकों द्वारा बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ओवरस्पीडिंग, मोडिफाइड साइलेंसर, ड्रंकन ड्राइविंग, ओवरलोड एवं बिना रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप के संचालित वाहनों के विरुद्ध चेकिंग एवं कार्यवाही किया जाय तथा विभिन्न चौराहों पर सडक सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जाय।

उन्होने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि समस्त विद्यालयों से समन्वय स्थापित करते हुए सड़क सुरक्षा सम्बन्धी प्रतियोगिताए (भाषण, क्विज एवं पोस्टर) आदि कराया जाय तथा विजेता प्रतिभागियों की सूची उनके बैंक खाता विवरण सहित परिवहन विभाग को उपलब्ध कराये, जिससे परिवहन विभाग समारोह का आयोजन कर विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र तथा पुरस्कार की धनराशि उपलब्ध करा सकें। उन्होने कहा कि जनपद के 04 माध्यमिक विद्यालयों में सड़क सुरक्षा सम्बन्धी कार्यशाला का आयोजन किया जाय तथा दिनांक 23 जनवरी को सुभाष चन्द्र बोस जी की जयन्ती पर मानव श्रृंखला का आयोजन किया जाय, जिसमें अधिक से अधिक विद्यालयों के छात्र/छात्राओं को सम्मलित किया जाय। जनपद के प्रत्येक विद्यालय में सड़क सुरक्षा सम्बन्धी शपथ दिलाया जाय। ऐसे विद्यालय जिनमें छात्र/छात्राओं के परिवहन हेतु विद्यालय वाहनों का प्रयोग किया जाता है, में विद्यालय परिवहन यान समिति की बैठक कराया जाय।उन्होने चिकित्सा विभाग व परिवहन निगम को निर्देशित किया है कि समन्वय स्थापित कर सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत परिवहन कार्यालय एवं रोडवेज बस अड्डा पर नेत्र शिविर का आयोजन किया जाय। उन्होने गन्ना विभाग को निर्देशित किया है कि प्रत्येक चीनी मिलों में संचालित वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप एवं लाल कपड़ा लगवाया जाय एवं क्षमता से अधिक भार लादने वाले वाहनों को प्रतिबन्धित किया जाय। सूचना विभाग को निर्देशित किया है कि सड़क



सुरक्षा सम्बन्धी प्रचार-प्रसार हेतु इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं समाचार पत्रों के माध्यम से विज्ञापन कराया जाय तथा जनपद के विभिन्न स्थानों पर होर्डिंग लगवाया जाय।

उन्होने पुलिस विभाग को निर्देशित किया है कि दो पहिया एवं चार पहिया चालकों द्वारा बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ओवरस्पीडिंग, मोडिफाइड साइलेंसर, ड्रंकन ड्राइविंग, ओवरलोड एवं बिना रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप के संचालित वाहनों के विरूद्ध चेकिंग एवं कार्यवाही किया जाय तथा विभिन्न चौराहों पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जाय। एन0एच0ए0आई0/पी0 डब्लू0डी0 विभाग को निर्देशित किया है कि ब्लैक स्पाड एवं सड़क बनावट में गड़बडी एवं शिकायतों पर तत्वरित कार्यवाही कर उन्हें सही कराया जाय तथा रोड साइनेज एवं रम्बलस्ट्रिप आदि लगाया जाय। बैठक का संचालन एआरटीओ पंकज कुमार ने किया। इसमें सीडीओ जयदेव सी.एस., एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान, सीएमओ डा. आर.एस. दुबे, सीआरओ कीर्ति प्रकाश भारती, बीएसए अनूप तिवारी, क्षेत्राधिकारी पुलिस सत्येन्द्रभूषण तिवारी, एनएचआई के प्रतिनिधि व जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## अतिक्रमण हटाने के लिए नगर पालिका सख्त, नए नियमों के तहत 16 जनवरी से कार्रवाई शुरू

स्वतंत्र प्रभात

**अम्बेडकरनगर।** जलालपुर कस्बे में सड़क किनारे फैले अतिक्रमण को लेकर नगर पालिका प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। अधिशासी अधिकारी (ईओ) अजय कुमार सिंह ने बताया कि कस्बे को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नए दिशा-निर्देशों के तहत कार्रवाई की जाएगी। भारतीय नगर पालिका अधिनियम (BNS धाराओं) के तहत, सार्वजनिक स्थल और सड़कों पर अवैध कब्जे को हटाने के लिए कड़ी कार्रवाई का प्रावधान है।

**15 जनवरी अंतिम तिथि, 16 से होगी कार्रवाई**

नगर पालिका प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों को 15 जनवरी 2025 तक स्वयं से अतिक्रमण हटाने की अंतिम चेतावनी जारी की है। ईओ अजय कुमार सिंह ने कहा, निर्धारित समय तक अतिक्रमण न हटाने वालों पर क्ष्र्हस्र धारा 323 और 326 के तहत जुर्माना और धारा 333 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने यह भी बताया कि 16 जनवरी 2025 से नगर पालिका की विशेष टीम अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू करेगी। इस दौरान विरोध या बाधा उत्पन्न करने वालों पर धारा 336 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**जाम से राहत के लिए प्रशासन की सख्ती**

जलालपुर कस्बे में बढ़ते अतिक्रमण के कारण जाम और विवाद की स्थिति आम हो गई है। ईओ ने बताया कि अतिक्रमण के चलते सड़कें संकरी हो गई हैं, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है और दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ रही है। अभियान के बाद नागरिकों को जाम से मुक्ति और सुरक्षित यातायात का लाभ मिलेगा।

**भाजपा नेताओं का समर्थन**

भाजपा नेताओं ने प्रशासन के इस कदम का समर्थन करते हुए कहा कि अब अतिक्रमणकारियों के प्रति कोई नरमी नहीं बरती जाएगी। उन्होंने मीडिया से कहा, "हमने पहले समय देने का अनुरोध किया था, लेकिन अब 15 जनवरी के बाद जो अतिक्रमण नहीं हटाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।"

**जिला प्रशासन ने दिए स्पष्ट निर्देश**

जिला प्रशासन ने नगर पालिका को क्ष्र्हस्र अधिनियम के तहत अतिक्रमण हटाने के आदेश पहले ही जारी कर दिए थे। इन निर्देशों का पालन न करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि धारा 340 और 342 के तहत सार्वजनिक स्थानों



पर अतिक्रमण को दंडनीय अपराध घोषित किया गया है।

**ईओ का संदेश- सहयोग करें, कार्रवाई से बचें**

ईओ अजय कुमार सिंह ने जनता से अपील की है, "हमारा उद्देश्य जलालपुर को अतिक्रमण मुक्त बनाकर सुगम और सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करना है। सभी नागरिक समय पर अतिक्रमण हटाकर प्रशासन का सहयोग करें। कार्रवाई के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए समय सीमा का पालन करें।"

**नागरिकों को राहत की उम्मीद**


जलालपुर के नागरिक प्रशासन की इस सख्ती से उम्मीद कर रहे हैं कि जल्द ही कस्बा अतिक्रमण मुक्त होगा और जाम व विवाद जैसी समस्याओं से मुक्ति मिलेगी।

## आजाद समाज पार्टी मिल्कीपुर उपचुनाव में उतरेगी प्रत्याशी

● आजाद समाज पार्टी मिल्कीपुर उपचुनाव में उतरेगी प्रत्याशी

स्वतंत्र प्रभात

**मिल्कीपुर अयोध्या।** आदर्श आचार संहिता लगने के बाद मिल्कीपुर में आजाद समाज पार्टी सक्रिय हो गई है। बुधवार को इनायतनगर स्थित आस्था होटल में मंडलीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई । बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार चित्तौड़ ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर पार्टी के नीतियों से अवगत कराया तथा चुनावी रणनीति पर चर्चा की एवं पार्टी पदाधिकारी को चुनावी टिप्स दिए। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि इस देश का जो संविधान हैं भारत के प्रत्येक नागरिक को फ्री में शिक्षा मिले इलाज मिले सुरक्षा मिले विकास हो जाति के नाम पर किसी के साथ भेदभाव न हो सभी क्षेत्रों में बराबरी का अवसर मिले संविधान भारत के प्रत्येक नागरिक को अधिकार देता है।बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर ने कहा था सरकार में बैठे लोग इमानदारी से संविधान के अनुरूप कार्य करेंगे तो इस देश के गरीबों का कल्याण बहुत तेजी से होगा संविधान को लागू हुए 75 वर्ष हो गये लेकिन देश के 50 प्रतिशत लोग हाई स्कूल पास नहीं कर सके, गरीबों को अच्छा इलाज अच्छी शिक्षा नहीं मिल पा रही है। जाति और धर्म के नाम पर थाना और तहसीलों में भी भेदभाव किया जाता है। इन सभी अधिकारों को आम जनता तक पहुंचाने के लिए आजाद समाज पार्टी ने संकल्प लिया है। पार्टी मिल्कीपुर



विधानसभा उपचुनाव लड़कर देश को यह संदेश देगी की मिल्कीपुर की जनता हमारी पार्टी के नीतियों से संतुष्ट है, और बहुजन समाज के लोग पार्टी के साथ जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि आगे पार्टी तय करेगी किसको मिल्कीपुर से चुनाव लड़ना है।इस मौके पर भावी प्रत्याशी सूरज चौधरी, जिलाध्यक्ष देवेश कुमार पिंटू,रवीन्द्र कुमार विष्णु प्रताप, गुलशन भारतीय, इस्लाम राणा, संजय रावत, वसीर, विरेन्द्र मौर्या, अजय कुमार सहित पार्टी की कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## श्री तुलसी पियें स्वस्थ जियें

स्वतंत्र प्रभात



**गैसड़ी बलरामपुर** हर्बल आयुर्वेद जन औषधि को जन जन तक पहुंचाकर आम जनमानस को स्वस्थ्य रहने के लिए स्वास्थ्य रक्षक किट , एलोवेरा , हिमालियन वेरी , सुगर किट, जैसी अन्य महत्वपूर्ण सैकड़ों जन औषधि आईएमसी कम्पनी ने जन जन तक पहुंचाकर लोगों को स्वस्थ्य रखने के लिए पुनीत कार्य किया है इतना ही नहीं आर्थिक रुप से कमजोर लोगों का उत्थान करने के लिए हजारों कर्मी जन जन के बीच पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ हित की जानकारी देकर आर्थिक कमजोरी से निजात पा रहे हैं। इस दौरान आईएमसी कम्पनी की औषधि जन जन तक पहुचाने में उत्कृष्ट कार्य करने पर पत्रकार रामपाल यादव गैसड़ी को आईएमसी जन औषधि संस्थान की ओर से क्राउन अम्बेस्डर स्टार ओ पी मौर्य के द्वारा 11500 रूपये की कीमती बायो एनर्जी मैगनेटिक घड़ी व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पत्रकार रामपाल यादव ने बताया कि आयुर्वेदिक औषधि काफी लाभ प्रद है सौ वीमारी पर श्री तुलसी अकेले भारी है। इस संस्थान में चयनित होकर स्वास्थ्य व आर्थिक लाभ के साथ साथ देश विदेश हवाई जहाज से अपने सपने पूरा कर सकते हैं। इस मौके पर राघवेंद्र प्रताप, राहुल कुमार, ओम चन्द चौधरी, बाबूलाल चौधरी, विजय मणि यादव सहित लोगों ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## धान क्रय केंद्रों पर बिचौलियों व मिलर का दबदबा

● धान क्रय केंद्र सेंटरो पर नहीं दिखते दूर दूर तक किसान की ट्राली

क्रय केंद्र के जनपद स्तरीय अधिकारी की मेहरबानी से शाम होते ही गुलाबी हो जा रहे हैं कागज

स्वतंत्र प्रभात







**सुल्तानपुर।** धान की खरीद में केंद्र प्रभारी व जिला खरीद अधिकारी की मिली भगत से खेल जनपद में जमकर चल रहा हैं। दिन भर क्रय केंद्र पर धान बेचने के लिए किसान की ट्रालियां नहीं दिखाई देती हैं। लेकिन शाम होते ही कागज गुलाबी हो जा रहे हैं कहने के लिए तो धान खरीद के लिए जनपद में 6 कंपनियों के 88 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। पीसीएफ, यूपीएसएस, यूपीसीयू के एक कांटो की क्षमता 300 कुंतल है। इन पर भौतिक रूप से 100 कुंतल से ज्यादा कभी खरीद ही नहीं होती है लेकिन शाम होते ही भौतिक खरीद का यह आंकड़ा 2 गुना से ढाई गुना तो कही कही तीन गुना बढ़ जाता है। अगर कहीं इससे ज्यादा खरीद भी होती है तो उन सेंटरों पर बिना डस्टिंग कराये ही धान खरीद की जाती है। आपको बता दे किसानों के कागज को सेटिग के चलते ऑनलाइन करा कर बिचौलिए व मिलर मलाई काट रहे हैं और किसान बदनाम हो रहे हैं कि किसानों की धान की खरीद हो रही है। वास्तविकता तो यह है आधे से ज्यादा किसानों ने अपने धान को औने पौने दामों में बिचौलियों को बेच दिया है और धान क्रय केंद्रों पर किसानों के धान की ट्रालियां दूर दूर तक नहीं दिखाई पड़ रही हैं और न ही क्रय केंद्रों पर धान आ रहा है केवल कागजों में सब गुलाबी चल रहा है।

सुल्तानपुर जिले में उत्तर प्रदेश को-ऑपरेटिव यूनियन (यूपीसीयू) के क्रय केंद्र पर मीडिया पड़ताल में अखंड नगर ब्लाक अंतर्गत अहिरीफिरोजपुर, दोस्तपुर के नभनगवा में किसान दूर-दूर तक नहीं नजर आते हैं और शाम होते ही कागजों में खरीद हो जा रही है। इसके संबंध में जब संबंधित क्रय एजेंसी के अधिकारी रमेश कुमार से बात किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि अब तक तो खरीद ठीक चल रही थी लगभग 15 दिनों से हमने विजिट नहीं किया है फिर हाल अधिकारी अपने आप को बचते हुए नजर आए। जिला विपणन अधिकारी के ऊपर मामले को छोड़ दिया। पीसीएफ़ के सेंटर दुल्हापुर का भी यही हाल है। जिले के मोतिगरपुर ब्लॉक के पीसीएफ सेंटर बढ़ौनाडीह, पदारथपुर उपाध्याय पर पड़ताल दौरान जानकारी मिली कि बढ़ौनाडीह क्रय केंद्र पर करीब एक हफ्ते से धान की खरीद नहीं हो रही है कारण पूछे जाने पर पोर्टल पर बोरा उपलब्ध न होने की बात बताई। पदारथपुर उपाध्याय क्रय सेंटर पर मौके पर सचिव नहीं मिले टेलिफोनिक वार्ता करने पर बताया गया की खाद का पैसा जमा करने बैंक में गए हैं फिर हाल वहां एक दिन पहले की खरीद कागजों में गुलाबी दिखाई दी। मौके पर क्रय केंद्र पर किसान धान बेचने के लिए दूर दूर तक नजारत थे लेकिन अब अगले दिन की खरीद देखने पर ही पता चल पाएगा कि केंद्र पर खरीद जीरो हुई है और कागज गुलाबी होगा की नहीं।

लंभुआ ब्लाक अंतर्गत उत्तर प्रदेश उपभोक्ता सहकारी संघ (यूपीएसएस) के धान क्रय केंद्र बीपैक्स बड़ागांव में जब टीम पड़ताल पर पहुंची तो केंद्र से क्रय केंद्र प्रभारी नजारत मिले साथ ही साथ वहां धान खरीद का बैनर दिखाई नही दिया और न ही डस्टर मशीन दिखी। जानकारी करने पर डस्टर मशीन करीब डेढ़ सौ मीटर दूर एक ग्रामीण के घर खड़ी होकर धूल फ़ाकती लंबे समय से नजर आई। ग्रामीणों से जानकारी करने पर पता चला कि करीब 15 दिनों से सेंटर पर धान की खरीद नहीं हुई है। ग्रामीण ने अपने बड़े दबे हुए जुबान से बताया की ठाकुर साहब लोग हैं इनसे कौन भिड़े आप जान ही रहे हैं हम गरीब लोग हैं क्या कर सकते हैं। उसने बताया साहब मैं एक छोटा सा किसान हूं मैं तो अपना धान एक बिचौलिए को बेच दिया हूं। नाम न छापने की शर्त पर एक किसान ने बताया कि साहब यहां तो 2300 रुपये एमएसपी के चक्कर में अगर हम धान बेचने लाते हैं तो मेरे धान को पंखा तेज कर उड़ा दिया जाता है। इससे अच्छा हमने 2000 रुपये में बनिया को बुलाकर बेच दिया हूं। कूरेभार ब्लाक के कटका खानपुर बीपैक्स पर लगभग तीन दिन पूर्व पड़ताल के दौरान टीम को दूर दूर तक तौल के लिए धान नहीं दिखाई दिया। उसके पहले दिन की खरीद बहुत अच्छी खासी हुई थी पूरा कागज ही गुलाबी कर दिया गया था।

ऐसे में सरकारी आंकड़े को पूरा करने के लिए किसानों को लाभ न देकर निजी स्वार्थ में लिप्त रहकर क्रय प्रभारी समेत जिले के संबंधित क्रय एजेंसियों के प्रभारी के द्वारा जमकर खेल किया जा रहा है। ऐसे में किसानों को 1000 से 1500 रुपये की लालच देकर उनके कागज को ऑनलाइन करा कर क्रय केंद्र सेंटरों पर उनका अंगूठा लगवाकर खेल किया जा रहा है इतना बड़ा भ्रष्टाचार पर अगर जांच हुई तो कई मिलर समेत बिचौलियों के नाम सामने आ सकते हैं साथ ही कई किसान भी इसकी चपेट में आ जाएंगे।जिनके नाम पर जमकर फर्जीवाडा चल रहा है। जिनके पास नाम मात्र का खेत है वह भी किसान 50 से 100 कुंतल धान क्रय केंद्र पर बेच रहे हैं। अगर शासन द्वारा किसानों की सूची से जांच की जाए तो क्रय केंद्र के गड़बड़झाले का पता चल जाएगा। एक बड़ा भर्ष्टाचार निकल कर सामने आएगा।

किसानो से जुड़ी जमीनी हकीकत की अगली खबर अगले अंक में..........!

## भाजपा की चुनावी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद दावेदारों के नाम पर किया विचार विमर्श

स्वतंत्र प्रभात

**अंबेडकरनगर।** भाजपा के मण्डल अध्यक्ष पद की चुनावी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद भाजपा के जिलाध्यक्ष पद की दावेदारों के नाम पर जिला पर्यवेक्षक पूर्व सांसद अष्टभुजा शुक्ला और जिला प्रभारी देवेंद्र सिंह ने जिला मुख्यालय के सर्किट हाउस में वर्तमान एवं पूर्व जिला प्रतिनिधियों, पूर्व जिलाध्यक्ष, पूर्व विधान सभा प्रत्याशी, वर्तमान/पूर्व जिला पदाधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया। जिलाध्यक्ष पद पर विचार विमर्श में जिलाध्यक्ष पद के लिए तीन नामों का पैनल अपेक्षित श्रेणी के लोगों से प्राप्त कर जिला चुनाव पर्यवेक्षक और जिला चुनाव अधिकारी ने उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि संगठन महापर्व पर चुनाव को भाजपा की एक कार्यक्रम के रूप में देखते हुए हर्षोल्लास के साथ भाग लेना चाहिए। कहा कि अंबेडकर नगर जनपद के भाजपा कार्यकर्ता बड़े उत्साह के साथ विचार विमर्श में शामिल हुए। कहा कि जिलाध्यक्ष पद के लिए 10 जनवरी को 10 बजे सुबह से भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में नामांकन प्रक्रिया शुरू किया जाएगा। चुनावी प्रक्रिया शांति पूर्व और खुशी के माहौल में सम्पन्न हो इसकी जिम्मेदारी जनपद के नेताओं और कार्यकर्ताओं की सबसे अधिक है।

जिला चुनाव पर्यवेक्षक और जिला चुनाव अधिकारी से विचार विमर्श करने वालों में मुख्य रूप से पूर्व सांसद रितेश पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, विधायक धर्म राज निषाद, निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ मिथिलेश त्रिपाठी,पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा, राम प्रकाश यादव, ज्ञान सागर सिंह, यमुना प्रसाद चतुर्वेदी, रमा शंकर सिंह, पूर्व विधायक



त्रिवेणी राम,अनीता कमल, संजू देवी, चेयर मैन चंद्र प्रकाश वर्मा, ब्लाक प्रमुख संजय सिंह, अनिल वर्मा, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि आनंद वर्मा, ओमकार गुप्ता, डॉ राना रणधीर सिंह, मनोज मिश्र, मेश चंद्र गुप्ता, डॉ रजनीश सिंह, सुमन पाण्डेय, विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू, रफ़त एजाज, बाबा राम शब्द यादव, दिलीप पटेल देव, सुरेश कन्नौजिया, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय आदि लोग शामिल रहे।

## कड़ाके की सर्दी में खूले में सो रहे पिता-पुत्र को भेजा रैन बसेरा

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** सर्द रात में खुले आकाश के नीचे फुटपाथ पर सो रहे पिता व दो पुत्रों को देखकर नगरायुक्त विनोद कुमार का निगम की व्यवस्था को देखकर पारा चढ़ गया। तत्काल एक्शन में आये नगरायुक्त ने वेंडिंग जोन में ही अस्थाई रैन बसेरा स्थापित कराकर कड़ाके की ठंड में ठिठुरते तीनों को वहां भेजा। बताते चलें कि मंगलवार रात नगरायुक्त अपर नगर आयुक्त और नगर निगम की टीम के साथ महानगर भ्रमण पर थे। तभी उन्हें कठपुला पर दो बच्चों के साथ एक अधेड़ सोते हुए मिले इसकी जब वजह पूछी गई तो पिता ने रैन बसेरे में जगह कम



रैन बसेरों में निरीक्षण करीते नगर आयुक्त

होने का हवाला दिया तब नगर आयुक्त ने बच्चों और अन्य लोगों के लिए अतिरिक्त रेन बसेरा तैयार करने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त के आदेश पर रात में ही नगर निगम ने कठपुला के निकट बने अस्थाई रैन बसेरे के बराबर खाली पड़े वैंडिंग जोन में रैन बसेरा बनवाया जहां पर दोनों बच्चे अपने पिता के साथ शिफ्ट हुए। बाद में नगर आयुक्त विनोद कुमार ने अन्य रैन बसेरों का भी निरीक्षण किया।

# संक्षिप्त ख़बरें

## महिलाओं की ज़िन्दगी बदल रहा है उषा सिलाई प्रशिक्षण तथा उत्पादन केंद्र - नवनिधि सिंह




**माल, लखनऊ!** बुधवार को राजधानी लखनऊ के माल कस्बा में उषा एवं पावर लिंक्स प्रोडक्शन सिलाई सेंटर का शुभारंभ हुआ। आपको बता दें कि कस्बा माल में उषा एवं पावर लिंक्स प्रोडक्शन सिलाई सेंटर का शुभारंभ बहुरानी माल नवनिधि सिंह के द्वारा किया गया।कार्यक्रम में लगभग एक सौ साठ महिलाओं को सिलाई मशीन प्रदान की गई।अपने संबोधन में बहुरानी नवनिधि सिंह ने कहा कि उषा सिलाई प्रशिक्षण तथा उत्पादन केंद्र ऐसा संस्थान है, जिसका मकसद ग्रामीण महिलाओं को एकजुट करना, उन्हें सिलाई-कढ़ाई में निपुण बनाना और बाज़ार के लिए उत्पाद तैयार करना है।इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष कुंवर माधवेंद्र देव सिंह,अजय प्रताप सिंह,दीपक गुप्ता,देशराज,बृजेश कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद रहें।

## सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमो का पालन करने हेतु किया गया जागरूक



**हरदोई** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) ने बताया है कि आज सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय, मे आई हुई जनता को सुशील कुमार, संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक), द्वारा सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई सड़क दुर्घटनाओ को रोकने हेतु क्या उपाय किया जाय। हेलमेट सीटबेल्ट न लगाने से क्या-क्या नुकसान है उसकी जानकारी प्रदान की गई एवं पम्पलेट, लीफलेट एवं बुकलेट बॉटे गये। जनपद के विभिन्न स्थानो पर यात्री कर अधिकारी विवेक सिंह द्वारा आम जनमानस को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमो का पालन करने हेतु जागरूक किया गया तथा पम्पलेट, लीफलेट एवं बुकलेट बॉटे गये। उक्त कार्यक्रम में विवेक सिंह, यात्री कर अधिकारी, प्रमोद कुमार यादव, यातायात निरीक्षक, कार्यालय स्टॉफ एवं प्रवर्तन कर्मचारी उपस्थित रहें।

## गाली गलौज के बाद फायरिंग मुकदमा दर्ज



**हरियावां।** थाना क्षेत्र के मदरावामें युवक पर राइफल से तीन राउंड फायरिंग का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के मदरॉवा गांव निवासी सुग्रीव सिंह पुत्र जगपाल सिंह ने शिकायत पत्र देकर बताया कि मंगलवार की शाम करीब 4ः00 बजे घर के बाहर आग जला रहा था तभी गांव के ही रामनरेश सिंह पुत्र भूरे सिंह गाली गलौज करने लगे पीड़ित द्वारा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर अपनी छत पर जाकर राइफल से करीब तीन राउंड फायरिंग की हालांकि इस घटना में किसी प्रकार की कोई जनहानिनहीं हुई। गोली कांड की सूचना पर स्थानीय पुलिस में हड़कंप मच गया तत्काल मौके पुलिस बल के साथ पहुंचे प्रभारी निरीक्षक दिनेश यादव ने जांच शुरू कर दी है।

## अभिमन्यु मांगलिक बने भदोही के नए एसपी



**भदोही।** मंगलवार की देर रात शासन द्वारा जनपद की पुलिस अधीक्षक रही डॉ. मीनाक्षी कात्यायन का स्थानांतरण गैर जनपद कर दिया गया। उनकी जगह सहारनपुर के अपर पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक जिले के नए एसपी बनाए गए। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक मूलरूप से यूपी के बुलंदशहर के रहने वाले हैं। इन्होंने कॉमर्स से बी कॉम करने के साथ सीए की पढ़ाई की है।ये 2018 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। वहीं पुलिस अधीक्षक डॉ. मीनाक्षी कात्यायन को पुलिस अधीक्षक क्षेत्रीय अभिसूचना कानपुर बनाया गया हैं।

# बीसवें दिन डी.एम. हरदोई के निर्देश पर राजस्व टीम ने जिओ टावर पर लगे जनरेटर की सील खोली

**● - जिओ टावर का पूर्ण रूप से संचालन होने पर नगर के उपभोक्ताओं ने खुशी जाहिर की।**



स्वतंत्र प्रभात

**बेनीगंज/हरदोई-** बुधवार को नगर में राजस्व विभाग की ओर से विद्युत चोरी के एक मामले में हुए जुर्माने के कारण उप जिलाधिकारी संडीला के निर्देश पर राजस्व टीम ने लगभग बीस दिन पहले जियो टावर पर लगे जेनरेटर को सील कर दिए जाने से नगर एवं आसपास के हजारों जियो उपभोक्ता इंटरनेट संचालन बंद रहने के कारण आक्रोशित थे। जुर्माने का देय जमा होने पर बुधवार को बीसवें दिन डी एम हरदोई के निर्देश पर राजस्व टीम ने सील खोली।

जिओ टावर का पूर्ण रूप से संचालन होने पर नगर के उपभोक्ताओं ने खुशी जाहिर की। इस मामले में संग्रह अमीन अनीत कुमार द्विवेदी ने बताया विद्युत चोरी के मामले में विद्युत विभाग द्वारा 17लाख 81हजार185 रुपए का जुर्माना किया गया था। जिसकी आर सी काटे जाने पर एस डीएम संडीला अरुणिमा श्रीवास्तव के निर्देश पर बेनीगंज के सिकलिन टोला में लगे जियो टावर पर लगे जेनरेटर को 20 दिसंबर 2024 को सील किया गया था। आज बुधवार को देय जमा होने पर जिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व टीम में शामिल अनीत कुमार द्विवेदी, विजय बहादुर संग्रह अमीन, पवन दीक्षित, प्रदीप यादव संग्रह अमीन,राम सहाय राजस्व सेवक की मौजूदगी में खोला गया है।

टीम में शामिल नायब तहसीलदार कोथावां रामकृष्ण श्रीवास्तव,अनुपमा वर्मा नायब तहसीलदार कछौना कार्यवाही दौरान मौजूद नहीं रहे। अवर अभियंता बेनीगंज सर्वेश कुमार ने बताया जियो के टावर का विद्युत कनेक्शन कई वर्ष पहले से कटा था। टावर ऑपरेटर चोरी से लाइन जोड़ कर संचालन कर रहे थे। सूचना पर चोरी पकड़े जाने पर की गई कार्यवाही के तहत जुर्माना किया गया था । विद्युत देय जमा किए जाने के लिए जारी नोटिस का जबाव न मिलने पर कंपनी के विरुद्धआर सी जारी की गई थी। जियो के अधिकारी नीरज सिंह ने बताया यह टावर रिलायंस अनिल अंबानी ग्रुप का था। जियो ग्रुप किराए पर चला रहा था। आरसी कटने पर विद्युत विभाग का मामला सामने आया जिसका निस्तारण कर दिया गया है। बेनीगंज सहित अमरगंज में लगे टावर का बकाया दस लाख का भुगतान सहित कुल 27, 81,185 रुपए कंपनी की ओर से एक सप्ताह पूर्व जमा कर दिया गया है।

# जिलाधिकारी मंगला प्रसाद के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज,महिला ग्राम सचिव निलंबित

**● - गलत मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने व रिश्वत मांगने के मामले में हुई कार्रवाई।**




स्वतंत्र प्रभात

**कोथावां/हरदोई-** हरदोई जिले के कोथावां तहसील क्षेत्र के अटवा गांव में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक व्यक्ति विश्वनाथ अपनी पत्नी शांती के निधन के बाद 19 दिसंबर 2024 को पत्नी का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए ग्राम सचिव सरिता देवी के पास गया था। आरोप है कि ग्राम सचिव ने पहले तो दो दिन तक उसे टालमटोल किया और बाद में 2000 रुपये की रिश्वत की मांग की। जब विश्वनाथ ने पैसे देने से मना कर दिया, तो ग्राम सचिव ने 3 जनवरी को उसकी पत्नी की जगह उसका खुद का मृत्यु प्रमाण पत्र तैयार कर दिया।

विश्वनाथ ने इस मामले की शिकायत जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह से की, जिसके बाद डीएम ने मामले को गंभीरता से लिया। महिला ग्राम सचिव को निलंबित कर दिया गया और उसके खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज की गई। साथ ही, युवक को उसकी पत्नी का सही मृत्यु प्रमाण पत्र सौंपा गया। इस घटना ने सरकारी कार्यों में भ्रष्टाचार की परत को उजागर किया है, जहां एक अधिकारी ने अपनी कर्तव्यनिष्ठा का उल्लंघन किया। यह मामला प्रशासन के लिए एक गंभीर चेतावनी है कि किसी भी सरकारी कर्मचारी को जनता से रिश्वत मांगने का अधिकार नहीं है। वही मामले पर विकासखंड अधिकारी कोथावां महेश चंद्र ने बताया मामला संज्ञान में आया है लेकिन अभी ग्राम सचिव निलंबन का कोई आदेश प्राप्त नहीं हुआ है।

# खुली बैठक में सर्वसम्मति से बिजनेस पाल को अध्यक्ष पद पर किया गया नामित

स्वतंत्र प्रभात



**कछौना, हरदोई।** विकासखंड कछौना की ग्राम सभा कामीपुर के ग्राम प्रधान महेंद्र पाल सिंह उर्फ मदन सिंह का असमय निधन होने से ग्राम प्रधान पद रिक्त हो गया था। जिससे ग्राम पंचायत के विकास कार्य प्रभावित न हो, प्रशासन के निर्देश पर वुधवार को ग्राम सभा कामीपुर के ग्राम सचिवालय में खुली बैठक नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में हुई। जिसमें आमजनमानस की खुली बैठक में सर्वसम्मति से ग्राम सभा के विकास कार्य संपन्न कराने के लिए अध्यक्ष पद पर बिजनेस कुमार पाल को नामित किया गया। तीन सदस्य टीम में ग्राम सदस्य किस्मतुन व ग्राम सदस्य प्रेम नारायण का चयन किया गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष बिजनेस कुमार पाल ने बताया पूर्व ग्राम प्रधान महेंद्र पाल सिंह उर्फ मदन भैया के सपनों व उनकी सर्वांगीण सोच को आगे ले जाएंगे। बिना भेदभाव के गांव के विकास कार्यों को कराएंगे। पात्र व्यक्तियों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रयास करेंगे। ग्राम सभा में नियमित रूप से सफाई कार्य कराया जाएगा। शिक्षा के लिए विशेष कार्य कराया जाएगा। कोई बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाए। इस खुली बैठक में कानूनगो रविंद्र कुमार सिंह, एडीओ पंचायत संतोष कुमार, ग्राम सचिव धीरेंद्र कुमार सिंह, निर्वाचित अध्यक्ष बिजनेस पाल, सदस्य गण सहित ग्राम सभा के आम जनमानस ने प्रतिभाग किया।

# राम जी करेंगे तुझे भव सागर से पार

**● - श्री कृष्ण जन्म सेवा दल ने पौष माह की अष्टमी पर आयोजित किया 87वॉं हनुमान चालीसा पाठ सहित भजन संकीर्तन कार्यक्रम**

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई** श्री हरि के प्रिय भक्त प्रहलाद की जन्म व् कर्म पावन भूमि हरदोई में अपने निरंतर सत्तासीवे मंगलपाठ के क्रम में श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने भक्त प्रहलाद नगरी हरदोई के कई मंदिरो में एक साथ धार्मिक आयोजन कर माहौल को श्री हरि के रंग में रंग दिया 7 आज श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने श्री बैजनाथ धाम मंदिर सराय थोक, श्री खेतुई बाला जी मंदिर, श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवेगंज, श्री हनुमान मंदिर कमालगंज, श्री महादेव मंदिर ग्राम काईमाऊ, श्री महावीर मंदिर गंज जलालाबाद मल्लावां में भजन कीर्तन कार्यक्रम कर माहौल को भक्ति पूर्ण बना दिया।

महिला प्रकोष्ठ जिला प्रमुख विनीता पांडे के नेतृत्व में मोहल्ला सरायथोक में श्री बैजनाथ धाम मंदिर में बहनों ने काफी संख्या में भाग लेकर हनुमान चालीसा, राम स्तुति ,बजरंग बाण व् आरती के साथ हनुमान जी के भजनो का गुणगान किया द्य इस अवसर पर जिला महिला प्रभारी विनीता पांडेय ने कहा कि आज पौष माह की अष्टमी तिथि और मंगलवार है श्री हरि के साथ बजरंगबली की पूजा के लिए ये दिन बेहद खास होता है

इस मौके पर महिला संगठन की संयोजक पुष्पा मिश्रा, वीणा त्रिपाठी, बॉबी ओमर, अलका गुप्ता, अमृता सिंह, नीलम गुप्ता, अमृता सिंह, संगीता गुप्ता, सुमन गुप्ता, अनुराधा गुप्ता, चन्दा पांडेय, आर्या गुप्ता, मोनिका गुप्ता, विद्या पांडेय, आरती गुप्ता, राधा गुप्ता, अनीता मिश्रा, आरती मिश्रा, रानी शुक्ला आदि बहनों समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे महिला जिला युवा सह प्रभारी संध्या श्रीवास्तव व् सांस्कृतिक संयोजक संकेत तिवारी के नेतृत्व में श्री खेतुई बाला जी मंदिर पर लोगो ने काफी संख्या में भाग लेकर सुंदर कांड के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया इस अवसर पर रीता गुप्ता, अनीता कटियार, उमाकांति, रामेश्वरी कश्यप, रजनी कटियार, पूनम मिश्रा, राधे मिश्रा, भावना, रिंकी सिंह, अनीता कश्यप, सरिता, पिंटू कश्यप, नितिन, अभिलाष और क्षमा त्रिवेदी आदि सदस्यो ने सामूहिक मंगल पाठ में भाग लियामहिला प्रभारी मंजू गुप्ता के नेतृत्व में श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवेगंज में जिला युवा प्रभारी अजय दीक्षित ने सभी को हनुमान चालीसा व् हनुमान अष्टक का पाठ करवाया पुजारी नारेन्द्र मिश्रा व् पंडित रवि शंकर मिश्रा ने आरती व् पूजन अर्चन संपन्न कराया इस अवसर पर भजन गायक वेद प्रकाश गुप्ता राजू ने भजन हे बाला जी के जयकारे, देवो में देव सिद्ध तुम्ही हनुमान



तुम्हारा क्या कहना, हरि बोलो तो श्याम आएंगे, ओ बजरंगी मुझे राम से मिला दे आदि भजन सुना लोगो को झूमने पर मजबूर कर दिया इस मौके पर वेद प्रकाश गुप्ता, विजय अग्रवाल, नीलम जिंदल, पंकज गुप्ता, नीलम जिंदल, अपूर्व द्विवेदी, अंशिका अग्रवाल, मुस्कान अग्रवाल, अवध राज, अक्षत गुप्ता, सचिन शुक्ला, आदित्य सिंह, मोहित शुक्ल, संदीप श्रीवास्तव, गौरव गुप्ता, शोभित गुप्ता, आस्था श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे समिति सचिव गौरव अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा की अभी भी वक्त है सभी हिन्दुओ को एकजुट होकर अपने नजदीकी हनुमान मंदिर पर एकत्र होना पड़ेगा क्यूकि अगर हम बटेगे तो कटने के शिकार होंगे ग्राम काईमाऊ में युवा प्रभारी सुमित तिवारी के नेतृत्व में मंगल पाठ हुआ मल्लावां में आकाश गुप्ता व् वंश कटियार के नेतृत्व में काफी संख्या में मौजूद लोगो ने सामूहिक मंगल पाठ किया।

# बादाम समझ कर बच्चों ने खाया जहरीला फल 8 बच्चों की हालत बिगड़ने पर अस्पताल में कराया भर्ती

स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर** जनपद सीतापुर में गांव के बाहर देर शाम खेलते समय पेड़ के टूटे हुए जहरीले फलों को बादाम समझकर खा लेने से उनकी हालत बिगड़ गई परिजनों ने आनन फानन में सभी 8 बच्चों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका उपचार चल रहा है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल में भर्ती बच्चों और परिजनों से उनका हाल जाना। मामला खैराबाद थाना इलाके का है यहां आधा दर्जन से अधिक बच्चों की जहरीला फल खाने से हालत बिगड़ गई जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम अहमदनगर के करीब 8 बच्चे जिनमें शमी 7 वर्ष, मिस्बाह 9 वर्ष, गुलबसा 12 वर्ष, अहद 6 वर्ष, जिक्रा 5 वर्ष, अरशद 7 वर्ष, शिफा 8 वर्ष और जसीम 10 वर्ष एक साथ गांव के बाहर मंगलवार की देर शाम खेलने गए थे।

बताया जाता है कि खेलने के दौरान बच्चों ने एक जहरीले पेड़ से टूटे पड़े जमीन पर फलों को बादाम समझ कर खा लिया। देर शाम घर पहुंचने पर बच्चों की हालत बिगड़ने लगी जिसके बाद आनंद फानन में परिजन बच्चों को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका उपचार चल रहा है। आठ बच्चों की हालत बिगड़ने की



सूचना पाकर मौके पर पहुंचे सीओ सिटी अमन सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मियों ने घायल बच्चों और परिजनों से बातचीत कर उनका हाल जानकर समुचित इलाज का आश्वासन दिया।

# अवैध संबंध और जमीनी रंजिश में आरिफ की हुई हत्या का पुलिस ने किया खुलासा, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात




**सीतापुर** जनपद सीतापुर में 25 दिन पूर्व घर के बाहर धारदार हथियार से युवक की हत्या मामले का पुलिस ने खुलासा करने का दावा किया है पुलिस का दावा है कि पत्नी से अवैध संबंध व पुरानी जमीनी रंजिश के चलते युवक की बांके से हमलाकर हत्या की गई थी छानबीन के बाद घटना के 25 वें दिन पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए हत्यारोपी को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बांका बरामद कर लिया है। मामला सदरपुर थाना इलाके का है यहां बीती 14/15 दिसंबर की रात थाना क्षेत्र के घरथरी चौराहा स्थित घर के बरामदे में सो रहे पट्टीपुरवा धरमपुर के आरिफ (38) पुत्र अय्यूब की बांके से हमलाकर हत्या कर दी गई थी केस दर्जकर पुलिस की तीन टीमें व एसओजी टीम घटना के खुलासे के लिए प्रयासरत थी मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने की आज सुबह करीब साढ़े छह बजे पोखराकलां में घरथरी मोड़ पर संदिग्धों की चेकिंग शुरू की तो सामने से एक युवक आता दिखाई दिया।

पुलिस का दावा है कि पुलिस द्वारा टोंकने पर युवक भागा जिसे पुलिस टीम ने पकड़ लिया पूछताछ में युवक ने अपना नाम मूल निवासी रेउसा के भिठना फर्र हाल पता पट्टीपुरवा धरमपुर के हकीक पुत्र करमुद्दीन बताया। पूछताछ करने पर युवक ने रात को घरथरी चौराहे पर आरिफ की बांके से हमलाकर हत्या करना स्वीकार कर लिया हकीक ने बताया कि उसे शक था कि उसकी पत्नी से अवैध संबंध थे और 14 दिसंबर को खेत की जुताई को लेकर उसका विवाद भी हुआ था इसी के बाद उसने आरिफ को मारने का प्लान बना लिया था रात में मौका मिलने पर उसने घटना को अंजाम दे डाला आरिफ की निशानेही पर पुलिस पर घटना में प्रयुक्त बांका भी बरामद कर लिया और हत्यारोपी हकीक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## गुम हुए बालक को खोजने के लिए मुख्यमंत्री को संबंधित उप जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात

**बिसवां/सीतापुर** बीती 27 दिसम्बर को गुलजार शाह मेले से गायब हुए 3 वर्षीय बालक कार्तिक के लिए समाज के संवेदनशील तबके ने कोशिशें शुरू कर दी हैं। अब कोशिशें वही कर सकते हैं जो जीवित लोग हैं उन लोगों से क्या उम्मीद की जा सकती है जो सिर्फ चुनाव के समय जनता के रहनुमा बनते हैं। आप अपनी संवेदनहीनता को छिपाने के लिए यह कह सकते हैं कि अपना दल कमेरावादी का बिसवां में क्या वजूद है और आशीष गुप्ता बीते पालिका चुनाव में कितने वोट पाए थे? लेकिन यह आपका राजनीतिक दृष्टिकोण होगा, यहां प्रश्न एक अबोध बालक की गुमशुदगी का है, यहां प्रश्न आपकी सामाजिकता है, यहां प्रश्न आपकी संवेदनशीलता का है, यहां प्रश्न लॉ एंड ऑर्डर का है। अगर एक मासूम बालक के खोने की कसक आपके दिल में नहीं है,




खोए बालक के रोते बिलखते माता पिता के आंसुओं का आपके लिए कोई मोल नहीं है तो आप चुनाव में चाहे 90000 से ज्यादा वोट पाकर हार चुके हों या 100000 से ज्यादा वोट पाकर चुनाव जीत चुके हों। वास्तव में आप नेता कहलाने लायक हैं ही नहीं, आप तो सिर्फ पद लोलुप और राजनीतिक कामेंच्छाधारी व्यक्ति हैं।

"आप सिर्फ एक हृदय विहीन बुद्धि हैं" आज कमेरावादी के जिला अध्यक्ष इंद्रपाल वर्मा ने मुख्यमंत्री को संबोधित उपजिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में बालक



कार्तिक को ढूंढने के लिए 2 सप्ताह का समय दिया है और कहा है कि यदि इतने दिनों के भीतर बालक नहीं मिला तो पार्टी आंदोलित होने के लिए मजबूर होगी। वहीं समाजवादी पार्टी के व्यापार सभा के जिला अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी बिसवां को सौंपते हुए कहा कि बालक कार्तिक का जल्द से जल्द पता लगाया जाना आवश्यक है। दोनों नेताओं ने ज्ञापन के माध्यम से यह भी कहा कि इसकी जांच क्राइम ब्रांच यह किसी केंद्रीय एजेंसी से कराई जाए।

# आउट सोर्सिंग निविदा, संविदा कर्मियों को हटाने पर विरोध, ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई** शाहाबाद उत्तर प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन निविदा, संविदा कर्मचारी संघ ने विद्युत उपकेंद्र इस्लाम गंज, शाहाबाद के अवर अभियंता को ज्ञापन देकर पुराने संविदा एवं आउट सोर्सिंग कर्मियों को हटाने का विरोध किया है। उत्तर प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन निविदा, संविदा कर्मचारी संघ ने 01 जनवरी÷2025 से 33/11 के वी विद्युत उप केंद्रों के परिचालन एवं अनुरक्षण कार्य हेतु मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा मे. वर्ल्ड क्लास सर्विसेस लिमिटेड द्वारा 185 कर्मियों को शहरी क्षेत्र में एवं 135 कर्मचारियों को ग्रामीण क्षेत्र में तैनात करने हेतु अनुबंध किया गया है। जिससे वर्षो से कार्य कर रहे आउट सोर्सिंग कर्मचारी बेरोजगार हो जायेंगे। तथा अन्य कर्मियों पर



भार अधिक पड़ने से दुर्घटनाओं में वृद्धि होगी। तथा विद्युत विभाग का कार्य प्रभावित होगा। इस समस्या के दृष्टिगत उचित समाधान करें अन्यथा विद्युत कर्मचारी आंदोलन के लिए विवश होंगे। ज्ञापन देने वालों में संघ के अध्यक्ष राजेश गुप्ता, प्रमोद मिश्र, आशुतोष रस्तोगी, सर्वेश कुमार, अरुण कुमार श्रीवास्तव, अंबेद कुमार, सौम्य वर्मा, माया प्रकाश, गोविंद बाजपेयी, राजेश रावत, मुकेश, अजनीश, बिजनेश, विजय, अनवर अंसारी, अल्ताफ खां सहित अनेक कर्मचारी शामिल रहे।

# अंतिम दिवस सुदामा चरित के साथ हुआ समापन

स्वतंत्र प्रभात

**हरियावां।** कस्बे के श्री सिद्धेश्वर नाथ महादेव मंदिर पर चल रही भागवत कथा सप्ताह महायज्ञ के अंतिम दिवस पर कथा व्यास श्री बालकृष्ण शुक्ला ने सुदामा चरित्र लीला का वर्णन सुनते हुए कहा कि अगर मित्रता निभानी है तो कृष्ण की तरह निभानी चाहिए कृष्णा और सुदामा की मित्रता बचपन से शुरू हुई और अंत तक भगवान श्री कृष्ण द्वारा निभाई गई।



बताया कि बचपन में भगवान श्री कृष्ण और सुदामा गुरु संदीपन के यहां विद्या ग्रहण करने जाते है। इस दौरान दोनो लकड़ी तोड़ने दोनों गए हुए थे इस दौरान सुदामा को भूख लगती है तो सुदामा चने खाने लगते हैं जब कृष्ण द्वारा पूछा जाता है कि मित्र क्या खा रहे हो तो सुदामा कहते हैं कुछ नहीं ठंड में दांत कट कटा रहे हैं इस प्रकार विद्या अध्ययन के बाद दोनों अपने-अपने नगर को चले जाते हैं जहां भगवान श्री कृष्ण कंस का वध करने के बाद, तमाम लीलाएं करते हुए द्वारकाधीश कहलाए और वही सुदामा गरीब ब्राह्मण बनकर जीवन यापन करने लगे सुदामा भगवान श्री कृष्ण से मिलने द्वारिका जाते हैं सुदामा की दशा देखकर भगवान श्री कृष्ण बड़ा व्याकुल होकर रोने लगते हैं। तत्पश्चात भगवान धन-धान, संपदा देकर विदा करते हैं इस प्रकार भगवान श्री कृष्णा अपनी मित्रता निभाते हैं।

# नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 18 जनवरी को

**हरदोई** प्रभारी प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय, इटारा पिहानी रमेश सिंह ने बताया है कि जवाहर नवोदय विद्यालय हरदोई में कक्षा 06 में प्रवेश हेतु ज0न0वि0 चयन परीक्षा दिनांक 18 जनवरी 2025 दिन शनिवार को होनी है। परीक्षा में बैठने वाले सभी परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे हमारी वेबसाइट navodaya.gov.in पर दिये गये लिंक से अपने प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर लें, ताकि सर्वर की किसी भी तरह की परेशानी से बचा जा सके। ज्ञात हो कि यह प्रवेश परीक्षा 18 जनवरी 2025 दिन शनिवार को प्रातः 11ः00 बजे से प्रारम्भ होगी। सभी परीक्षार्थी अपने प्रवेश पत्र




के साथ निर्धारित परीक्षा केन्द्रों प्रातः 10:00 बजे तक अवश्य उपस्थित हो जाए।

# संक्षिप्त ख़बरें

## शांति सुरक्षा कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा कस्बा अमेठी में किया गया पैदल गश्त



**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक द्वारा शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा ÷मिशन शक्ति÷ नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के दृष्टिगत महिलाओं/बालिकाओं एवं आमजनमानस में सुरक्षा व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस बल के साथ कस्बा अमेठी में भीड़भाड़ एवं संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त किया गया तथा मुख्य मार्गों एवं चौराहों आदि पर विशेष चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं, वाहनों तथा नई उम्र के लड़कों की चेकिंग व पूछताछ की गई तथा वहाँ पर मौजूद स्थानीय लोगों एवं दुकानदारों से वार्ता की गई।

## शराबी पति ने शराब के नशे में पत्नी को लाठी डंडों से जमकर मारा पीटा मुकदमा दर्ज

**महराजगंज/ रायबरेली-** कोतवाली क्षेत्र के कुबना गांव में बीती रात एक शराबी पति ने शराब के नशे में पत्नी को लाठी डंडों से जमकर मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी। चोटहिल महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पति के खिलाफ डॉक्टरी जांच पड़ताल कराकर गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। बताते चलें कि, कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में वादिनी आरती सिंह पत्नी करन सिंह ने कहा है कि मेरे पति करन सिंह पुत्र दिग्पाल सिंह निवासी ग्राम कुबना मंगलवार की शाम 7~00 बजे शराब पीकर घर आए और गाली गलौज करने लगे, मना करने पर लाठी डंडों से मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी जिससे मेरे शरीर पर गंभीर चोटे आई हैं। मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव का कहना है कि, पीड़िता की तहरीर पर डॉक्टरी जांच पड़ताल कराकर पति के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है जांच की जा रही है।

## सिंचाई बंधु की मासिक बैठक 15 जनवरी को

**सोनभद्र।** जनपद सोनभद्र की सिंचाई बंधु की मासिक बैठक 15 जनवरी, 2025 को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चौधरी चरण सिंह निरीक्षण गृह, बढ़ौली राबर्ट्सगंज में आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता उपाध्यक्ष सिंचाई बंधु लाल बहादुर पाण्डेय करेंगे।अधिशासी अभियंता एवं सचिव सिंचाई बंधु ने बताया कि यह बैठक हर महीने के दूसरे मंगलवार को आयोजित की जाती है। इस बैठक में जिले के किसानों द्वारा सामने रखी गई सिंचाई संबंधी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। सभी जन प्रतिनिधिगण और संबंधित अधिकारियों से अपील की गई है कि वे इस बैठक में उपस्थित होकर किसानों की समस्याओं के निराकरण में योगदान दें।

## स्टाम्प कमी के वादों का शीघ्र निस्तारण

**सोनभद्र।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र ने बताया है कि जिले में स्टाम्प कमी से संबंधित लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए एक विशेष समाधान योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत, 31 मार्च, 2025 तक सभी पक्षकारों को कमी स्टाम्प की राशि और ब्याज जमा करने का मौका दिया जाएगा। यदि कोई पक्षकार इस अवधि के दौरान यह राशि जमा करता है, तो मामला मात्र 100 रुपये के टोकन जमा करवाने पर निपटा दिया जाएगा। यह कदम उन लोगों के लिए राहत की खबर है जो लंबे समय से स्टाम्प कमी के मामलों में फंसे हुए हैं। इस योजना से न केवल लोगों को न्याय मिल सकेगा बल्कि अदालतों पर भी बोझ कम होगा।

## मारपीट कर छोटे भाई को घर से निकाला


**अलीगढ़।** थाना नगर कोतवाली इलाके के भुजपुरा ठाकुर वाली गली निवासी एक भाई ने अपने ही बड़े दबंग भाइयों पर आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए शिकायत की है। छोटे भाई का आरोप है कि उसने अपनी शादी अपनी मर्जी से की थी उसकी पत्नी गरीब परिवार से संबंध रखती है। दहेज में कुछ न मिलने के कारण उसके बड़े भाइयों ने उसको और उसकी पत्नी को मारपीट कर घर से निकाल दिया है। उनका कहना है कि पहले 50 हजार रूपये लेकर आओ तब इस घर में रहोगे। क्षेत्रीय पुलिस ने मामले में कोई कार्यवाही नहीं की जिसके चलते पीड़ित ने बुधवार की दोपहर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कराए जाने हेतु जिलाधिकारी ने प्रधानों से की अपील

**● - अपनी ग्राम पंचायत के समस्त किसान बंधुओ की फार्मर रजिस्ट्री आईडी जरूर बनवाएं ग्राम प्रधान**

स्वतंत्र प्रभात

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने जनपद के समस्त ग्राम प्रधानों से अपील करते हुए कहा है कि शासन की महत्वाकांक्षी योजना एग्रीस्टैक के अंतर्गत किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री तैयार की जानी है इस योजना के अंतर्गत जनपद में फार्मर रजिस्ट्री कराए जाने का कार्य समस्त राजस्व ग्रामों में चल रहा है जिसे दिनांक 20 जनवरी 2025 तक शत प्रतिशत पूर्ण कराया जाना अनिवार्य है। कृषि क्षेत्र के विकास से जुड़ी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में ग्राम प्रधान का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। उन्होंने सभी ग्राम प्रधानों से अपील करते हुए कहा कि आप लोग अपनी-अपनी ग्राम पंचायत के किसान बंधुओं की फार्मर रजिस्ट्री जरूर करवाएं इसके लिए आप अपने ग्राम पंचायत के किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री हेतु कृषकों के आधार कार्ड, मोबाइल नंबर एवं खतौनी की छाया प्रति के साथ अपने नजदीकी जन सेवा केंद्र, कृषि एवं राजस्व विभाग के संयुक्त कैंप तथा स्वयं के माध्यम से रजिस्ट्रेशन हेतु किसानो को प्रोत्साहित करते हुए फार्मर रजिस्ट्री कराएं। इसके साथ ही अपनी अपनी ग्राम पंचायत में किसानों को योजना से होने वाले लाभ जैसे कि पीएम किसान सम्मन निधि योजना अंतर्गत आगामी किस्त प्राप्त करने हेतु फार्मर रजिस्ट्री आईडी अनिवार्य है बिना फॉर्मर रजिस्ट्री के अगली किस्त नहीं प्राप्त होगी, किसानों को फसल बीमा हेतु किसान क्रेडिट कार्ड, एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड एवं कृषि के विकास हेतु अन्य ऋण प्राप्त करने हेतु किसान फार्मर रजिस्ट्री आवश्यक होगी, फसल बीमा का लाभ प्राप्त करने में



सुगमता होगी, इसके साथ ही आपदा प्रबंधन के अंतर्गत कृषको को क्षतिपूर्ति हेतु कृषको का चिन्हांकन करने में सुगमता होगी, फार्मर रजिस्ट्री करने से किसान भाइयों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने तथा कृषि एवं संबद्ध विभागों को फार्मर रजिस्ट्री पर उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर योजनाओं का लाभ वितरण करने में सुगमता होगी, लाभार्थी कृषक भाइयों का बार-बार सत्यापन करना आवश्यक नहीं होगा आदि चीजे बताएं।

## कूट रचित स्टीकर लगाकर नकली कैस्ट्रॉल ऑयल बेचने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**● - कब्जे से 900 एमएल के 140 नग नकली कैस्ट्रॉल आयल बरामद**

स्वतंत्र प्रभात

**अमेठी।** अंसार खाँन, ऑपरेशन मैनेजर सी.थ्री.आई. कन्सल्टेन्ट इण्डिया प्रा.लि. (मेसर्स कैस्ट्रॉल लि. में शिकायत देने के लिये अधिकृत) द्वारा थाना इन्हौना पर सूचना दी गयी कि अजय कुमार शुक्ला पुत्र स्व0 जय नारायण शुक्ला ग्राम बनमऊ बाबा बाजार जनपद अयोध्या जो कस्बा इन्हौना में अजय ट्रेडर्स के नाम से दुकान खोले हुए हैं एवं नकली कैस्ट्रॉल कंपनी का ऑयल कूट रचित स्टीकर लगाकर बेचते हैं । उक्त सूचना पर उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार सिंह थाना इन्हौना द्वारा पुलिस बल व अंसार खाँन उपरोक्त के साथ अजय ट्रेडर्स दुकान की तलाशी से 05 कार्टन में 100 नग कैस्ट्रॉल कंपनी का नकली 900 एमएल ऑयल व अजय कुमार शुक्ला उपरोक्त की बोलेरो गाड़ी सं0 क्क32 स्क्क2622 की तलाशी से 02 कार्टन में 40 नग कैस्ट्रॉल कंपनी का नकली 900 एमएल ऑयल बरामद हुआ। बोलेरो वाहन के कागज मांगने पर दिखा न सका। गिरफ्तारी





का कारण बताते हुए अजय कुमार शुक्ला उपरोक्त को मौके से ही गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदी के संबंध में थाना इन्हौना पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई।

## महाकुंभ दर्शनार्थियों को जागरूक करेगी नगर पंचायत

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे से होकर गुजरने वाले महाकुंभ दर्शनार्थियों को नगर पंचायत की ओर से जागरूक किया जाएगा। नगर सीमा में जगह-जगह साइन बोर्ड लगाकर महाकुंभ के रास्ते को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके अलावा कस्बे के बेहटा चौराहा से लेकर डलमऊ बाईपास दतौली मार्ग तक सड़क के दोनों और साफ सफाई की जाएगी। जिसको लेकर नगर पंचायत प्रशासन तैयारी में जुट गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता ने बताया कि महाकुंभ के महत्व को देखते हुए नगर से होकर गुजरने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए तैयारियां की जा रही हैं।

जगह-जगह होर्डिंग साईन बोर्ड लगाकर श्रद्धालुओं को जागरूक किया जाएगा। कस्बे के नवीन कृषि मंडी परिसर के निकट निर्मित शौचालय को खोला जाएगा। इसके अलावा डलमऊ रोड पर ओवर ब्रिज के बगल बने पिंक शौचालय को भी सक्रिय किया जाएगा। बेहटा चौराहा से लेकर दतौली तक सड़क के दोनों और साफ सफाई की जाएगी। नगर पंचायत कार्यालय परिसर में बने रैन बसेरे को और अधिक सुविधाजनक बनाया जाएगा, ताकि रात्रि के समय महाकुंभ दर्शन के लिए जाने वाले किसी भी श्रद्धालुओं को ठहरने का समुचित इंतजाम किया जा सके। वही बीडीओ गगनदीप सिंह ने बताया कि विकासखंड क्षेत्र सीमा में हाईवे के किनारे महाकुंभ के महत्व को दर्शाती वॉल पेंटिंग की जाएगी। पोस्टर बैनर के जरिए स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा।

## आरेडिका में प्रगति पत्रिका के दिसम्बर अंक का हुआ विमोचन

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)।** आधुनिक रियल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) में बुधवार को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक संपन्न हुई। इस दौरान प्रगति पत्रिका के दिसंबर अंक का विमोचन किया गया। महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पिछली त्रैमासिक में राजभाषा पर किये गये कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। अफसरों ने आगामी राजभाषा संबंधी क्रियाकलापों पर चर्चा की। प्रगति पत्रिका में आरेडिका के सभी विभागों से संकलित लेखों में काव्य संग्रह, कहानियां, संस्मरण, रेखाचित्र सहित अन्य विधाओं को शामिल किया गया है। महाप्रबंधक ने प्रगति पत्रिका के इस अंक में प्रकाशित लेखों की सराहना की।

मुख्य राजभाषा आधिकारी रूपेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि प्रगति पत्रिका के तीन सर्वश्रेष्ठ रचनाकारों को पुरस्कृत किया जाएगा। जिससे अन्य लोगों को भी राजभाषा में लेखन को प्रोहत्सान मिलेगा। बैठक में आरेडिका के पीएफए बीएल मीना, पीसीएमई विवेक खरे, पीसीईई हरीश चन्द्र, पीसीएमएम राजीव खण्डेवाल, पीसीएससी



रमेश चन्द्र, मुख्य राजभाषा आधिकारी रूपेश कुमार श्रीवास्तव, राजभाषा अधिकारी राजेश कुमार सहित अन्य विभागों के अफसर मौजूद रहे।

## कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया अपने जनप्रिय नेता सुशील पासी का जन्मदिन

स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज/रायबरेली।** कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा अपने जनप्रिय नेता व बिहार प्रभारी सुशील पासी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। बताते चलें कि, आज दिन बुधवार को दोपहर 2:00 बजे क्षेत्र के खैरहना तिराहे पर कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व बिहार प्रभारी सुशील पासी का जन्मदिन हर्सोल्लास के साथ कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा मनाया गया। तथा कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अपने जनप्रिय नेता सुशील पासी को 51 किलो की माला पहनाकर प्रतीक चिन्ह देकर व केक काटकर धूमधाम से जन्मदिन मनाया। तो वहीं कार्यक्रम में पहुंचे रायबरेली नगर पालिका अध्यक्ष सत्रोहन सोनकर व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद इलियास उर्फ मन्नी व जिला पंचायत सदस्य वीरेंद्र यादव, मोहम्मद उमर, अजमल खान, बाबू खां की मौजूदगी में खैरहना तिराहे पर जनप्रिय नेता सुशील पासी की मौजूदगी में केक काटकर एक दूसरे को मुंह मीठा करा कर जन्मदिन मनाया गया, तो वहीं मौजूद कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व बिहार के प्रभारी तथा गरीबों के मसीहा सुशील पासी ने उपस्थित जन सैलाब को संबोधित करते हुए कहा कि, आप सभी लोगों के आशीर्वाद से इस मुकाम पर पहुंचा हूं तथा आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कि, जिस विश्वास और उम्मीद के साथ आप सभी ने आज तक हमारे कंधे से कंधा मिलाकर हमको सहयोग देकर इस काबिल बनाया है कि, मैं आप सभी की सेवा कर सकूं मैं आम जनमानस व आप सभी की हर संभव मदद के लिए हमेशा तैयार रहा हूं और रहूंगा, विश्वास दिलाता हूं कि, कांग्रेस पार्टी के किसी भी कार्यकर्ता पर किसी प्रकार का प्रशासनिक या पुलिसिया उत्पीड़न किया गया तो उसका सुशील पासी मुंहतोड़ जवाब देगा। एक बार पुनः सभी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को व उपस्थित जन समुदाय को जन्मदिन पर बधाई देता हूं व आशीर्वाद की कामना करता हूं।

इस मौके पर अजमल खान, मोहम्मद उमर, जसीम अहमद, सफीर अहमद, आरिफ अहमद, फारूख, आसिफ अली, महफूज अली, राजू खान, बुग्गा, शिवकिशोर प्रधान इस्तिखार अहमद, बाबू खां, छेदी पासी, भगवान दीन फौजी, विचित्र चौधरी, अर्जुन पासी, सच्चिदानंद त्रिपाठी, महेश कश्यप, जीतू शुक्ला, रमेश पासी, बृजेश पासी, विंदा पासी सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## ओबरा पलिस टीम द्वारा 01 नफर वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**ओबरा/सोनभद्र-** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के कुशल निर्देशन में जनपद में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी ओबरा हर्ष पाण्डेय के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक ओबरा राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में बुधवार को काफी समय से फरार चल रहे वारंटी/ अभियुक्त अवधेश कुमार पुत्र मेवा लाल निवासी



सेक्टर-6 ई 274 ओबरा कॉलोनी ओबरा सोनभद्र उम्र करीब 38 वर्ष जिसके विरुद्ध मा. न्यायालय द्वारा जारी वारंट मु0अ0सं0-1118/13 धारा 401 भादवि निर्गत एनबीडब्लू / 82 सीआरपीसी के तहत गिरफ्तारी का आदेश जारी हुआ था। जिसकी गिरफ्तारी बुधवार को समय 07.10 बजे ओबरा पुलिस द्वारा की गई तथा संबंधित को न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में मुख्य रूप से उप निरीक्षक भानू प्रताप सिंह व हे. का. ओमकार यादव शामिल रहे।

# पत्रकार मुकेश चंद्राकर हत्याकांड लोकतंत्र पर गहरा घात, पत्रकारों ने शोक सभा का आयोजन कर दी श्रद्धांजलि

स्वतंत्र प्रभात

**डाला (सोनभद्र)** बुधवार दोपहर डाला शहीद स्मारक स्थल पर स्थानीय पत्रकारों द्वारा राजवंश चौबे की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान दिवंगत पत्रकार मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्या के प्रति विरोध जताया गया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बता दें कि मुकेश चंद्राकर एक नेशनल न्यूज चैनल के लिए स्वतंत्र पत्रकार के तौर पर काम करते थे और उन्होंने 'बस्तर जंक्शन' नाम का एक यूट्यूब चैनल भी बनाया था, जिसके करीब 1.59 लाख सब्सक्राइबर हैं। ऐसी चर्चा है कि बीजापुर में सड़क निर्माण कार्य में कथित भ्रष्टाचार को उजागर करने वाली एक खबर चलने के बाद मुकेश की हत्या कर दी गई। कार्यक्रम के समापन पे सभी पत्रकारों द्वारा दिवंगत पत्रकार के आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन भी रखा गया। शोक सभा के समापन के उपरांत पत्रकारों द्वारा अत्यधिक ठंड व शीतलहर को देखते हुए स्थानीय जरूरतमंदों में कंबल वितरण किया गया। इस शोक सभा में पत्रकार



अजीत सिंह ने अपने पत्रकार साथियों के साथ गरीब असहाय लोगों को कंबल बांट कर यह संदेश दिया है कि मृत पत्रकार मुकेश चंद्राकर जनता की सेवा के लिए समर्पित थे। इससे न केवल मृत पत्रकार को श्रद्धांजलि मिलती है, बल्कि जरूरतमंद लोगों की भी मदद होती है। यह कार्य लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकारिता के महत्व को भी उजागर करता है। पत्रकार समाज की आवाज होते हैं और वे अक्सर समाज के लिए कई तरह के काम करते हैं। यह कार्य पत्रकारिता में मानवीय मूल्यों को भी दर्शाता है। पत्रकार सिर्फ खबरें नहीं देते, बल्कि वे समाज के लिए कुछ करने की भी कोशिश करते हैं। इस दौरान शोक सभा में राजकिशोर गुप्ता, आरिफ़ सैयद, राम प्यारे, अर्जुन सिंह, जगदीश तिवारी, अनिकेत श्रीवास्तव, मंटू शर्मा, नीरज पाठक, सोनू पाठक, अभिषेक शर्मा, गुड्डू पटेल, मिथलेश भारद्वाज, गिरीश तिवारी, शशि चौबे, शुइब खान, अनिल अग्रहरी, संजय केसरी, मुन्ना तिवारी आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# रामगढ़ में भव्य दंगल का आयोजन, सुल्तानपुर के अंगद केसरी व नेपाल के लकी थापा हुए विजेता

**● - महाविद्यालय के प्रबंधक हनुमान प्रसाद सिंह के जन्मदिन पर आयोजित हुआ कार्यक्रम**

**फाइनल चैंपियनशिप में बाजी करने वाले पहलवानों को किया गया सम्मानित**



स्वतंत्र प्रभात

**लंभुआ।** सुल्तानपुर कमला प्रसाद सिंह महाविद्यालय रामगढ़ के प्रबंधक हनुमान सिंह के जन्मदिन पर प्रदेश स्तरीय विशाल दंगल प्रतियोगिता में सैकड़ो की संख्या में पहलवानों ने हिस्सा लिया और फाइनल चैंपियनशिप में सुल्तानपुर के अंगद सिंह तथा नेपाल से लकी थापा ने बाजी मारी। सभी विजयी पहलवानों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

लंभुआ क्षेत्र के केपी सिंह पीजी कॉलेज मथुरा नगर रामगढ़ में विशाल दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नेपाल व प्रदेश स्तर के तथा विभिन्न जनपदों के पहलवान शामिल हुए। फाइनल चैंपियनशिप अंगद सिंह सुल्तानपुर एवं लकी थापा नेपाल,रवि शंकर दास अयोध्या, बबलू पहलवान वाराणसी ने जीता। कुल चालीस जोड़ी कुश्ती हुई। विजयी पहलवानों को प्रधान संघ अध्यक्ष कैलाश द्विवेदी तथा प्राचार्य अवनीश कुमार उर्फ गुड्डू सिंह ने पुरस्कृत कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलान विद्यालय के प्रबंधक वेद प्रकाश सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में कपाली बाबा कादीपुर, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित सिंह, सीओ अब्दुस सलाम तथा अरुण, अवनीश सिंह, सिंह, मल्ले सिंह,मुकेश तिवारी, अमरदेव सिंह, प्रभात सिंह, अधिवक्ता संतोष पांडे, बहादुर यादव, लाल बहादुर यादव, राजेश चौरसिया आदि मौजूद थे।

## धूमधाम से मनाया गया 813 वां उर्स गरीब नवाज की शान में पेश किया गया मनकबत

स्वतंत्र प्रभात

**सुल्तानपुर -** ख्वाजा गरीब नवाज खान काहे चिश्तिया बंधुआ कलाँ में मनाया गया उर्स ख्वाजा जिसकी की सरपरस्ती धर्म गुरु सैयद मेराज अशरफ सज्जादा नशीन दरगाह आलिया जायस शरीफ ने की उर्स में मौलाना इरफान चतुर्वेदी ने खिताब किया शायरे इस्लाम शकील आरफी ने ख्वाजा गरीब नवाज की शान में मनकबत पेश की शायरे इस्लाम सद्दाम प्रतापगढ़ी ने ख्वाजा गरीब नवाज की शान में मनकबत पेश किया इलियास जगदीशपुरी अब्दुलवदूद रायबरेली. असरार वारसी ने उर्स में शिरकत की और ख्वाजा की बारगाह में नजराने अकीदत पेश किया उर्स में इरफान चतुर्वेदी सीतापुरी ने चार वेदों के अश्लोक पढ़के खिताब किया उर्स में मौलाना मंजूर शेखुल हदीस ने ख्वाजा की सीरत पर रोशनी डालते हुए आमनो शांति का पैगाम दिया।



जनाब तबस्सुम राजा चिश्ती उर्स ख्वाजा का संचालन किया जनाब मौलाना फिरोज अमेठी ने ख्वाजा की शान में शेर पेश किया बनी सरपरस्त खानकाहे चिश्तिया खलीफए हुजूर मिराजे मिल्लत हजरत अल्लामा इब्राहिम साहब किबला अशरफी ने आने वाले सभी मेहमानों को तबरूकात से नवाजा आइममा मसाजिद को सादरी रुमाल, गरीबों को कंबल, आवाम को अंगौछा, नेतागढ़ युवम प्रशासन पत्रकारों को शाल और एवार्ड ख्वाजा से सम्मानित किया गया

उर्स में 11 चैनल न्यूज़ 12 पत्रकारों ने टेलीकास्ट एवं रिपोर्टिंग कि उर्स में जगदीशपुर से मौलाना आलम मौलाना मुख्तार गुलाम अहमद राजाअमेठी मौलाना फिरोज अमेठी मौलाना उबैदुल्लाह मौलाना असगर बंधुआ कला मौलाना अब्दुल वाहिद कोटवा शाहनवाज सीतापुरी जबवाजिद फारूकी पत्रकार लंभुआ खुर्शीद फारूकी लंभुआ वारिस अली लंभुआ . तनवीर आलम अशरफी मस्तान एजेंसी मुन्ना फतेहपुरी अकरम प्रधान बदुआ कला शाहबाज सैफाबाद अरबाज हुसैन महताब हुसैन सैफाबाद दिलकश मदनी हमजा लखनवी मेराज फतेहपुरी फूल मोहम्मद शहरे आलम एजाज फतेहपुरी मो.तालिब राजा कादरी रामपुरी हाफिज जावेद मदनपुर सोहेल प्रतापगढ़ी मौलाना इश्तियाक मुफ्ती अहमद राजा मौलाना अमानुल्लाह मौलाना उस्मान मिस्बाही मौलाना इश्तियाक आलम हाफिज एजाज मौलाना उज्जवल कमर जगदीश पुरी असरार वारसी मौलाना इस्माइल आसिफ राजा इस्लाम जौनपुरी मोहम्मद अहमद अशरफी असरार भैरोपुर मौलाना मुश्ताक मौलाना शान मोहम्मद हाफिज तालिब मौलाना गुलशेर हाफिज इश्तियाक मौलाना आमिर जयस कौसर राजा सुल्तानपुरी उर्स में मौजूद रहे धर्मगुरु हजरत सैयद मेराज अशरफ सज्जादा नशीन दरगाह आलिया जायस शरीफ की दुआ पर उर्स का इख्तेताम हुआ और पूरे मुल्क के लिए आमनो शांति की दुआ फरमाई।

# "बैलून काइफोप्लास्टी वर्टिब्रल" कम्प्रेशन फ्रैक्चर के लिए एक अत्याधुनिक समाधान:डॉ. अभिताभ

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** न्यूरोसर्जरी के गतिशील क्षेत्र में, लगातार नवाचार उपचार पद्धतियों में क्रांति ला रहे हैं और रोगियों के परिणामों को बेहतर बना रहे हैं। जटिल न्यूरोलॉजिकल और स्पाइन डिसऑर्डर के समाधान के लिए अत्याधुनिक मिनिमली इनवेसिव तकनीकों की नवीनतम प्रगति को उजागर करते हुए, मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, पटपड़गंज के डॉक्टरों ने आज एक जन जागरूकता सत्र का आयोजन किया। इस सत्र के माध्यम से, मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, पटपड़गंज का उद्देश्य आम जनता को इन उन्नत मिनिमली इनवेसिव उपचार विकल्पों की उपलब्धता के बारे में शिक्षित और जागरूक करना है, जो इन जटिल समस्याओं से जूझ रहे मरीजों के लिए उम्मीद की किरण हैं।

डॉ. अमिताभ गोयल और डॉ. अमित गर्ग ने दो मरीजों, दीपना सिंह और गायत्री देवी, के सफल उपचार के मामले साझा किए। ये दोनों मरीज स्पाइन की समस्याओं और क्रॉनिक बैक पेन से पीड़ित थीं। उपचार के बाद, दोनों अब स्वस्थ और बेहतर जीवन जी रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि, "बैलून काइफोप्लास्टी वर्टिब्रल कम्प्रेशन फ्रैक्चर के लिए एक अत्याधुनिक समाधान है, जो पारंपरिक सर्जरी की तुलना में तेज रिकवरी और बेहतर परिणाम देता है।"

मामले पर प्रकाश डालते हुए, मैक्स अस्पताल पटपड़गंज के न्यूरोसर्जरी विभाग के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. अमित गर्ग ने बताया कि "गायत्री देवी एल5-एस1 डिस्क के हर्निएशन के कारण गंभीर कमर और पैरों के दर्द से पीड़ित थीं। उन्हें मिनिमली इनवेसिव डिस्केक्टोमी प्रक्रिया के जरिए राहत मिली, जिसमें हर्निएटेड डिस्क के टुकड़ों को हटाकर दबे हुए नसों को डीकम्प्रेस किया गया। विस्तृत जांच, जैसे एमआरआई स्कैन, ने दिखाया कि डिस्क मैटीरियल से नर्व पर दबाव पड़ रहा था, जिससे गंभीर दर्द और गतिशीलता की समस्या हो रही थी। सर्जरी के बाद, उन्हें दर्द से राहत और बेहतर गतिशीलता मिली।" डॉ. अमिताभ ने तकनीकी प्रगति पर आगे बताया कि, ÷न्यूरो और स्पाइन तकनीकों में तेजी से हो रही प्रगति ने जटिल मामलों के इलाज के





पत्रकारों से रूबरू होते डाक्टर्स

तरीके को पूरी तरह बदल दिया है। उन्नत प्रक्रियाएं, जैसे बैलून काइफोप्लास्टी और मिनिमली इनवेसिव डिस्केक्टोमी, तेज रिकवरी, अधिक सटीकता और बेहतर परिणाम सुनिश्चित करती हैं। ऐसे जागरूकता सत्रों के माध्यम से हमारा लक्ष्य लोगों को उपलब्ध उपचारों के बारे में जानकारी देना है, जो उनके जीवन की गुणवत्ता को उल्लेखनीय रूप से बेहतर बना सकते हैं।" मैक्स अस्पताल पटपड़गंज, इनोवेटिव और मरीज-केंद्रित समाधानों की पेशकश में अग्रणी बना हुआ है और स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता है।

# नवाबगंज सर्राफा चोरी खुलासे पर डीसीपी सेंट्रल सम्मानित

**● - नवाबगंज सर्राफा व्यापारी संघ ने डीसीपी दिनेश त्रिपाठी व अन्य पुलिस अधिकारियों को किया सम्मानित।**





स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** (जितेन्द्र सिंह) थाना नवाबगंज क्षेत्र में 30/31 की रात को सर्राफा व्यापारी जुगल किशोर के घर हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण और लगभग 90 प्रतिशत माल बरामदगी के लिए कानपुर सर्राफा व्यापारी एसोसिएशन ने डीसीपी सेंट्रल समेत पूरी पुलिस टीम को सम्मानित किया है। पिछले माह 30/31 दिसंबर की रात को नवाबगंज सर्राफा बाजार में जुगल किशोर सर्राफ के यहां लाखों रुपए कीमत के माल की चोरी हुई थी जिसे नवाबगंज थाना पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस की मदद से पांच दिन में खुलासा किया था और उसमें दो लोगों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने इन अभियुक्तों से लगभग 90 प्रतिशत माल की बरामदगी की थी।

इस सराहनीय कार्य के लिए सर्राफा व्यापारियों ने पुलिस उपायुक्त सेंट्रल, दिनेश त्रिपाठी को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। पुलिस उपायुक्त दिनेश त्रिपाठी ने इस अवसर पर कहा, "यह सफलता पुलिस टीम की मेहनत और जनता के सहयोग का परिणाम है। हमारी प्राथमिकता क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखना और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि सर्राफा व्यवसाई को अपने माल की सुरक्षा के लिए अपने प्रतिष्ठान पर सीसीटीवी कैमरों का अधिक से अधिक प्रयोग करना चाहिए और इनको कभी भी घर को अकेले छोड़ कर नहीं जाना चाहिए।

# कानपुर के रेलवे स्टेशनों पर अब चलते फिरते टिकट घर

**● - इलाहाबाद के महाकुंभ की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रेलवे ने बनाई योजना**



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** (जितेन्द्र सिंह) उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े रेलवे स्टेशन में सुमार कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर अब टिकट के लिए आपको भटकने और लंबी लंबी लाइनों में लगने की आवश्यकता नहीं है। अब आप चलते फिरते अपने मोबाइल से क्यू आर ट्रेस करके अपना यात्रा टिकट निकाल सकते हैं।

कानपुर के कानपुर सेंट्रल, गोविंदपुरी, अनवरगंज और पनकी धाम स्टेशनों पर अब रेलवे कर्मी क्यूआर कोड वाली जैकेट पहने नजर आएंगे। इन कर्मियों को 'चलते-फिरते टिकट काउंटर' कहा जा रहा है। यात्री उनकी जैकेट पर बने क्यूआर कोड को स्कैन कर यूटीएस एप डाउनलोड कर सकते हैं और वहीं से टिकट बुक कर सकते हैं। यह सुविधा महाकुंभ मेले के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए शुरू की गई है यूटीएस एप से टिकट खरीदने पर यात्रियों को 3% की छूट भी दी जा रही है। शनिवार को सेंट्रल स्टेशन पर क्यूआर कोड जैकेट का वितरण किया गया। इसके अलावा, बेटिकट यात्रा और गंदगी फैलाने पर 134 लोगों से 61,690 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

# प्राइवेट प्रैक्टिस करने पर हैलेट के न्यूरोलॉजिस्ट का तबादला

**● - हैलेट अस्पताल में बतौर न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. राघवेन्द्र गुप्ता का झांसा तबादला**



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज कानपुर में न्यूरो सर्जरी के पद पर तैनात डा. राघवेंद्र गुप्ता को सरकारी सेवा में रहते प्राइवेट प्रैक्टिस करने के आरोप में तत्काल प्रभाव से झांसी तबादला कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार उन पर विभागीय जांच के आदेश भी दिए गए हैं। जांच से उनपर कड़ी कार्रवाई भी हो सकती है। पिछले दिनों हाईकोर्ट ने यूपी में सरकारी सेवा में रहकर डॉक्टरों के द्वारा प्राइवेट प्रैक्टिस को लेकर चिंता जाहिर की थी। डॉ. राघवेन्द्र गुप्ता काकादेव में स्वयं शल्य चिकित्सा के लिए संचालित न्यूरॉन हॉस्पिटल में मरीजों को भेजते थे। इसकी जांच चल रही थी। जांच पूरी होने के बाद जिलाधिकारी ने जांच रिपोर्ट शासन को भेज दी थी।

जीएसवीएम कॉलेज कानपुर के सह आचार्य न्यूरो सर्जरी डा. राघवेंद्र गुप्ता प्राइवेट प्रैक्टिस भी करते देखे जाते थे। एक शिकायत पर शासन ने डीएम से गोपनीय जांच कराने के लिए निर्देश दिए थे। जिलाधिकारी ने माह सितंबर 24 में एलआईयू से जांच करवाई थी। एलआईयू ने जांच की तो पता चला की डॉ. राघवेंद्र गुप्ता हैलेट अस्पताल के सामने निजी क्लीनिक संचालित कर रहे हैं। इसके अलावा हैलेट के मरीजों को दूसरे अस्पताल में आप्रेशन के लिए भी भेजते हैं। इन शिकायतों को योगी सरकार ने गंभीरता से लिया है।

# आप्रेशन त्रिनेत्र से कानपुर शहर हुआ सुरक्षित- डीसीपी साउथ

**● - सीसीटीवी कैमरों की मदद से घटनाओं के अनावरण में मिल रही है सफलता**



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** (जितेन्द्र सिंह)पुलिस उपायुक्त दक्षिण आशीष श्रीवास्तव ने थाना क्षेत्र गुजैनी के व्यापार मंडल के सदस्यों के साथ ऑपरेशन त्रिनेत्र के सम्बन्ध में बैठक की। और उनसे अधिक से अधिक सीसीटीवी लगवाने का अनुरोध किया। डीसीपी साउथ ने कहा कि अब तक त्रिनेत्र अभियान के तहत लगे सीसीटीवी कैमरों के व्यवस्थापन से कानपुर शहर पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित हुआ है, पुलिस ने कई प्रकरण के खुलासे, गुमशुदा की तलाश, चोरी/लूट जैसी घटनाओं के सफल अनावरण कर इसका प्रमाण समय समय पर दिया है। इसी क्रम में कानपुर को और सुरक्षित करने तथा निगरानी को बेहतर बनाने के उद्देश्य से पुलिस उपायुक्त दक्षिण, आशीष श्रीवास्तव ने थाना क्षेत्र गुजैनी के व्यापार मंडल* के सदस्यों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की।

पुलिस उपायुक्त दक्षिण ने व्यापार मंडल के सदस्यों से अपील की कि वे अपने-अपने प्रतिष्ठानों और आस-पास के क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगाएं। उन्होंने बताया कि अधिक कैमरे लगाने से क्षेत्र में निगरानी बढ़ेगी और अपराधों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। बैठक में व्यापार मंडल के सदस्यों ने सुरक्षा से संबंधित अपने सुझाव और समस्याएं भी साझा की। पुलिस उपायुक्त ने सभी समस्याओं पर ध्यान देने व हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।

# आजीविका परियोजना के तहत किसानों ने किया भ्रमण



स्वतंत्र प्रभात

**मानिकपुर, चित्रकूट:** द हंस फाउंडेशन के हंस आजीविका परियोजना के अंतर्गत मानिकपुर ब्लाक द्वारा बागवानी विकास कार्यक्रम के अंतर्गत लगाए गए प्लांटों के किसानों ने मऊ के बागवानी खेतों का भ्रमण किया। बागवानी विकास कार्यक्रम के अंतर्गत अपनी आजीविका को बनाने एवं समृद्धशाली खेती करने की दिशा में मानिकपुर ब्लाक के पांच दर्जन किसानों ने मऊ ब्लाक के ग्रामीण इलाको का भ्रमण किया। जिसमें आंवला एवं नीबू के अलावा सेव, बेर एवं अमरुद के पेड़ भी शामिल हैं। जिसमें उनके द्वारा लगाए गए पेड़ों में की गई मेहनत एवं नए नए प्रयोग को देखा। इसी प्रकार टपक सिंचाई परियोजना के अंतर्गत हंस आजीविका परियोजना के द्वारा लगवाए गए संयंत्र को भी देखा। इस दो दिवसीय भ्रमण में मऊ मिशन के ब्लॉक समवयक आसाराम, शील्ड समवयक जयप्रकाश के साथ प्रिंस व मानिकपुर से ब्लॉक समन्वयक मुकेश कुमार के साथ फील्ड समवयक दुर्गेश एवं संपूर्ण हंस आजीविका परियोजना की टीम उपस्थित रही।

# प्रमुख सचिव श्रम ने श्रमायुक्त कार्यालय का किया निरीक्षण

**● - निरीक्षण के दौरान श्रमायुक्त सोम्या पांडे, अपर श्रम आयुक्त दिलीप सिंह, वित्त नियंत्रक अशोक कुमार रहे उपस्थित**





स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन एम.के.एस. सुन्दरम द्वारा श्रम आयुक्त कार्यालय का निरीक्षण एवं विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर विभागीय कार्यो की समीक्षा की। विभागीय कार्यो में मानवीय हस्तक्षेप को कम करते हुए और अधिक सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ ऑनलाइन एवं यथा सम्भव ऑटोमोड में कार्यो को सम्पादित करने के निर्देश दिये। कारखानों के विभिन्न अनुसूचित नियोजनों में महिलाओं की प्रतिभागिता एवं असंगठित क्षेत्र के कर्मकारों के कल्याण हेतु उनकी कार्यदशा में श्रम कानूनों के अपेक्षानुसार जागरूकता सृजन कर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर बल दिये जाने के निर्देश दिये गये। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित स्टेकहोल्डर्स के साथ बैठक कर अपेक्षित अनुपालन भी सुनिश्चित कराने पर बल दिया गया। साथ ही राज्य श्रम नीति तैयार कराने की भी निर्देश दिया गया। श्रम आयुक्त उत्तर प्रदेश मार्कण्डेय शाही द्वारा बैठक में पॉवर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण के माध्यम से विभाग एवं उसके अन्तर्गत विभिन्न निदेशालयों से सम्बन्धित क्रियाकलापों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। बैठक में प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन एम0के0एस0 सुन्दरम द्वारा सभी विभागीय अधिकारियों से विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यो की जानकारी प्राप्त की तथा विभाग के कार्यो में पारदर्शिता और गति प्रदान करने हेतु आवश्यक निर्देश दिये।

बैठक में ही श्रम विभाग द्वारा संचालित कॉल सेन्टर पर एक शिकायत दर्ज कराकर लाइव टेस्टिंग भी की गयी । प्रमुख सचिव ने महिला कार्मिकों से सम्बन्धित प्रावधानों की समीक्षा के उपरान्तक्षनिर्देश दिये कि कारखाना अधिनियम के अन्तर्गत जिन नियोजनों में महिलाओं का कार्य करना प्रतिबंधित है उनकी कार्य दशाओं में महिलाओं के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों कीश्रसमीक्षा करके उन नियोजनों में भी महिलाओं को कार्य करने की अनुमति दिलाये जाने की कार्यवाही के निर्देश दिये गये। समीक्षा बैठक में अपर श्रमायुक्त सौम्या पाण्डेय, अपर श्रमायुक्त, दिलीप कुमार सिंह, वित्त नियंत्रक अशोक कुमार त्रिपाठी सहित विभाग के सभी उप श्रमायुक्त, सहायक श्रमायुक्त व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री के आगमन पर अग्निशमन विभाग रहा एलर्ट



**कानपुर।** आज दिनांक 08.01.2025 को मुख्यमंत्री उ.प्र. योगी आदित्यनाथ के कानपुर नगर में आगमन पर अग्निशमन विभाग एलर्ट रहा। कार्यक्रम के दृष्टिगत सीएफओ कानपुर नगर के द्वारा हैलीपैड तथा इटरनिटी होटल में अग्निशमन वाहन, कर्मचारी तथा आवश्यक अग्नि सुरक्षा व्यवस्थायें स्थापित कराकर कार्यक्रम को सकुशल सम्पादित कराया गया।

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के लिए आयोजित हुई बैठक



**कानपुर।** संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में आज एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें बताया गया कि 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जाएगा। इस महत्वपूर्ण बैठक में बस,ऑटो,ट्रक, ई रिक्शा व टैक्सी चालकों एवम उनकी यूनियन के पदाधिकारियों ने भाग लिया। सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में सभी से सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने का आग्रह किया गया। इसके अलावा कार्यालय में आने वाले लगभग 5 सौ व्यक्तियों को पंपलेट, पोस्टर, बैनर इत्यादि देकर सड़क सुरक्षा जागरूकता संदेश जन जन तक पहुंचाने की अपील की गई। बैठक में संभागीय परिवहन अधिकारी राकेंद्र कुमार सिंह, आरटीओ प्रवर्तन विदिशा सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन अंबुज, यात्री, माल कर अधिकारी मानवेंद्र प्रताप सिंह व प्रवर्तन विभाग के समस्त अधिकारी सम्मिलित हुए। बैठक में ई रिक्शा वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विकास श्रीवास्तव,प्रदेश उपाध्यक्ष दीप गुप्ता, मंडलीय प्रभारी देवेंद्र पाल आदि पदाधिकारियों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### अपर एसपी ने किया विवेचकों का अर्दली रूम

**चित्रकूट:** अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने चौकी सरैया में थाना मानिकपुर, मारकुंडी एवं बहिलपुरवा के विवेचकों का अर्दली रूम किया। जिसमें उन्होंने विवेचकों को लम्बित प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक ने अर्दली रूम में समस्त विवेचकों से लंबित विवेचना पर वार्ता करते हुए विवेचना लंबित रखने का कारण पूछा तथा गुण-दोष के आधार पर विवेचना का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। कहा कि थानों में लंबित प्रार्थना पत्र, लंबित एनबीडब्ल्यू, बीडब्ल्यू, नोटिस तामिला, वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी एवं महिला सम्बन्धित अपराध में समय से निस्तारण किया जाए। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु फहद अली, प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर दुर्ग विजय सिंह, प्रभारी निरीक्षक मारकुंडी शिवआसरे, थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह, चौकी प्रभारी सरैंया रामअधार सिंह सहित सम्बन्धित विवेचक आदि मौजूद रहे।

### शिवमहापुराण कलश यात्रा का आयोजन 16 को

**चित्रकूट:** आगामी मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर 16 जनवरी को सदर तहसील परिसर स्थित श्रीपरमानन्देश्वर परम धाम महादेव मंदिर से एक विशाल शिवमहापुराण कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के महंत विद्यानंद ने बताया कि यह कलश यात्रा आगामी 16 जनवरी को प्रातः 11:15 बजे गाजे-बाजे के साथ शुरू होगी। उन्होंने सभी माताओं और बहनों से अनुरोध किया है कि वे इस यात्रा में भाग लेने के लिए अपना नाम लिखवाएं। इसके लिए मंदिर परिसर में नामांकन प्रक्रिया चल रही है, जिसमें प्रत्येक श्रद्धालु को इस धार्मिक आयोजन का हिस्सा बनने का अवसर मिलेगा। बताया कि शिवमहापुराण कथा का वाचन राजस्थान के अलवर जिले के स्वामी कमलदास बापू द्वारा किया जाएगा। यह कथा प्रतिदिन दोपहर 1:15 बजे से शुरू होकर 4:15 बजे तक होगी। बताया कि शिवमहापुराण कथा का श्रवण करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। यह आयोजन चित्रकूट की धार्मिक धारा को और भी सशक्त बनाएगा और श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग दिखाएगा।

### नव निर्मित राजकीय पशु चिकित्सालय का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख द्वारा किया गया




**सीखड़ , मीरजापुर।** वुधवार को ब्लॉक मुख्यालय के परिसर में नव निर्मित राजकीय पशु चिकित्सालय भवन का उद्घाटन व्लाक प्रमुख छत्रपति सतेन्द्र सिंह ने फिता काट कर किया। वहीं पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र के सभी पशु पालक भाई के सेवा के लिए हम बराबर तैयार है। उक्त अवसर पर जेई एमाई उमाशंकर पटेल, सचिव मुकेश मिश्रा, मुकेश पांडेय, उमेश यादव, सुधीर दुबे, के, के सिंह सतेन्द्र यादव, सबिता देवी, पशुधन प्रसार अधिकारी अखिलेश सिंह, आलोक सिंह सिंह, प्रधान विनोद सिंह ,मीरा पांडेय, राकेश चौबे,गुडवील सिंह, रौनक सिंह, स्थापना बाबू हौसला प्रसाद दुबे, दिनेश सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य शिवेंद्र सिंह सहित क्षेत्र के पशु पालन, विकास , पंचायत विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चकबंदी में किसानों का हक नहीं दबा पाएंगे भू माफिया- राजेश



स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट-** चकबंदी ग्राम चौपाल में खरौंध और ऐंचवारा के किसानों ने भू माफिआओं द्वारा चकबंदी के दौरान सरकारी भूमि की मालियत लगाए जाने का मुद्दा उठाया। जिसके बाद चौपाल में मौजूद उपसंचालक चकबंदी अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद ने विभागीय अधिकारियों को संदर्भ के माध्यम से अभिलेख दुरुस्त करते हुए किसानों की समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए।

मानिकपुर तहसील के खरौंध गांव में बुधवार को आयोजित चौपाल में उप संचालक चकबंदी अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद ने बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मनोहरलाल वर्धन के साथ किसानों की समस्याएं सुनी। उन्होंन बताया कि प्रदेश के चकबंदी आयुक्त एवं जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के निर्देश पर चकबंदी प्रक्रिया पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ गति प्रदान करने के उद्देश्य से चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि खरौंध गांव में अंतिम अभिलेख तैयार किया जा रहा है। फरवरी माह में धारा 52 का प्रकाशन कराया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत खरौंध की श्रेणी तीन की भूमि एवं अन्य सरकारी भूमि में मालियत लगा दी गई है, जो गलत है। कई वर्ष पूर्व श्रेणी तीन की भूमि से खातेदारों का नाम खारिज होकर बंजर के रूप में दर्ज हो गया है, जो विभिन्न स्थलों में स्थित है। कुछ माफिआओं के चलते सरकारी भूमि की मालियत लगा दी गई है। इस पर अपर जिलाधिकारी ने मौके पर समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही संदर्भ के माध्यम से अभिलेख दुरुस्त करने की कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रकरणों में विभागीय कर्मचारियों की संलिप्तता पाए जाने पर सम्बन्धित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि सम्बन्धित विभाग द्वारा नहर निकाली गई है, किंतु गूल, नाली चकबंदी विभाग द्वारा नहीं निकाली गई है। जिसका निराकरण करने के निर्देश अपर जिलाधिकारी ने दिए। इस दौरान चौपाल में ऐंचवारा गांव के चक अपीलों को सुनकर 14 वादों में 12 वादों का निस्तारण मौके पर किया गया। बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी ने बताया कि यहां धारा 23 पूर्ण हो गई है। इसके बाद पैमाइश की कार्यवाही भी हो गई है। इस मौके पर सहायक चकबंदी अधिकारी राकेश श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान लवकुश यादव, चकबंदी लेखपाल व चकबंदी कर्ता समेत क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।

### मिथिलेश सिंह के मंडल अध्यक्ष व ज्ञानेश्वर दुबे के जिला प्रतिनिधि बनने कार्यकर्ताओं में खुशी



**ड्रमंडगंज।** भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा क्षेत्र के अमदह गांव निवासी मिथिलेश सिंह को गड़बड़ा धाम मंडल अध्यक्ष व ज्ञानेश्वर दुबे को जिला प्रतिनिधि बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर व्याप्त है। बुधवार शाम को रतेह चौराहा पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मिथिलेश सिंह का भाजपा कार्यकर्ताओं ने गाजे बाजे के साथ स्वागत किया। भाजपा के श्याम बहादुर सिंह,उमानाथ मिश्र,एसडी दुबे हरिशंकर पटेल, लालजी तिवारी, गुलाब पटेल मनकामना मिश्र, ब्रह्मानंद मिश्र,महेश सिंह , आशीष केशरी,उमारमण सिंह, कुलदीप सरोज, सिद्धनाथ जायसवाल आदि ने हर्ष जताया है कहा कि मिथिलेश सिंह के मंडल अध्यक्ष बनने से भाजपा संगठन को मजबूत मिलेगी।

# विवाहिता के प्रेम में अंधे प्रेमी ने की थी रामकृष्ण की हत्या



स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट ब्यूरो:** जिले के थाना भरतकूप क्षेत्र के ग्राम पतौड़ा में रेलवे ट्रैक के पास 1 जनवरी 2025 को एक लावारिस शव मिलने की घटना का खुलासा पुलिस ने किया है। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चल रही कार्रवाई के दौरान एसओजी/सर्विलांस टीम, थाना भरतकूप पुलिस और अन्य संबंधित अधिकारियों ने बुधवार को मामले का पर्दाफाश करते हुए हत्या में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी विनोद यादव और सुनैना हैं।

घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती एक जनवरी 2025 को थाना भरतकूप को सूचना मिली थी कि ग्राम पतौड़ा स्थित बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस.वे के नीचे रेलवे ट्रैक पर एक शव पड़ा हुआ है, जो ट्रेन से कटा हुआ था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और पाया कि शव के पास खून के धब्बे और एक पत्थर पर भी खून लगा हुआ था, जिससे यह अनुमान लगाया गया कि मृतक को घसीटकर रेलवे ट्रैक पर रखा गया और फिर ट्रेन से उसे कुचला गया। शव की पहचान सोशल मीडिया के माध्यम से कराई गई। रामरतन पुत्र लालाराम निवासी चौसड़ थाना बिसण्डा जनपद बांदा ने थाना भरतकूप में सूचना दी कि उनका पुत्र रामकृष्ण घर से अतर्रा बाजार जाकिट लेने गया थाए लेकिन घर वापस नहीं लौटा। बाद में उन्हें यह जानकारी मिली कि रामकृष्ण की लाश ग्राम पतौड़ा के पास पाई गई। उन्होंने शव की पहचान कपड़े और फोटो के जरिए की और शक जताया कि उनके बेटे की हत्या विनोद यादव और उनकी बहू सुनैना ने की है, क्योंकि विनोद का उनके घर आना.जाना था। इसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और जांच शुरू की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विनोद को गिरफ्तार किया और उसकी तलाशी ली। उसके कब्जे से दो मोबाइल फोन बरामद हुए, जिनमें से एक मोबाइल मृतक का था। सुनैना की भी तलाशी ली गई, जिसमें उसका मोबाइल बरामद हुआ। जिससे यह स्पष्ट हुआ कि घटना के समय वह विनोद के संपर्क में थी। इसके आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस घटनाक्रम में एसओजी/सर्विलांस टीम, थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह, उपनिरीक्षक राहुल कुमार पाण्डेय, आरक्षी सतीश यादव, रणवीर सिंह व महिला आरक्षी निशा अहिरवार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# वाहन चलाते समय कोहरे में विशेष सर्तकता बरते चालक



स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट:** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी डॉ उदित नारायण पाण्डेय ने बताया कि सर्दी में कोहरे के दृष्टिगत सभी वाहन चालक वाहन चलाते समय सुरक्षात्मक उपायों को अवश्य अपनाएं, ताकि कोहरे या धुंध के कारण सड़क दुर्घटनाएं न होने पायें। चित्रकूट जिले के मानिकपुर क्षेत्र के सकरौंहा गांव के निवासी डॉ उदित नारायण पाण्डेय वर्तमान समय में गौतमबुद्ध नगर में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी के रूप में कार्यरत है। उनके द्वारा दिया गया संकेत गौतमबुद्ध नगर के साथ चित्रकूट में भी खासा कारगर साबित हो रहा है। उन्होंने कोहरे के दृष्टिगत वाहन चलाते समय जन सामान्य से सावधानी अपनाने की अपील करते हुए सड़क सुरक्षा उपायों के सम्बन्ध में बताया कि धुंध या कोहरे में सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए वाहन को धीमी गति और विशेष सावधानी से वाहन चलाते हुए ड्राइविंग पर पूरा ध्यान केंद्रित रखें। ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन चलाने या तेज संगीत सुनने से बचें तथा नशे व नींद में वाहन न चलाएं। वाहन की खिड़की हल्की खुली रखें। धुंध व कोहरे के दौरान लो बीम हेडलाइट व फॉग लाइट का उपयोग करें, खिड़कियां और विंडस्क्रीन साफरखें तथा डिफास्टर व वाइपर का उचित उपयोग करें। कहा कि कोहरे में ड्राइविंग करते समय धैर्य रखते हुए ओवरटेकिंग से बचें तथा मोड पर सतर्कता के साथ धीमी गति में गाड़ी मोडे। आगे वाले वाहन से सुरक्षित दूरी बनाए रखें तथा अपनी लेन में चलें, अचानक लेन न बदले। कहा कि दो पहिया वाहन चालक बाइक चलाते समय चमकने वाले उपकरण अवश्य पहने तथा हेलमेट के आगे के वाइजर व पीछे इंडिकेटर को साफरखें। बाइक की हेडलाइट को भी साफरखें। बाइक चलाते समय ब्रेक, लाइट व इंडिकेटर का उचित इस्तेमाल करें। रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप का प्रयोग करें। दृश्यता कम होने पर सड़क के किनारे सुरक्षित जगह पर गाड़ी रोक लें तथा इस दौरान हेजरलाइट चालू रखें। दृश्यता में सुधार होने पर हीयात्रा शुरू करें तथा आवश्यकता पड़ने पर इमरजेंसी नंबर 112 पर अवश्य कॉल करें। इस उपायों को अपनाते हुए सभी वाहन चालक अपनी एवं दूसरों की सुरक्षित यात्रा को सुनिश्चित कर सकते हैं।

# अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश आवेदन के लिए बढ़ी तिथि, अब 15 तक होंगे आवेदन

**● - सहायक श्रमायुक्त ने दी जानकारी**

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट:** अटल आवासीय प्रवेश परीक्षा सत्र 2025-26 में कक्षा-6 एवं कक्षा-9 में प्रवेश के लिये आवेदन करने की तिथि बढ़ा दी गई है। जिसके तहत अब आगामी 15 जनवरी तक आवेदन किए जा सकेंगे। सहायक श्रमायुक्त आर के गुप्ता ने बताया कि अटल आवासीय प्रवेश परीक्षा में सभी पात्र निर्माण श्रमिकों के बच्चों से प्रवेश के लिए आवेदन की तिथि आगामी 15 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। कहा कि इसके लिए विद्यालय प्रबन्ध समिति के माध्यम से प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक मात्रा में पात्रों का आवेदन कराया जाए।

अटल आवासीय विद्यालय, अछरौड़, बांदा में उप्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत बीती 29 नवम्बर 2021 के पूर्व पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों तथा कोविड-19 की महामारी के दौरान कोरोना से निराश्रित हुये बच्चों एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अन्तर्गत पात्र बच्चों के लिए शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिये कक्षा-6 में उपलब्ध कुल 140 सीट (70 छात्रों एवं 70 छात्राओं) व कक्षा-9 में उपलब्ध कुल 140 सीट (70 छात्रा एवं 70 छात्राओं) के सापेक्ष अटल आवासीय विद्यालय, अछरौड़, बांदा में प्रवेश के लिए ऑफलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए हैं। निःशुल्क आवेदन पत्र किसी भी सामान्य कार्य दिवस में आगामी 15 जनवरी तक प्रातः 10 बजे से सायं पांच बजे तक श्रम कार्यालय, जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय, बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय व जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। पूर्ण भरे हुए आवेदन पत्र समस्त अभिलेखों व तीन अतिरिक्त फोटो के साथ आगामी 15 जनवरी की सायं पांच बजे तक श्रम विभाग कार्यालय में जमा कराये जा सकते हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### मांगे पूरी होने के बाद शव का कियाअंतिम संस्कार

**लखीमपुर खीरी।** मझगई थाना क्षेत्र के ग्राम हुलासीपुरवा निवासी गैंगस्टर रामचंद्र की संदिग्ध हालात में हुई मौत के मामले में बुधवार को परिजनों ने मांगें पूरी होने के बाद शव का अंतिम संस्कार किया। मृतक रामचंद्र के भाई दिनेश ने बताया कि 18 साल की उम्र तक मृतक के बेटे अमर और समर को चार हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन, रामचंद्र की पत्नी को आंगनबाड़ी में नौकरी और कृषक दुर्घटना बीमा के पांच लाख रुपये, भाजपा की तरफ से चार लाख, सपा के पूर्व विधायक आरएस कुशवाहा, बसपा के मनमोहन मौर्य की तरफ से आर्थिक सहायता परिवारवालों को दी गई। विधायक शशांक वर्मा ने मझगई प्रभारी निरीक्षक पर कार्रवाई का भी आश्वासन दिया है। इसके बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया।

### पीलीभीत में घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़: विरोध करने पर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी, मुकदमा दर्ज

**पीलीभीत** के शहर कोतवाली क्षेत्र में एक महिला के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। महिला ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वह घर में अकेली थी, तभी मदीने शाह मोहल्ले का निवासी आरोपी आमिर उसके घर में घुस आया। इस दौरान आरोपी ने महिला के साथ छेड़छाड़ की और अश्लील हरकतें की। जब महिला ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। महिला का आरोप है कि आरोपी पहले भी कई बार उसके साथ छेड़छाड़ कर चुका था, जिसकी शिकायत उसने आरोपी के परिजनों से भी की थी, लेकिन आरोपी की हरकतों पर कोई लगाम नहीं लगी। महिला की शिकायत पर शहर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। शहर कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है और महिला के कोर्ट में बयान कराए जाएंगे। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयासों में जुटी हुई है।

### बिलसंडा अध्यक्ष ने लगाया जनता दरबार, सुनी लोगों की समस्याएं

**पीलीभीत।** बिलसंडा के अध्यक्ष ने सोमवार को जनता दरबार लगाया, जिसमें उन्होंने पीड़ितों की समस्याओं को सुना और उनका निस्तारण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर अध्यक्ष के सामने उपस्थित हुए। अध्यक्ष ने सभी की समस्याओं को ध्यान से सुना और उनका समाधान करने का वादा किया। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य लोगों की समस्याओं का समाधान करना और उनकी ना है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे मस्याएं साझा करें और उन्हें समाधान करने में सहयोग करें। इस दौरान अध्यक्ष ने कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए। उन्होंने कहा कि के जल्ट टी बिलसंडा के विकास के लिए कई परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। उन्होंने लोगों से कहा कि वे अपने सुझाव और विचार साझा करें ताकि वे बिलसंडा के विकास के लिए बेहतर योजनाएं बना सकें। इस अवसर पर अध्यक्ष ने लोगों को आश्वस्त किया कि वे उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए हमेशा तैयार हैं। उन्होंने कहा कि वे लोगों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और वे इसे अपना कर्तव्य मानते हैं। इस जनता दरबार में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे, जिनमें बिलसंडा के निवासी, व्यापारी, किसान और अन्य लोग शामिल थे। सभी ने अध्यक्ष के इस कदम की सराहना की का आभार व्यक्त किया।

### गोविंद सिंह रावत नेशनल फूड अवार्ड से सम्मानित




दिल्ली के पांच सितारा होटल होलीडे इन में गोविन्द सिंह रावत

**अलीगढ़।** शहर के लॉ शेफ रेस्टोरेंट के संचालक गोविन्द सिंह रावत को दिल्ली के पांच सितारा होटल होलीडे इन में डिस्कल्चर्ड मैग्जीन द्वारा आयोजित एक समारोह में नैशनल फूड अवार्ड (बेस्ट मल्टी कुजिन केटेगरी) से सम्मानित किया गया है। ज्ञात हो कि ला शेफ रेस्टोरेंट चैन अपने मुगलई, नॉर्थ इंडियन और साउथ इंडियन कुजिन के लिए प्रसिद्ध हैं। ला शेफ की शुरूआत हिमाचल के एक शहर बद्दी से हुई थी जो आज अलीगढ़ ही नहीं ब्लकि आगरा, मैनपुरी, शिकोहाबाद आदि शहरों में भी अपने स्वादिष्ट व्यंजनों के प्रति लोगों को अपना दीवाना बनाए हुए है। इसके 14 से अधिक आउटलेट विभिन्न शहरों में सफलतापूर्वक चल रहे हैं। ज्ञात हो कि इससे पूर्व भी गोविन्द सिंह रावत को विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है।

## एरिया ऐप निरीक्षण में अवैध वसूली किए जाने के एपीओ पर लग रहे आरोप

● एरिया ऐप निरीक्षण में अवैध वसूली किए जाने के एपीओ पर लग रहे आरोप

स्वतंत्र प्रभात




**लखीमपुर खीरी** मामला विकासखंड लखीमपुर का है जहां तैनात ए. पी. ओ. मनरेगा द्वारा योगी आदित्यनाथ के प्रयासों और आदेशों का मखौल उड़ाते हुए जमकर धन उगाही किए जाने के आरोपों का सिलसिला थंमने का नाम ही नहीं ले रहा है ।और यह सब अवैध वसूली के खेल खंड विकास अधिकारी लखीमपुर व डीसी मनरेगा को दिखाई सुनाई नहीं पड़ रहे हैं। जिसके चलते ग्राम प्रधानों में भारी जनाक्रोस व्याप्त है ।ज्ञात हो कि समय-समय पर एरिया ऐप का निरीक्षण अधिकारियों द्वारा किया जाता है जिसमें एपीओ द्वारा ग्राम पंचायत में जाकर ग्राम प्रधानों व पंचायत सचिवों से अवैध वसूली किए जाने के आरोप लगाए जाने का मामला सामने आया है ।उक्त के चलते ग्राम रोजगार सेवक मजदूरों के डिमांड लगाने में अपने को असहज महसूस करते हैं। एपीओ साहब का भय उनके दिल दिमाग पर देखा जा सकता है ।यही कारण है लक्ष्य के अनुसार मजदूरों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है और मजदूर रोजगार के लिए बाहर पलायन को विवश होते देखे जा सकते हैं। उक्त मामले पर जब विकासखंड लखीमपुर की कई ग्राम पंचायत की जमीनी पड़ताल अमर भारती टीम द्वारा की गई तो कई प्रधानों व ग्राम रोजगार सेवकों ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर एक स्वर में बताया कि ए. पी .ओ. मनरेगा मनमानी कर रहे हैं और आए दिन फसाने की धमकी देते रहते हैं ।ए .पी.ओ .की इस अवैध वसूली युक्त कार्य प्रणाली से प्रधानों में भारी आक्रोश पनप रहाहै।

**रोजगार दिवस आयोजन पर भारी ए पी ओ की मनमानी**

ए.पी.ओ. लखीमपुर की मनमानी एवं लापरवाह कार्य शैली के चलते विकासखंड लखीमपुर की ज्यादातर ग्राम पंचायत में मासिक रोजगार दिवस का आयोजन न किए जाने की जानकारी सूत्रों द्वारा दी गई है। जिसके कारण मानव दिवसों के सृजन का पहिया रूक सा गया है आगे नहीं बढ़ पा रहा है उक्त कार्यक्रम की बेहतरी में ए.पी.ओ. की खाऊ कमाऊ नीति राह का रोड़ा साबित हो रही है। जिससे मनरेगा योजना पर ग्रहण तो लगता ही है साथ ही साथ एक ईमानदार कहे जाने वाले साफ सुथरी छवि के खंड विकास अधिकारी लखीमपुर की छवि धूमिल हो रही है। अब देखना यह है कि खंड विकास अधिकारी लखीमपुर व उपायुक्त मनरेगा द्वारा इस मामले पर क्या कार्रवाई की जाती है। यदि उपयुक्त मनरेगा द्वारा कराई जाए मामले के निष्पक्ष जांच तो होगा दूध का दूध और पानी का पानी।

## मुख्यमंत्री जी के आदेशों की उड़ाई जा रही धज्जियां

● वन विभाग के कर्मचारी उड़ा रहे अपनी ही सरकार के आदेशो का मखौल

स्वतंत्र प्रभात




**लखीमपुर खीरी** शारदा नगर रेंज की ओसियां बीट के सरकारी जंगल बंगाली कॉलोनी का मामला है।जहा पर सागवान, खैर, शीशम,का जमकर कटान किया जा रहा है। यह सब कटान विभागीय जिम्मेदारो की मिलीभगत से होने के आरोप सुत्रो द्वारा लगाए जा रहे हैं। शारदा नगर वन क्षेत्र मे किया जा रहा अवैध कटान हरे-भरे पेड़ को नष्ट कर हरियाली मिटाने में लगे हैं लकडकटटे। वन विभाग के कर्मचारी वाचर अवधेश व धर्मेंद्र वाचर पर लकड़ कट्टों से मिली भगत से लोग लकड़ी काटकर दारू बनाते हैं सूत्रों से मिली जानकारी अवधेश वाचर, धर्मेंद्र वाचर वन रक्षक के घर लकड़ी देने जाते हैं । सूत्रों से मिली जानकारी को सत्य माने तो वन दरोगा को भी आमदनी का तय शुदा प्रसाद भेजा जाता है। श्याम किशोर शुक्ला वन दरोगा कहते हैं मुडढी खोद डाला करो पेड़ जड से गिरा दिया करो फिर काट कर भेज दिया करो कोई जान नहीं पाएगा ऐसे आरोप कयी लोगो के द्वारा ना न छापने के शर्त पर लगाए गए हैं लेकिन इस तरह चला वन विभाग के जिम्मेदार लोगो के मिल रहे संरक्षण के चलते हौसले बुलंद लकडकटटो द्वारा देखो फोकर हरियाली का सफाया किया जा रहा है।अब देखना है कि वन रेंजर शारदानगर कार्रवाई करते हैं या ठंडा बस्ते में डाल देते हैं और हरियाली ऐसेही मिटती रहेगी।

## तेज रफ्तार मोटरसाइकिलों की आपस में हुई जोरदार टक्कर, एक मोटरसाइकिल चालक की हुई मौत, एक हुआ गंभीर रूप से घायल

● मृतक अपनी चाची के इंतकाल में बक्शपुर जा रहा था।

स्वतंत्र प्रभात

**पीलीभीत** जहानाबाद नेशनल हाईवे एक बार फिर तेज रफ्तार के चलते खून से लाल हो गया है। आपको बताते चलें पीलीभीत जनपद की कोतवाली जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम बरातबोझ में हरिद्वार पीलीभीत जहानाबाद नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार दो मोटरसाइकिलों की आपस जोरदार टक्कर हो गई जिसमें बीसलपुर के मोहल्ला ग्यासपुर के रहने वाले खालिद पुत्र शहादत हुसैन उम्र 30 वर्ष की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वही एक अज्ञात मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। सूचना पर मौके पर पहुंची थाना जहानाबाद पुलिस ने शव का पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घायल मोटरसाइकिल सवार को इलाज के लिए जहानाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉक्टर सौरभ गंगवार के द्वारा जिला अस्पताल पीलीभीत रेफर किया गया है। उपरोक्त प्रकार पर कोतवाल जहानाबाद मनोज कुमार मिश्रा के द्वारा मीडिया को जानकारी देते हुए बताया गया है दो मोटर




साइकिल की आपस में टक्कर हो गई जिसमें एक मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई है और एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार घायल हो गया है। मृतक मोटरसाइकिल सवार का शव पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वहीं टसरा घायले।

## 275 लोगों का हुआ नि: शुल्क नेत्र परीक्षण

स्वतंत्र प्रभात

**सिद्धार्थनगर।** सका बाजार क्षेत्र के बसावनपुर गांव में बुधवार को नेशनल आई केयर एण्ड ऑप्टिकल्स सेंटर उसका बाजार द्वारा निशुल्क नेत्र जांच कैंप का आयोजन किया गया । इस नेत्र जांच कैंप में पुरुष , महिला एवं बच्चों सहित 2 75 ग्रामीणों का नेत्र परीक्षण किया गया। निःशुल्क नेत्र जांच कैंप का उद्घाटन गांव के समाजसेवी विवेक सिंह ने फीता काट कर किया। इस निशुल्क नेत्र जांच कैंप में भैरहवा नेपाल के पूर्व नेत्र रोग विशेषज्ञ डा कलीम , डा बृजेश ,ऑप्टोमेट्रिस्ट नवीन कुमार की टीम ने पुरुष एवं महिलाओं के नेत्र का जापानी मशीनों द्वारा परीक्षण करके इलाज के



लिए सलाह दी है। डॉ कलीम ने बताया कि इस निशुल्क नेत्र जांच कैंप का आयोजन समाज सेवा के उद्देश्य से किया गया है। यह निःशुल्क कैंप क्षेत्र के विभिन्न ग्रामपंचायतों एवं विद्यालयों में चल रहा है जिससे लोगों को नेत्र के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी मिल सके। इस दौरान नेशनल ग्रुप आफ बिजनेस के चेयरमैन मजीबुल्लाह, प्रहलाद साहनी, राम भरोस, ऋषिराज, इलायची देवी, आदित्य, किसलावती, शारदा, कांति, रितेश, लक्ष्मिना, शंकर, हरिश्चंद, शीला, आशा, डिग्री, हरिलाल, प्रभुदयाल, छेदी लाल, मीरा, दुर्गावती सिंह, सुभावती, रूंधत, मोबिन आदि रहे।

## एएमयू पूर्व छात्र समिति के अध्यक्ष रियाद में सम्मानित

● हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश अ के संस्थापक ने मौके पर पहुंचकर की कार्यवाही की मांग

स्वतंत्र प्रभात

अलीगढ़। एएमयू की पूर्व छात्र मामले से सम्बंधित समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर सरताज तबस्सुम को एएमयू ओल्ड ब्वायज एसोसिएशन, रियाद, सऊदी अरब द्वारा उनकी हालिया यात्रा के दौरान सम्मानित किया गया। विदेश में पूर्व छात्रों के साथ अपनी पहली ऐसी बातचीत के दौरान सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए प्रोफेसर तबस्सुम ने आश्वासन दिया कि वह



दुनिया के विभिन्न हिस्सों में पूर्व छात्रों से संपर्क करके उनकी मातृसंस्था के साथ पूर्व छात्रों के संबंधों को मजबूत करने का प्रयास करेंगे।

उन्होंने पूर्व छात्र समूहों से विश्वविद्यालय की बेहतरी के लिए एएमयू और इसके पूर्व छात्रों के बीच बेहतर और व्यापक सहयोग के लिए सुझाव देने का आग्रह किया। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन और रियाद में रहने वाले अन्य पूर्व छात्रों के साथ मिलकर विकास को बढ़ावा देने और एएमयू की भाईचारे और आपसी विश्वास की विरासत को बनाए रखने के लिए एएमयू ओल्ड बॉयज एसोसिएशन, रियाद के महासचिव डॉ. सैयद अहद मुर्तजा अल्वी को धन्यवाद दिया।

## विकास भवन में किया गया बुक बैंक का शुभारंभ

● किताबे दान करने वाले लोगो को डीएम व सीडीओ ने किये फल सब्जी के बीज वितरित

स्वतंत्र प्रभात




**शाहजहांपुर/**बुधवार को जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में समग्र शिक्षा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय एवं बाल गृह के बच्चों में जिज्ञासा वृद्धि पर्यावरण हेतु समाज में जागरूकता अभियान के तहत पुस्तक बैंक कार्यक्रम शुभारंभ विकास भवन सभागार मे किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों, अध्यापकों, सामाजिक संगठनों एवं समाजसेवियों आदि ने पुस्तक बैंक में 12145 किताबें एकत्र की गई जिन्हें 28 पीएम श्री ,16 कस्तूरबा तथा 1 बाल सुधार गृह में भेजा जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारी गणों का धन्यवाद व्यक्त किया और आशा व्यक्त की कि इस पुस्तक बैंक को जनसहयोग से मार्च तक 50 हजार पुस्तकों तक समृद्ध करेंगे ।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि किताबे पढ़ने का महत्व को अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है। किताबें पढ़ने से कब किसको कौन सा ज्ञान प्राप्त हो जाए ?जो जीवन में आगे बढ़ाने में सार्थक हो और भविष्य को उज्जवल बनाएं। किताबें पढ़ने से डिफरेंट टाइप का आइडिया मिलते हैं। उन्होंने कहा की पुस्तक बैंक कार्यक्रम को और आगे बढ़ाया जाए। पुस्तक बैंक में प्राप्त पुस्तकों को 28 पीएम श्री विद्यालय,16 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय एवं एक बाल गृह को पुस्तकें भेजी जाएगी और विद्यालयों में पढ़ाई के लिए सभी प्रकार के संसाधन एवं सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के लिए लोगों द्वारा दिए गए इनिशिएटिव आइडिया पर कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि बहुत जल्दी विद्यालयों में बहुत कुछ सुधार देखने को मिलेगा।

जिलाधिकारी ने सभी पुस्तक दानदाताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि जैसे हर घर सब्जी अभियान कार्यक्रम शुभारंभ हुआ है देखकर बहुत अच्छा लग रहा है उसे भी और आगे बढ़ाएं।

मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 अपराजिता सिंह ने कहा कि पुरानी किताबें आगे पढ़ने वाले बच्चों के काम में आने से पेड़ कम कटेंगे पर्यावरण के लिए बहुत अच्छा रहेगा। शैक्षिक सत्र शुरू होने के साथ ही उनके लिए नई किताबें लेनी पड़ती हैं। ऐसे में पुरानी किताबें महंगी होने के बाद भी कोई उपयोग न होने के कारण किलो के भाव में रद्दी में बेच दी जाती है। इस तरह की किताबों का जरूरतमंद बच्चे अपने ज्ञानोपार्जन में उपयोग कर सकें। इसके लिए विकास भवन में बुक बैंक खोला गया है। सुशिक्षित समाज के साथ-साथ यह बैंक पर्यावरण संरक्षण का भी काम करेगा। इस बैंक में लोग अपने बच्चों की ऐसी किताबों को उपलब्ध करा सकेंगे जो उनके प्रयोग में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हर घर सब्जी की तरह यह कार्यक्रम भी बहुत अच्छा रहेगा। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा पुस्तक बैंक कार्यक्रम में पुस्तक दान देने वाले लोगों को घर में सब्जी उगाने वाले विभिन्न प्रकार के बीज वितरित किए गये।

## परिवार नियोजन कार्यक्रमों में पूरे मंडल में अव्वल रही सिंधौली सीएचसी

● चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर जफर को एडी हेल्थ ने बरेली में किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहांपुर-** परिवार नियोजन कार्यक्रमों में लक्ष्य प्राप्त कर बेहतर कार्य करने के लिए सिंधौली स्वास्थ्य केंद्र ने मंडल स्तर पर पहला स्थान प्राप्त किया है। महिला नसबंदी,पुरुष नसबंदी और अन्य परिवार नियोजन संबंधी सेवाओं को सरकार की मंशा अनुरूप उपलब्ध कराने में सिंधौली सीएचसी मंडल में अव्वल रही है। सोमवार को एडी हेल्थ डॉक्टर पुष्पा पंत ने सिंधौली के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ज़फ़र सैफी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।इस दौरान उन्होंने कहा कि सिंधौली सीएचसी द्वारा लगातार महिला नसबंदी,पुरुष नसबंदी और अंतरा,छाया एवं पीपी आईयूसीडी पर बेहतर काम किया जा रहा है।बरेली मंडल के सभी ब्लॉक में सबसे अच्छा कार्य सीएचसी सिंधौली द्वारा किए जाने पर यह सम्मान उनके प्रभारी डॉक्टर जफर को प्रदान किया जा रहा है। इस दौरान डॉक्टर ज़फ़र सैफी ने बताया कि यह कार्य सिंधौली की पूरी टीम की मेहनत और लगन का परिणाम है। टीम लक्ष्य और गुणवत्ता साथ ही शासन की मंशा के अनुसार कार्य कर रही है। उनका लक्ष्य केवल परिवार नियोजन ही नहीं बल्कि स्वास्थ्य विभाग की प्रत्येक योजना में इसी प्रकार प्रदर्शन करना है। उनकी इस उपलब्धि पर शाहजहांपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आर के गौतम ने सिंधौली सीएचसी की पूरी टीम को बधाई दी है।

## उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा 100 कृषकों का प्रशिक्षण

स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहांपुर/**उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिचाइ योजना प्रदेश मे संचालित उपघटक पर ड्रॉप मोर काप माइकोईरीगेशन (पीडीएमसी) के अन्तर्गत दिनांक 08.01.2025 समय पूर्वान्ह 11ः00 बजे स्थान कृषि विज्ञान केन्द्र, नियामतपुर, शाहजहाँपुर मे 100 कृषकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें योजना के कियान्वयन एवं उसकी उपादेयता व भूगर्भ जल के दोहन में कमी लाने के दृष्टिगत पुनीत कुमार पाठक, जिला उद्यान अधिकारी, शाहजहाँपुर द्वारा उत्तर प्रदेश सूक्ष्म सिंचाई प्रोजेक्ट के कियान्वयन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई जिस अवसर पर उनके द्वारा बताया गया कि गन्ने/गेहूं/औद्यानिक फसलों मे सूक्ष्म सिंचाई पद्धति (ड्रिप/मिनी स्प्रिंकलर) की स्थापना पर लघु सीमान्त कृषक/महिला/अनु0 जाति/अनु0 जनजाति के कृषकों को 90 प्रतिशत के अतिरिक्त अन्य सभी श्रेणियों को 80 एवं रेनगन व पोर्टेबल स्प्रिंकलर पर 65-75 प्रतिशत




अनुदान देय है। जनपद में यू0पी0 एम0आई0पी0 (पीडीएमसी) मे पंजीकृत निर्माता फर्म यथा मे0 अनंत इरीगेशन, धानुका, मोहित इण्डिया, के प्रतिनिधियों द्वारा सिंचाई पद्धति की तकनीकी जानकारी प्रदान की गई।

जितेन्द्र कुमार मिश्र, जिला गन्ना अधिकारी द्वारा ड्रिप सिंचाई पद्धति की गन्ने की फसल में उपयोगिता के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई एवं कृषकों से गन्ने की फसल में ड्रिप के प्रयोग को बढावा देने का अनुरोध किया गया। डा0 नरेन्द्र प्रसाद, वैज्ञानिक (कृषि प्रसार), डा0 महेश कुमार, वैज्ञानिक (उद्यान) एवं डा0 विमल कुमार सिंह, वैज्ञानिक (कीट) द्वारा सूक्ष्म सिंचाई पद्धति की कृषि व औद्यानिक फसलों में उपयोग के विषय में विस्तृत तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। डा0 नूतन वर्मा, प्राध्यापिका (पादप रोग विशेषज्ञ) द्वारा फसलों में विभिन्न रोगों के एकीकृत रोग प्रबन्धन के विषय मे बताया गया। डा0 विद्या गुप्ता, वैज्ञानिक (गृह विज्ञान) द्वारा गृह वाटिका के रखरखाव व महत्व के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान मौके पर विजय पाल, ए0एस0एम0, अनिल कुमार, उ0नि0, राकेश कुमार व श्रीमती दिव्या यादव, स0उ0नि0 इत्यादि उपस्थित रहे।

## मंदिर की छत तोड़ने से भड़के हिंदू युवा संगठन के कार्यकर्ता, जताई नाराजगी

● हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश अ के संस्थापक ने मौके पर पहुंचकर की कार्यवाही की मांग

स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहांपुर-** सिधौली थाना क्षेत्र के गांव दिवाली में प्राचीन शिव मंदिर की छत का छज्जा तोड़कर मंदिर से सटाकर दिवार उठाने की खबर से हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश अ के कार्यकर्ता भड़क उठे। ग्रामीणों द्वारा इसकी जानकारी दिए जाने पर मंगलवार को संगठन के संस्थापक/अध्यक्ष अवनीश मिश्रा, प्रदेश संगठन मंत्री कमल दीक्षित के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारियों से वार्ता की। खबर लगते ही सिधौली कोतवाली के एसआई मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने बताया कि ये शिव मंदिर 1972 में गांव के किनारे बनाया गया था। साल 2020 में पड़ोस में एक व्यक्ति ने जगह खरीद ली। 2 दिन पहले जगह खरीदने वाले व्यक्ति ने मंदिर के छज्जे की छत को तोड़ दिया और उसके किनारे से मंदिर से सटाकर दीवार उठा ली। इसकी शिकायत सिंधौली कोतवाली पुलिस से की गई। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिस पर संगठन के पदाधिकारियों ने नाराजगी जताई और तुरंत सिधौली इंस्पेक्टर के साथ ही नायब तहसीलदार से बात की और समस्या का समाधान करने की मांग की। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियो ने कहा कि मंदिर का छज्जा तोड़ने वालों पर कार्रवाई की जाए और मंदिर से सटाकर उठाई गई दीवार को तोड़ा जाए। अगर उनकी यह मांग पूरी नहीं होती है तो संगठन जिला स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। इस मौके पर संगठन के पुवायां अध्यक्ष भारत राठौर, दिव्यांशु सिंह, खुटार मंत्री अकुल शर्मा, राजकुमार, दिनेश कुमार, बबलू, सुरेश सिंह आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

## पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुसकर विकलांग के साथ की गई मारपीट, नाबालिग युवती के साथ की छेड़छाड़

स्वतंत्र प्रभात

**पीलीभीत** जनपद के थाना अमरिया क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति के द्वारा थाना अमरिया पुलिस से लिखित रूप से शिकायत करते हुए शिकायत पत्र में बताया गया है प्रार्थी की पुत्री जिसकी उम्र 16 वर्ष है घर में अकेली थी। समय करीब 5ः00 बजे शाम दिनांक 7 जनवरी 2025 को मेरे गांव के संदीप एवं राजेश पुत्र गण बाबूराम प्रार्थी के घर में घुस आए और मेरी नाबालिग पुत्री के साथ छेड़छाड़ कर बुरी नीयत से छुआ। प्रार्थी की पुत्री ने शोर शराबा करना शुरू किया तो शोर की आवाज पर प्रार्थी घर में आ गया तथा उपरोक्त के चंगुल से अपनी पुत्री को छुड़ाने लगा। इसी बीच संदीप का पिता




बाबूराम पुत्र मिड़ई लाल भी प्रार्थी के घर में घुस आया।

प्रार्थी और उसकी नाबालिग पुत्री के साथ लाठी डंडों से उपरोक्त लोग मारने पीटने लगे तभी उपरोक्त लोग बोले पुराने मुकदमे में समझौता कर ले। जाते समय उपरोक्त लोग जान से मारने की धमकी दे गए हैं। उपरोक्त प्रकरण पर कोतवाल अमरिया के द्वारा बताया गया है डालचंद और उनके पुत्रों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज है। डालचंद के द्वारा दिए गए शिकायत पत्र पर जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी, अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### प्रधानमंत्री आवास 2024 प्लस योजना सर्वे कार्य प्रारंभ



**भदोही/** सुरियावा दिनांक 8 जनवरी 2025 को भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्रधानमंत्री 2024 आवास प्लस योजना का सर्वे कार्य खंड विकास कार्यालय सुरियावा के ग्राम पंचायत ललिपुर के राजस्व गांव बहरिया एक बनवासी बस्ती में शुरू किया गया जिसका लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिलेगाइस मौके पर खंड विकास अधिकारी सुरियावां सुधाकर दुबे जी के आर ई डी अखिलेश सिंह एडियो कोऑपरेटिव राहुल प्रमुख प्रतिनिधि नितेश त्रिपाठी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राकेश कुमार मौर्य सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे लेकिन इस मौके पर ग्राम पंचायत के रोजगार सेवक एवं पंचायत सहायक मौजूद नहीं थे।

### कैंप लगाकर वृद्धा विधवा एवं विकलांग पेंशन के लिए किया गया चिन्हित

**भदोही/**सुरियावादिनांक 8 जनवरी 2025 शुक्रवार को जिला अधिकारी भदोहीविशाल सिंह के आदेश अनुसार विकासखंड सुरियावा के ग्राम सभा जगदीशपुर में सोशल सेक्टर का कैंप आयोजित किया गयाजिसमें निराश्रित महिलाओं पेंशन वृद्धा पेंशन दिव्यांग पेंशन चिन्हित किया गया जिन लाभार्थियों को पेंशन मिल रहा था उनका पेंशन ना आने पर उन्हें केवाईसी एवं एनपीसीआई करने हेतु सूचनाओं दी गई एवं जो नए लाभार्थी का उनके डॉक्यूमेंट लेकर विभाग द्वारा ऑनलाइन किया जाएगा मौके पर विकासखंड अधिकारी सुधाकर दुबे जिला प्रोवेशन अधिकारी शत्रुघ्न कनौजिया एवं विवेक गुप्ता दिव्यांग कार्यालय से गांगुली की समाज कल्याण के कर्मचारी व गांव के सचिव राजनाथ एवं ग्राम प्रधान हेमंत तिवारी सोनू प्रधान ग्राम सभा रोजगार सेवक एवं पंचायत सहायक सहित सम्मानित जनता उपस्थित रही।

### भदोही में भारत भारती इंटर मीडिएट कॉलेज में छात्राओं को किया गया जागरूक

**हेल्प लाइन नम्बर 1090, 112, 1076, 1098, 108 की विस्तृत दी गई जानकारी**



**भदोही।** गोपीगंज के भारत भारती इंटर मीडिएट कॉलेज में बुधवार को मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के अंतर्गत भदोही पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देश पर छात्राओं को कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर 1090, 112, 1076, 1098, 108 की विस्तृत जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया। साथ ही साइबर अपराधों के संबंध में अवगत कराते हुए इससे बचने और सतर्क रहने हेतु 1930 हेल्प लाइन नंबर का उपयोग करने के संबंध में छात्राओं को जानकारी दी गई। सरकार द्वारा महिलाओं से संबंधित संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित उन्हें जागरूक किया गया। इस दौरान कॉलेज की छात्राओं ने भी महिला पुलिसकर्मियों से तमाम सवाल भी पूछे। महिला पुलिस कर्मियों ने छात्राओं को किसी भी तरह की दिक्कत होने पर तुरंत परिजनों अथवा टोल नंबर पर करें।

### कंतित उर्स मेले में नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने दुकानदारों को किया जागरूक



**मीरजापुर।** नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने बेसिक्स टीम एवं पालिका के अन्य कर्मचारियों के साथ कंतित उर्स मेला में स्वच्छता जनसंवाद रैली निकालकर मेले के सभी दुकानदारों को जागरूक किया।उन्होंने सभी दुकानदारों को स्वच्छता संबन्धित पंपलेट देकर अपने दुकानों के बाहर डस्टबिन रखने,कूड़ा कर्मचारियों को ही देने एवं दुकान के आस पास सफाई रखने का आग्रह किया।इसके साथ ही उन्होंने दुकानदारों से कहा कि मेले में आए हुए लोगों से डस्टबिन में ही कूड़ा डालने को कहे,जिससे मेला में स्वच्छता बनी रहे।इस मौके पर सभासद प्रतिनिधि राजकुमार दूबे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## प्रदेश में अपनी तरह की अनूठी पहल गौवंश सुपुर्दुगी कार्यक्रम का जि0पं0अ0, डीएम व सीडीओ ने किया शुभारम्भ

● कृषको, पशुपालको को 101 गौवंश सुपुर्दगी सहित उनके भरण पोषण हेतु पशु आहार, भूसा, दवा किट, कम्बल का हुआ वितरण

परहित सरिस धर्म नहिं भाई, पर पीड़ा सम नहिं अधमाई- जिलाधिकारी

प्राचीन काल से ही गोवंशों का भारतीय जीवन पद्धति में बहुत महत्वपूर्ण स्थान-डीएम

एक गौवंश के संरक्षण पर 1500 रू0 प्रतिमाह सहित 04 गौवंशो के संरक्षण पर मनरेगा से बनेगा टीन शेड-सीडीओ





स्वतंत्र प्रभात

**भदोही** 08 जनवरी 2025:- प्रदेश में अपनी तरह की अनूठी पहल के रूप में 101 गोवंश सुपुर्दगी कार्यक्रम जिलाधिकारी विशाल सिंह के कुशल मार्गदर्शन में व मुख्य विकास अधिकारी के पर्यवेक्षण में अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल हमीदपट्टी औराई में केयर टेकरों को कम्बल वितरण व गोवंश सुपुर्दुगी में सराहनीय योगदान देने वालों को जि0पं0अ0 अनिरूद्ध त्रिपाठी, डीएम, सीडीओ ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उपर्युक्त अतिथियों ने गायो को हल्दी, चंदन, रोरी लगाकर गौ पूजन कर गुड़ व चना खिलाया। गौवंश सहित उनके भरण पोषण हेतु पशु आहार, भूसा, दवा किट, कम्बल सुपुर्द किये गये।

जिलाधिकारी ने कहा कि आईये गोवंश संरक्षण करके स्वावलम्बी बने। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से ही गोवंशों का भारतीय जीवन पद्धति में बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। खेती किसानी से लेकर सभी धार्मिक आयोजनों में गाय के दूध, गोबर, गौमूत्र, आदि की उपयोगिता व प्रासंगिकता आज भी बनी हुई है। दैनिक जीवन में भी पंचगव्य का विशेष स्थान है। जिलाधिकारी ने कहा कि परहित सरिस धर्म नहिं भाई, पर पीड़ा सम नहिं अधमाई अर्थात दूसरों की भलाई के समान कोई दूसरा धर्म नही है, और दूसरों को दुःख पहुचाने के समान कोई दूसरा अधर्म नही है। उन्होंने कहा कि लोग आज निराश्रित गौवंश को छोड़ दे रहे है। उन्होंने बताया कि औराई की गोवंश सुपुर्दुगी पहल गौवंश के संरक्षण में क्रान्ति ला सकती है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह पहल जनपद में पशुपालन को बढ़ावा देना और पशुपालको को आत्मनिर्भर बनाने में निर्भर करेगी।

मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 शिवाकांत द्विवेदी ने बताया कि 04 सैम-मैम बच्चों के पोषण हेतु उनके माता पिता सहित कुल 101 चिन्हित कृषक/पशुपालक/अन्य व्यक्ति को गौवंश सहित उनके भरण पोषण हेतु पशु आहार, भूसा, दवा किट, कम्बल सुपुर्द किये गया। सीडीओ ने बताया कि 01 गौवंश के भरण पोषण हेतु कृषक/पशुपालकों को 1500 रूपये प्रतिमाह प्रदान किया जायेगा। जिन लोगों ने 04 गौवंश संरक्षण हेतु लिए है, उनके यहाँ मनरेगा के अन्तर्गत गौवंशों हेतु टीन शेड लगाया जायेगा। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ0 डीपी सिंह, उप पशुचिकित्साधिकारी डॉ0 एस के शुक्ला ने बताया कि निराश्रित/बेसहारा गौवंश के भरण पोषण हेतु चिन्हित कृषक/पशुपालक/अन्य व्यक्ति को अस्थाई गौवंश आश्रय स्थल से गौवंश की सुपुर्दुगी के प्रमाण पत्र पर सम्बन्धित पशु का टैग नम्बर, प्रजाति, उम्र, लिंग, रंग, सिंह, दूधारू/सुखी आदि जानकारी अंकित है।

खण्ड विकास अधिकारी बृजेश नारायण त्रिपाठी ने बताया कि गौवंश सुपुर्दुगी का यह कार्यक्रम प्रदेश स्तर पर अनूठी पहल है। जिसका शुभारम्भ जनपद भदोही के औराई से किया गया है। आज का यह कदम गौवंशों के संरक्षण में मिल का पत्थर साबित होगा।

गौवंश सुपुर्दुगी कार्यक्रम में विशेष उल्लेखनीय योगदान देने पर खण्ड विकास अधिकारी बृजेश नारायण त्रिपाठी, धनराज कोटार्य, लेखाकार प्रमोद पाण्डेय, हम्मीदपट्टी प्रधान संगीता गौतम, सचिव, उप पशुचिकित्साधिकारी डॉ0 एस के शुक्ला सहित अन्य को डीएम, सीडीओ ने प्रशस्ति पत्र देकर उनके कार्यो की सराहना किया। कार्यक्रम में उपायुक्त स्वतः रोजगार राजाराम, जिला विकास अधिकारी ज्ञानप्रकाश, डीपीआरओ संजय मिश्रा, उप जिलाधिकारी औराई बरखा सिंह, तहसीलदार औराई सुनील कुमार, जिला सूचना अधिकारी डॉ0 पंकज कुमार, सीडीपीओ औराई, सीएम फेलो डॉ0 मधु शास्त्री उपस्थित रहे।

## नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी तरल पर आधारित कृषक गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात




**भदोही** आज दिनांक 08/01/2025 को जनपद भदोही में विकास खंड औराई के "बी पैक्स जाठी" में इफको नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी तरल पर आधारित कृषक गोष्ठी का आयोजन इफको प्रयागराज "उपमहाप्रबंधक श्री एस. सी. मिश्रा" जी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में एडीओ औराई श्री दिनेश पाल, बी पैक्स जाठी अध्यक्ष श्री तेग बहादुर सिंह, बी पैक्स जाठी सचिव श्री शशिकांत तिवारी एवं सचिव बी पैक्स घोसिया, उगापुर, खमरिया एवं बरवा भी उपस्थित थे।

उपमहाप्रबंधक इफको महोदय * द्वारा किसानो को फसलों के लिए आवश्यक पोषक तत्वों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई । किसानो को नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया प्लस के प्रयोग विधि एवं लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। नैनो डीएपी के 5 मिलीलीटर प्रति किलोग्राम की दर से बीज शोधन एवं 5 मिलीलीटर प्रति लीटर के दर से जड़ शोधन करने के बाद आधा घंटा सुखाए उसके बाद बुवाई/रोपाई कर दे एवं जब फसल में पत्तियां आ जाए तो नैनो यूरिया प्लस या नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया प्लस का एक साथ 4 मिलीलीटर/लीटर के दर से पानी में घोल बनाकर छिड़काव करे। नैनो उर्वरकों के प्रयोग से कृषकों के लागत में भी कमी आएगी साथ ही यूरिया एवं डीएपी के अत्याधिक प्रयोग से जल,मृदा एवं पर्यावरण को होने वाले नुकसान से भी अवगत कराया गया।

क्षेत्र अधिकारी इफको भदोही विमल कुमार जायसवाल* द्वारा किसानो को सागरिका, लिक्विड कंसोर्टिया एवं जल विलय उर्वरक के बारे में भी जानकारी दी गई एवं उपस्थित सभी किसानो को संतुलित मात्रा में उर्वरक उपयोग के साथ दानेदार उर्वरकों पर भारत सरकार द्वारा दी जा रही भारी भरकम सब्सिडी से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम के बाद ड्रोन के माध्यम से गेहूं की फसल में नैनो यूरिया प्लस एवं सागरिका तरल का छिड़काव सभी किसानो की उपस्थिति में प्रदर्शन कर दिखाया गया। कार्यक्रम में इफको एसएफए हॉटस्पॉट विकास यादव सहित 70 से अधिक किसानो ने प्रतिभाग किया।

## पत्रकार समाज का सजग प्रहरी,समाज के पटल पर रखें सच - घनश्याम पाठक

● पत्रकारिता शासन-प्रशासन और जनता के बीच करता है सेतु का काम, निष्पक्षता जरूरी

पिपरिस में पत्रकार प्रेस क्लब की ओर से आयोजित आईकार्ड वितरण सम्मान समारोह सकुशल संपन्न



स्वतंत्र प्रभात

**भदोही।** पत्रकारिता शासन-प्रशासन और जनता के बीच सेतु का काम करती है। नकारात्मक विचारों को सकारात्मक रूप देने के लिए भी चिंतन और प्रयास की आवश्यकता है। आम जनता की बेहतरी के लिए पत्रकारिता का उपयोग कैसे हो, इसके लिए सोचना जरूरी है। कुशल पत्रकारिता निश्चित रूप से अपनी छाप छोड़ते हैं। साथ ही पत्रकारों की सजगता से समाज में जागरूकता आती है। ऐसे में लोकतंत्र का चौथा स्तंभ समाज में अपना अलग महत्व रखता है।

उक्त बातें बतौर मुख्य अतिथि पत्रकार प्रेस क्लब के संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पाठक ने भदोही के पिपरिस में बुधवार को पत्रकार प्रेस क्लब (पीपीसी) की ओर से आयोजित आईकार्ड वितरण सम्मान समारोह में कहीं। श्री पाठक ने कहा कि पत्रकार समाज का सजग प्रहरी है। वे समाचारों को निष्पक्षता सत्यता के साथ प्रस्तुत करें। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से यह अपेक्षा है कि वे समाज को एक स्वस्थ संदेश दें,तथा सकारात्मक विचारों के माध्यम से देश की प्रगति में सहभागी बने। कार्यक्रम की अध्यक्षता पत्रकार धीरेंद्र दुबे तथा संचालन पत्रकार दीपक मिश्रा ने किया। पत्रकार प्रेस क्लब के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पाठक के साथ प्रदेश सलाहकार सचिव/प्रदेश मीडिया प्रभारी दीपक मिश्रा,पूर्वांचल महासचिव डीपी तिवारी,मंडल उपाध्यक्ष सुरेश मिश्रा, जिलाध्यक्ष दीलिप दुबे, जिला संयोजक आशीष सोनी, जिला उपाध्यक्ष उमेश दुबे, जिला संगठन मंत्री विष्णु दुबे, जिला सचिव धीरेन्द्र दुबे, जिला सचिव विकास मिश्रा, तहसील अध्यक्ष औराई विजय दुबे,महेंद्र तिवारी,विकास पाण्डेय, विजय तिवारी, मनोज वर्मा, सुभाष सिंह, पंकज बिंद, सुधीर उपाध्याय, अमित दुबे, हरीश सिंह, दीपक श्रीवास्तव, शिवनारायण दुबे, संजय सिंह, विश्राम बिंद, अवधेश बिंद, माताशंकर दुबे, हौसिला दुबे, बाबा सिंह,मुन्ना सिंह,भरतलाल दुबे, नरसिंह सिंह, बबलू सिंह, सतीश सिंह, जितेंद्र सिंह, दीपक सिंह विकास सिंह सहित दर्जनों पत्रकार उपस्थित रहे।

## कृषि विभाग के कर्मचारियों द्वारा फार्मर रजिस्ट्रेशन कराने हेतु प्रचार प्रसार किया गया

**सीखड़, मीरजापुर।** कृषि विभाग के एडीओ पी,पी लालबहादुर सिंह के कुशल नेतृत्व में विकास खण्ड के ग्राम पंचायत धन्नुपुर पसियाही, विद्यापुर, धनैता आदि ग्राम पंचायतों में कृषि विभाग के कर्मचारियों के द्वारा फार्मर रजिस्ट्रेशन कराने हेतु व्यापक प्रचार प्रचार किया गया। वहीं कर्मचारियों द्वारा किसान भाइयों को बताया गया कि सभी किसान भाई अपने-अपने नजदीकी सहज जनसेवा केंद्र से सम्पर्क करके अपने खतौनी आधार कार्ड मोबाइल नंबर ले जाकर फार्मर रजिस्ट्रेशन जरूर करा लें देर न करें। हम लोगों द्वारा विकास खण्ड के सभी 35 ग्राम पंचायत के किसान भाइयों से फार्मर रजिस्ट्रेशन कराने हेतु सुझाव दिया जाएगा। अभियान में प्रभारी बीज गोदाम डॉ बिनेंद्र प्रताप सिंह, एटीम धर्मराज सिंह, संदीप कुमार



जयप्रकाश सिंह सहित सैकड़ों क्षेत्रीय ग्रामीण किसान भाई जन रहे।

## ओबीटी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित कार्यक्रम में डीएम ने वृक्षारोपण कर वितरित किया कंबल

● नर सेवा नारायण सेवा है- जिलाधिकारी

दिव्यांगों ,वंचितों, विधवाओं को डीएम ने कंबल वितरित कर प्रदान किया आत्मीय संबल

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही** 08 जनवरी 2025-ओबीटी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत दिव्यांग,वंचित, एवं विधवाओं को जिलाधिकारी विशाल सिंह द्वारा जूनियर हाई स्कूल,लालानगर में वृक्षारोपण कर कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने ओबीटी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किए गए सामाजिक व मानवीय कार्यों की प्रशंसा करते हुए बताया कि नर सेवा नारायण सेवा है। ऐसे कार्यक्रमों में हम सभी को बढ़-चढ़कर सहभागिता करनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कंबल वितरित करते हुए कहां कि शीतलहरी व ठंड में वंचितों,गरीबों को कंबल वितरण कर उनको संबल प्रदान करना चाहिए। उपस्थित छात्र छात्रा रूपी बच्चों के साथ डीएम ने फोटो खींचाते हुए उन्हें कापी, किताब,



पेंसिल, रबर, मिठाई देकर उनकी पढ़ाई-लिखाई,हाल-चाल पूछते हुए उन्हें आगे पढ़ने बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर ओबीटी के डायरेक्टर राजेश कुमार सिंह, प्रेसिडेंट आई बी सिंह, जसवंत कुमार, विनोद पांडेय व अन्य उपस्थित रहे।

## नव वर्ष स्नेह मिलन सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**सीखड़, मीरजापुर।** हरदरा गांव में स्थित खेल मैदान के प्रांगण में भारतीय जीवन बीमा निगम के विकास अधिकारी डॉ राजकुमार सिंह के सौजन्य से नव वर्ष स्नेह मिलन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में श्वेता, निशांत, अयान्श, प्रीत, आराध्या, रैनकुमारी, दीप्ति,कार्तिक, रिया,वैष्णवी, जाह्नवी राज, दीक्षा जैन, निशा, जिज्ञासा जायसवाल, उज्जवल सोनी, अनुष्का, श्रेष्ठ पाण्डेय, उन्नति, विशेष राज सिंह, यशित राज सिंह व दर्शिका सिंह आदि बच्चों ने भाषण, गायन व मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर मन मोह लिया।महोत्सव में कवि सम्मेलन का भी आयोजन हुआ कवि डॉक्टर विनोद कुमार स्वामी ने कबी पाठ में कहा कि शराब पीने वाला पीता नहीं शराब, पीता है इससे बच्चों के सपने पत्नी का जीवन खराब होता है कवि विशाल सिंह ने कहा हाय वो बेवफा निकली, कवि डॉक्टर सुरेश अकेला ने कहा उसका नाम कोई क्यों याद करे जिसने किसी के लिए कुछ किया ही नहीं, महोत्सव में नशा छोडो बचत से नाता जोड़ो विषय पर उपस्थित विद्वानों ने चर्चा की वाराणसी के महापौर अशोक तिवारी मुख्य अतिथि व अम्बरीष सिंह भोला विशिष्ट अतिथि रहे। महोत्सव के आयोजक डॉक्टर राजकुमार सिंह ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। महोत्सव में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन दिनेश गुप्ता व डॉक्टर विनोद कुमार स्वामी ने संयुक्त रूप से किया। महोत्सव में शिव प्रकाश चौबे, मनीष कुमार पाण्डेय, कृष्णा पांडेय शीतलेश्वर प्रसाद पाठक जय लाल, श्रवण कुमार, पूनम प्रजापति, लोकनाथ गुप्ता, नंदनी श्रीवास्तव, नैना सोनी पांडेय सहित अभिकर्ता व गाँव क्षेत्र के सैकडों लोग उपस्थित रहे।

## डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित कमेटी का अभिनंदन समारोह का किया गया आयोजित

स्वतंत्र प्रभात




**मीरजापुर।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित कमेटी का अभिनंदन समारोह कचहरी परिसर मेंआयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि राष्ट्रवादी मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि अधर्म और अन्याय के विरुद्ध आदि काल से संघर्ष चला आ रहा है। जिसके खिलाफ आज का अधिवक्ता समाज पूरे मनोयोग से दूसरों को न्याय दिलाने के लिए लड़ता है। उसकी मंशा अन्याय के खिलाफ न्याय की लड़ाई में सत्य की जीत के लिए होती हैं । उन्होंने कहा कि अन्याय एवं धर्म के खिलाफ जारी जंग में सत्य और न्याय की जीत हो इसके लिए हम सबको निरंतर प्रयास करना होगा। पीड़ित व्यक्ति अमीर हो या गरीब उसे न्याय पाने का पूरा अधिकार है । जिसके लिए न्याय के मंदिर के पुजारी होने के नाते अधिवक्ता समाज का पुनीत कर्तव्य है कि अधर्म एवं अन्याय के खिलाफ जारी जंग में धर्म और न्याय की जीत हो।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुशील कुमार दुबे ने कहा कि अधिवक्ता समाज सदैव से न्याय के लिए संघर्ष करता रहा है। यह संघर्ष आज भी जारी है सबके साथ न्याय हो इसके लिए सदैव संघर्ष का क्रम जारी रहेगा। समारोह में नव निर्वाचित अध्यक्ष सुशील कुमार दुबे एवं सचिव संजय चौधरी को अंग वस्त्र एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में कमिशनरी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विमला शंकर दूबे, डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष निवर्तमान अध्यक्ष संजय उपाध्याय,पूर्व अध्यक्ष कृष्णमोहन तिवारी, राष्ट्रवादी मंच के नगर अध्यक्ष आनंद अग्रवाल,एडवोकेट पारस मिश्रा,जीतलाल यादव,मधुकर मिश्रा, शिवम श्रीवास्तव, विनोद कुमार पांडेय, संतोष सोनकर,राजेश सिन्हा,अवनीश कुमार पांडेय, विष्णु चंद त्रिपाठी, अवधेश त्रिवेदी, अंकित सिंह, जितेंद्र तिवारी सहित सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित रहै। संचालन एडवोकेट रूद्र प्रकाश गोस्वामी ने किया।

## चेकपोस्ट पर संदिग्ध वाहनों की पुलिस ने की सघन जांच

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट ब्यूरो:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बुधवार को प्रयागराज महाकुंभ मेला 2025 के दृष्टिगत अन्तर्राज्यीय कोतवाली कर्वी अंतर्गत देवागंना बैरियर में संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग की। साथ ही उन्होंने मऊ थाने का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सोमवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने आगामी महाकुंभ के दृष्टिगत शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोतवाली कर्वी अंतर्गत अन्तर्राज्यीय बैरियर देवागंना पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने देवागंना बैरियर पर बनाए जा रहे चेक पोस्ट का निरीक्षण भी किया। उन्होंने चेक पोस्ट में उपस्थित पुलिस कर्मियों रिहर्सल कराया। उन्होंने पुलिस कर्मियों को चंकिंग के दौरान संदीग्ध व्यक्तियों व वाहनों की पहचान करने के तरीके तथा मार्ग से निकलने वाले व्यक्तियों को जंगल का रास्ते होने के कारण बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी देने के निर्देश दिए। इस मौके पर कर्वी कोतवाली प्रभारी उपेन्द्र नाथ सिंह, थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह, पीआरओ प्रवीण सिंह आदि मौजूद रहे।

इसी प्रकार पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने थाना मऊ का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर की साफ-सफाई, कार्यालय में रजिस्टरों के उचित रख-रखाव, बंदीगृह, सीसीटीएनएस कार्यालय, प्रभारी निरीक्षक कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, नवनिर्मित भवन व अस्पताल का निरीक्षण कर परिसर



के अन्दर रखे कण्डम सामान को व्यवस्थित रखकर साफ-सफाई कराने एवं महाकुंभ प्रयागराज के दृष्टिगत थाना क्षेत्र में लगातार चेकिंग करने, रास्ते से अतिक्रमण हटवाने व रोड पर अनावश्यक रूप से वाहन खड़े न होने देने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी यामीन अहमद, प्रभारी निरीक्षक मऊ विनोद कुमार राय, पीआरओ प्रवीण सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहें।

## गैर इरादतन हत्या के मामले में आधा दर्जन आरोपियों को 10-10 वर्ष की कैद

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट:** पड़ोसियों के बीच रात्रि में हुए विवाद के दौरान फरसे चलने से एक व्यक्ति की गैर इरादतन हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने आरोपी पिता को उसके पांच बेटों के साथ 10-10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही इस घटना में दूसरे पक्ष के भी कई लोगों के घायल होने के मामले में दोष सिद्ध होने पर सात लोगों को तीन-तीन वर्ष की सजा सुनाई है। दोनों पक्षों के आरोपियों को अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया है।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुंदर मिश्रा ने बताया कि राजापुर थाने के सरधुवा गांव के कल्याणीपुरवा निवासी सोमदत्त ने बीती 24 मई 2020 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वादी के अनुसार 23 मई 2020 को रात दस बजे वह अपने भाई गणेश के साथ घर में खाना खा रहा था। इस दौरान पड़ोस में रहने वाला बद्री निषाद अपने पांच लड़कों ननकौना, बुद्धि, बच्चू, बाबू व कलुवा के साथ अपने छत पर चढ़कर उनको और पूरे गांव वालों को गाली देने लगे। जिस पर वह अपने भाई गणेश और पत्नी नीलम के साथ छत पर गया और गाली देने का विरोध किया। इस पर बद्री निषाद ने अपने बेटों के साथ उन पर लाठी, डंडों और फरसे से हमला कर दिया। जिससे उसके भाई गणेश के सिर पर गंभीर चोट आई और उसकी मौत हो गई। साथ ही उसकी पत्नी नीलम, भाई बुद्धराज व ओमप्रकाश भी गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान उन लोगों की गुहार सुनकर गांव के लोग एकत्रित हुए। जिस पर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। जिसके बाद उन्होंने थाने जाकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। इस घटना में मारपीट के दौरान दूसरे पक्ष के लोग भी घायल हुए थे। दूसरे पक्ष की रानी देवी ने भी थाने में सोमदत्त, नंगा, पंचू, शंकर प्रसाद, राजा, खूनी व बुद्धराज निषाद के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष की दलीलें सुनने के बाद बुधवार को सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने निर्णय सुनाया। जिसमें गैर इरादतन हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर बद्री निषाद व उसके पांचों बेटों ननकौना, बुद्धि, बच्चू, बाबू व कलुवा को 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास व अर्थदण्ड की सजा सुनाई। साथ ही दूसरे पक्ष के सोमदत्त, नंगा, पंचू, शंकर प्रसाद, राजा, खूनी व बुद्धराज निषाद को मारपीट के मामले में दोष सिद्ध होने पर तीन-तीन वर्ष कारावास व अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## विकास खण्ड सरसवां में रोजगार मेले का आयोजन सम्पन्न

**कौशाम्बी।** जिला सेवायोजन अधिकारी गौतम घोष द्वारा अवगत कराया गया कि जिला सेवायोजन कार्यालय के माध्यम से विकास खण्ड सरसवॉ के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कम्पनियों एवं जिला सेवायोजन कार्यालय, के माध्यम से सिक्योरिटी के क्षेत्र में रुचि रखने वाले अभ्यर्थियों को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से एस0आई0एस0 सिक्योरिटी, लि0 लखनऊ के द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें भर्ती अधिकारी द्वारा शारीरिक परीक्षण के बाद कुल 08 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इसी क्रम में दिनांक-09-01-2025 एवं 10-01-2025 को बारा (कौशाम्बी) ब्लाक परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। सिक्योरिटी के क्षेत्र में रुचि रखने वाले जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थी प्रातः 10 बजे पहुँचकर प्रतिभाग कर सकते हैं।

## जनपद न्यायालय में 05 स्थानीय अवकाश घोषित

**कौशाम्बी।** जिला जज अनुपम कुमार ने मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निर्देशानुसार जनपद न्यायालय में 05 स्थानीय अवकाश घोषित किये हैं। उन्होंने 14 जनवरी 2025 मकर संक्रान्ति,15 मार्च 2025 बैजला होली, 28 मार्च 2025 जमात-उल-विदा/रमजान का अन्तिम शुक्रवार, 01 अक्टूबर 2025 महानवमी एवं 23 अक्टूबर भैयादूज को स्थानीय अवकाश घोषित किया है।

## जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य सहित 27 प्रत्याशियों ने किया आवेदन



**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा नियुक्त चुनाव पर्यवेक्षक प्रदेश महामंत्री विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता व प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा जिला चुनाव अधिकारी शिवशंकर सिंह की उपस्थित में पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य सहित 27 लोगों ने अपना आदेवन जमा किया। जिसमें से 24 लोगों ने जिलाध्यक्ष पद हेतु व 2 लोगों ने प्रदेश परिषद पद हेतु आवेदन किया साथ ही 1 ने जिलाध्यक्ष व प्रदेश परिषद दोनों के लिए आवेदन किया।

## नवनियुक्त सभी मण्डल अध्यक्षगण सच्ची निष्ठा और ईमानदारी से करें कार्य - अनूप गुप्ता



**कौशाम्बी।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व द्वारा नियुक्त जनपद के 13 मण्डल अध्यक्षों को व जिला प्रतिनिधिगणों को भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री व (चुनाव पर्वेक्षक)विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता ने सम्बोधित करते हुए तमाम संगठनात्मक बातों को विस्तार से बताया कि मण्डल अध्यक्ष का पद पार्टी की एक बड़ी जिम्मेदारी है और प्रत्येक मण्डल अध्यक्ष की ये जिम्मेदारी है कि पार्टी की जो भी नीति है जन जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। और तमाम संगठन की बातों को विस्तार से बताया। जिलाध्यक्ष भाजपा धर्मराज मौर्य ने नवनिर्वाचित सभी मण्डल अध्यक्षों व जिला प्रतिनिधि को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया व उनके उज्जवल भविष्य और कार्यकाल की शुभकामनाएं दी। साथ में प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा व जिला चुनाव अधिकारी शिवशंकर सिंह भी मौजूद रहे सभी मण्डल अध्यक्षगण को अपनी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर तमाम पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सोशल मीडिया पर बदनाम कर रहे व्यक्ति के खिलाफ दी थाने में तहरीर

एट कस्बा में रहने वाले नवल शर्मा पुत्र अशर्फीलाल निवासी धगुंवा कला हाल निवास कोटरा मोड एट ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि कस्बे के ही बसंत पटेल पुत्र स्वर्गीय भगवान सिंह निवासी छोटी माता मंदिर एट जो कि शराब पीकर सोशल मीडिया पर कुछ समय से मुझे मेरे घर वालों को षड्यंत्र के तहत फसाने का काम कर रहे हैं वहीं पीड़ित ने बताया कि मुझे इनसे कोई लेना-देना नहीं है और यह व्यक्ति मुझे वे वजह बदनाम करने में लगा हुआ है वही पीड़ित ने थाने में तहरीर दे दी है वहीं पुलिस का कहना है की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# सनातन संस्कृति के सबसे बड़े आयोजन के लिए उत्तर प्रदेश तैयार- जयवीर सिंह

**● - सनातन संस्कृति के सबसे बड़े आयोजन के लिए उत्तर प्रदेश तैयार- जयवीर सिंह**




स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज विश्व के सबसे बड़े धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक समागम महाकुम्भ-2025 की तैयारियों का जायजा लिया। प्रयागराज में महाकुंभ की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण के तत्पश्चात मंत्री जयवीर सिंह ने सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा, कि 'महाकुम्भ भारतीय आस्था के स्पंदन का प्रतीक है। राज्य सरकार का प्रयास है कि महाकुम्भ से लौटने वाला प्रत्येक श्रद्धालु एक सुखद अनुभूति लेकर जाए। उन्होंने कहा, सनातन संस्कृति में आस्था रखने वाले लगभग 40 से 50 करोड़ श्रद्धालुओं के इस महाकुम्भ में आने की संभावना है।' मीडिया को संबोधित करते हुए श्री जयवीर सिंह ने कहा, 'कुंभ क्षेत्र में श्रद्धालुओं के ठहरने, आने-जाने में कोई कठिनाई न हो इसके लिए समुचित प्रबंध किए गए हैं। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं का निरीक्षण किया। तैयारियां हमारे मनोनुकूल है। नेत्र चिकित्सालय भी देखा। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जिस आशा और उम्मीद से महाकुम्भ के लिए कदम बढ़ाया था, सकारात्मक रुख के साथ निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, प्रयागराज शहर में 20 लघु मंचों के माध्यम से प्रदेश की विभिन्न लोक कलाओं, क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा 45 दिनों तक भव्य प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने ये भी कहा कि महाकुम्भ में भव्य ड्रोन शो और लेजर शो भी आयोजित कराया जाएगा, जल्द तारीखों की घोषणा की जाएगी।'

श्री जयवीर सिंह ने बताया, कि 'महाकुम्भ के दौरान 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज देशभर के कलाकारों के संगम का भी अवसर प्रदान करेगा। श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए विविध विधाओं के शीर्ष कलाकार प्रस्तुति देंगे। महाकुम्भ में भव्यता, दिव्यता एवं अलौकिकता का अनुभव कर सके, इसके लिए तमाम सुविधाएं सुलभ कराई जा रही हैं। उप्र.पर्यटन निगम (यूपीएसटीडीसी) ने पर्यटकों के लिए विभिन्न टूर पैकेज भी तैयार की है। उन्होंने नववर्ष की बधाई देते हुए मीडिया बंधुओं एवं प्रदेश के जागरूक नागरिकों से अपील की है कि सनातन संस्कृति को ऊंचाई पर ले जाने के लिए महाकुम्भ-2025 की ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग भी करें।'

मंत्री जयवीर सिंह ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में उप्र.पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित 'महाकुंभ-2025 प्रील्यूड' का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, कि महाकुम्भ-2025 में आस्था की डुबकी लगाने के लिए देश के केन्द्रीय नेताओं एवं प्रदेश तथा संघ क्षेत्रों के श्राज्यपाल, मुख्यमंत्रियों तथा एल0जी0 को भी आमंत्रित किया गया है। विभिन्न देशों के राजदूतों को भी इसमें अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए अनुरोध किया गया है। पर्यटन विभाग की ओर से पांच एकड़ में यूपी स्टेट पवेलियन की स्थापना की जा रही है, जिसमें कुल 12 सर्किट को प्रदर्शित किया जाएगा। वृहद मानचित्र पर थ्री-डी तकनीक के माध्यम से अयोध्या, काशी, मथुरा, प्रयागराज, कुशीनगर, सारनाथ, नैमिषारण्य सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों को दर्शाया जाएगा।'

उप्र. पर्यटन विभाग की विशेष सचिव पर्यटन ईशा प्रिया ने महाकुम्भ से जुड़ी हर छोटी-बड़ी जानकारी की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महाकुम्भ-2025 से संबंधित समस्त जानकारियों के लिए वेबसाइट एवं ऐप बनाया गया है। 990 पर्यटन स्कॉर्ट्स गाइड, 1500 वेंडर्स की ट्रेनिंग कराई गई है। 1000 टैक्सी-ऑटो ड्राइवर और 600 नाविकों को स्टोरी टेलिंग का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। ये सभी श्रद्धालुओं/पर्यटकों को कुंभ की कथा सुनाएंगे। उन्होंने बताया, कुंभ में क्या करें, क्या न करें इसके लिए एक पत्रिका तैयार की गई है। निःशुल्क मिलने वाली पत्रिका सभी पर्यटन केंद्रों पर आगंतुकों के लिए उपलब्ध होगी। इसी तरह विभाग ने पर्यटकों के लिए मैप, 'द फेथ', बुकलेट आदि की व्यवस्था की गई है। भारत की समस्त भाषाओं में बुकलेट उपलब्ध होगी, ताकि अन्य प्रान्त से आने वालों को कोई दिक्कत न हो। ऐप के जरिए पर्यटक/श्रद्धालु आसपास के पर्यटन स्थलों की जानकारी भी ले सकते हैं। उन्होंने कहा, ओडीओपी के तहत स्टॉल लगाए जाएंगे। इसी प्रकार, ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित वस्तुओं के माध्यम से रूरल टूरिज्म को भी प्रमोट करेंगे। विशेष जानकारी मेला सेंटर से ली जा सकती है। उ0प्र0 पर्यटन निगम (यूपीएसटीडीसी) की एमडी सुश्री सान्या छाबड़ा ने पर्यटन निगम द्वारा मेले में की गयी तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि, %यूपीएसटीडीसी ने विभिन्न पैकेज तैयार किए हैं जिसकी जानकारी संबंधित वेबसाइट पर उपलब्ध है। श्रद्धालु ऑनलाइन गाइड की बुकिंग कर सकते हैं। यह सुविधा मेला सेंटर पर भी उपलब्ध होगी। भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय की ओर से कला ग्राम बसाया गया है। टेंट सिटी में भी सभी सुविधाएं उपलब्ध करवायी गई है। उन्होंने बताया, रेलवे, हवाई अड्डे या अन्य सड़क मार्ग से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यातायात आदि की सुविधा होगी। योग, मेडिटेशन सेंटर के साथ-साथ हेलीकॉप्टर जॉयराइड की भी सुविधा दी जा रही है। 7-8 मिनट की हेलीकॉप्टर सवारी के लिए 3000 रुपए देने होंगे।

# तालाब और गांव की सरकारी भूमि पर हुआ फ्रॉड,अंकन हो रहे तालाबी नम्बर पर हो रहा अवैध कब्जा

स्वतंत्र प्रभात




**कौशाम्बी।** जनपद में संदीपन घाट थाना क्षेत्र के बलिहावा देह गांव में गाटा संख्या 39 बंजर की भूमि पर 19 अगस्त 2020-21 में पेयजल जीवन की चयनित टण्की हेतु की गई किन्तु प्रधान व लेखपाल की मिली भगत से उक्त भूमि पर माफियाओं का अवैध कब्जा कर दिया गया तथा तालाब पुराना नम्बर 67 रक्बा 10 बीघा दो विश्व 19 धूर पर जमीदारी में तालाब दर्ज रहा जिसका नया नम्बर 42 आकार पत्र 39 में फ्रॉड कूट रचनाकर काट पीट करके कुछ लोगों के नाम अवैध दर्ज किया गया है 11 जुलाई 2024 को कमिश्नर प्रयागराज को पत्र दिया गया जो डाक वही नंबर 2810 के द्वारा जिला अधिकारी कौशाम्बी को भेजा गया। 26 दिसम्बर 2024 को जिला अधिकारी कौशाम्बी को प्रार्थना पत्र दिया गया और उपजिला अधिकारी चायल को भी कार्यवाही हेतु भेजा गया किन्तु भू माफियाओं द्वारा जिनका नाम फ्रॉड और फर्जी द्वारा दर्ज है।

अवैध निर्माण प्रारम्भ किये जाने पर फोन के जरिये तहसीलदार को सूचित किया गया लेकिन मिली भगत के कारण से भू माफिया लोग मान नहीं रहे हैं जिला अधिकारी कौशाम्बी को भेजे गये आदेश का अनुपालन सुनिश्चित नहीं किया गया जिला अधिकारी कौशाम्बी के द्वारा आदेशित हो कर तहसील से प्राप्त आख्या प्राप्त कर प्रार्थी गणों की बातों को सुना जाये। और हो रहे अवैध निर्माण को रोका जाये।

# आयुष्मान आरोग्य मन्दिर केन कड़ा में एनक्यूएएस का वर्चुअल किया गया प्रसारण

स्वतंत्र प्रभात




**कड़ा कौशाम्बी।** जनपद में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कड़ा के अन्तर्गत आयुष्मान आरोग्य मन्दिर केन में बुधवार को राष्ट्रीय स्तर पर वर्चुअल एसेसमेंट किया गया।विदित हो कि आयुष्मान आरोग्य मन्दिर टाइप ए सेन्टर की तरह सेवन सर्विस पैकेज के तहत अपनी सेवाएं जन-जन तक पहुंचा रहा है। अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देशन में समस्त आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए एनक्यूएएस प्रमाणीकरण पर कार्य कराया जा रहा है।उसी क्रम में राष्ट्रीय स्तर की टीम द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर केन का वर्चुवल एसेसमेंट किया गया।पश्चिम बंगाल से डॉ सेबाब्रत राय व कनार्टक से डॉ सुगंथिरा द्वारा वर्चुवल माध्यम से आयुष्मान आरोग्य मन्दिर का बारीकी से सर्टिफिकेशन के समस्त बिन्दुओं पर स्टाफ से जानकारी ली गई साथ ही रिकॉर्ड की उपलब्धता एवं इकाई द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाएं, टीकाकरण, फैमिली प्लानिंग काउंसलिंग, एएनसी की जांच, आउटरीच सर्विसेज द्वारा कराए गए कार्य, समस्त नेशनल हेल्थ प्रोग्राम, संचारी तथा गैर संचारी रोग पर कराए गए कार्य आदि की जानकारी ली गयी।इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कड़ा के अधीक्षक डॉ. मो. सऊद सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

# गांव-गांव और बाजारों में अलाव जलाए जाने की मांग को लेकर अपार जिला पंचायत राज अधिकारी को सकिपा ने सौंपा ज्ञापन

**● - गांव गांव और बाजारों में अलाव जलाया जाये .... अजय सोनी**

स्वतंत्र प्रभात




**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में मंगलवार को अपर जिला पंचायत राज अधिकारी कौशाम्बी अजय सिंह को एक ज्ञापन सौंपा गया। सौंपे गए ज्ञापन में गांव गांव और बाजारों में अलाव जलाए जाने की मांग की गई। मंगलवार को समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी अपने कार्यकर्ताओं के साथ अपर जिला पंचायतराज अधिकारी अजय सिंह से मुलाकात की और एक ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में संपूर्ण जनपद के सभी गांवों एवं बाजारों में तत्काल अलाव जलाए जाने की मांग की गई। इस अवसर पर पार्टी नेता अजय सोनी ने कहा कि गांव गांव अलाव न जलाए जाने से भयंकर ठण्ड से लोग ठिठुर रहे हैं जिससे लोग परेशान हैं।

इसी तरह गांवो से जुड़े बाजारों में भी अलाव न जलाए जाने से यात्रा करने वाले लोगों को भारी दिक्कत हो रही है। रोज की भारी ठण्ड से जन जीवन भारी अस्त व्यस्त हैं और अलाव की गांवस्तर पर कोई व्यवस्था नहीं है। आगे कहा कि हम जिला पंचायतराज से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द गांव गांव और बाजारों में अलाव जलाए जाएं। इस अवसर पर सुरजीत वर्मा, अखिलेश तिवारी, राजकुमार मौर्य, जुम्मन अली आदि मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक ने सुनी लोगों की फरियाद,लगाया जनता दरबार, दिये निर्देश

**● - जनता की शिकायतों के निस्तारण में कोई हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं ... एसपी बृजेश श्रीवास्तव**





स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव व अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा प्रतिदिन की तरह 08 जनवरी दिन बुधवार को लोगों की समस्याओं को सुनने व उनके निस्तारण के लिए जनता दरबार लगाया गया जिसमें एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव व अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा लगातार जनसुनवाई के माध्यम से लोगों की समस्याओं का निस्तारण कर रहे हैं।

गौरतलब हो कि पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव का जनता दरबार लगभग रोजाना लगता है। आमजन का कहना है कि एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव व एएसपी राजेश कुमार सिंह के जनसुनवाई कार्यक्रम से हम फरियादियों की सुनवाई करते हैं और सभी को लाभ मिल रहा है।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस कार्यालय पहुंचे जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के फरियादियों ने एसपी व एएसपी के समक्ष अपनी-अपनी समस्याएं बताई। पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक ने समस्त फरियादियों की शिकायतों को एक-एक कर गम्भीरता पूर्वक सुना।इस दौरान जन सामान्य की शिकायतों को समय से गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करने के लिए सम्बन्धित कर्मचारियों को एसपी व एएसपी द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये और कहा गया कि शिकायतों के निस्तारण में कोई भी हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

# जिलाधिकारी ने की कृषि एवं कृषि संवर्गीय विभागों के योजनाओं की विस्तृत समीक्षा

स्वतंत्र प्रभात




**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा सम्राट उदयन सभागार में कृषि एवं कृषि संवर्गीय विभागों की योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सहकारिता विभाग की विस्तृत समीक्षा की, जिसमें विभिन्न कार्याक्रमों की विस्तृत सूचना न उपलब्ध कराने पर अगले सप्ताह में पुनःसमीक्षा के लिए सहायक निबन्धक एवं सहायक आयुक्त को निर्देशित किया गया। दुग्ध विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त समितियों को सक्रिय कर स्वयं सहायता समूह को जोडने एवं सभी मिल्क रूट सक्रिय करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं-मृदा स्वास्थ्य कार्ड, श्रीअन्न, मैकेनाइजेशन, कृषक उत्पादक संगठन, परम्परागत कृषि विकास सहित आदि योजनाओं की समीक्षा की एवं उप कृषि निदेशक को निर्देशित किया कि आकांक्षी विकास खण्ड कौशाम्बी एवं मंझनपुर में संचालित योजनाओं के प्रत्येक पैरामीटर पर दो-दो ग्राम पंचायतों की उपलब्धियों के बारे में अगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाय। उन्होने कृषक उत्पादक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं उप कृषि निदेशक को विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को अनुदान पर सोलर पम्प उपलब्ध कराने न्याय पंचायत एवं विकास खण्डवार लक्ष्य आवटित कर समय से पूर्ति कराने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने भूमि संरक्षण अधिकारी को निर्देशित किया कि खेत, तालाब, अन्य भूमि एवं जल संरक्षण की योजनाओं के लक्ष्य की पूर्ति कराने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत सम्बन्धित बीमा कम्पनी को अधिक से अधिक फसल बीमा समस्त कृषकों की फसलों का बीमा कृषकों की सहमति से कराये जाने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को योजना एवं विभिन्न कार्याक्रमों के लक्ष्यों के पूर्ण कराने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्त, जिला विकास अधिकारी सुखराज बन्धु, जिला कृषि अधिकारी डॉ0 सन्तराम, उद्यान, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, लघु सिंचाई, यूपीडास्प, कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषक उत्पादक संगठनों के सी0बी0बी0ओ0 एवं ए0आर0 कोऑपरेटिव एवं भूमि संरक्षण के अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सरांय अकिल सीएचसी में रक्तदान शिविर- 10 बच्चों को गोद लेकर पोषण किट प्रदान, 'निक्षय पोषण योजना' को मिली नई ऊंचाई

स्वतंत्र प्रभात

महेन्द्र कुमार शुक्ल



**कौशाम्बी।** जनपद के सराय अकिल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में बुधवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. संजय कुमार और चायल एसडीएम योगेश कुमार गौड़ विशेष रूप से मौजूद रहे। शिविर में सीएचसी अधीक्षक डॉ. अरुण कुमार तिवारी, डॉ. वैभव आनन्द, पत्रकार धीरज पाठक और आशीष शर्मा समेत कई अन्य लोगों ने रक्तदान कर समाज सेवा का उदाहरण पेश किया।

शिविर की खासियत रही 'निक्षय पोषण योजना' के तहत टीबी रोगियों को मदद देने की पहल। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अरुण कुमार तिवारी, डॉ. वैभव आनन्द, डॉ. राम लोलारक, डॉ. सुभाष गौड़ और डॉ. नियाजउद्दीन ने 10 बच्चों को गोद लिया। इन बच्चों को पोषण किट प्रदान की गई, ताकि उनके पोषण स्तर में सुधार हो सके और बीमारी से लड़ने में मदद मिले।

### 'निक्षय पोषण योजना'- टीबी रोगियों के लिए जीवनरक्षक पहल

निक्षय पोषण योजना, भारत सरकार की एक प्रमुख योजना है, जो तपेदिक (टीबी) रोगियों को पोषण सहायता प्रदान करती है। इसके तहत हर पंजीकृत टीबी मरीज को उपचार अवधि के दौरान प्रतिमाह 1,000 रुपये की वित्तीय सहायता दी जाती है। इस राशि का उद्देश्य मरीजों को उचित पोषण प्रदान कर उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाना है।

सराय अकिल सीएचसी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम ने न केवल रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाई, बल्कि टीबी उन्मूलन की दिशा में एक प्रेरणादायक संदेश भी दिया। चायल एसडीएम योगेश कुमार गौड़ ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, "यह कदम समाज के कमजोर वर्ग को सम्बल देने की दिशा में बेहद सराहनीय है।"

### स्थानीय पत्रकारों और चिकित्सकों की पहल

कार्यक्रम में पत्रकार धीरज पाठक और आशीष शर्मा समेत स्थानीय चिकित्सकों ने सक्रिय भागीदारी की। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अरुण कुमार तिवारी ने कहा, ÷हमारा उद्देश्य न केवल इलाज, बल्कि रोगियों को हर संभव सहायता प्रदान करना है। रक्तदान और पोषण सहायता जैसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम हैं।"

### समुदाय में जागरूकता और सहयोग का सन्देश

यह आयोजन क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक सहयोग का उत्कृष्ट उदाहरण है। टीबी रोगियों के लिए निक्षय पोषण योजना और बच्चों को गोद लेकर पोषण किट प्रदान करना, सीएचसी के समर्पण को दर्शाता है। इस पहल से न केवल स्थानीय स्तर पर, बल्कि पूरे जिले में प्रेरणा का संचार हुआ।

# जिला युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**● - खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को मेडल,ट्राफी एवं प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित**






स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद स्तरीय ग्रामीण खेलकूद दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन ग्रामीण स्टेडियम, गिरसा विकास खण्ड सिराथू में किया गया है। खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाघाटन पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। जबकि समापन का कार्यक्रम जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी अंशू मिश्रा द्वारा किया गया है।

कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागियों को मेडल,ट्राफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मनित किया गया। जनपद स्तरीय खेल प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, बॉलीवाल, कबड्डी और कुश्ती की प्रतियोगिताए आयोजित की गयी। एथलेटिक्स में रनिंग 100 मी0, 800 मी0, 1500 मी0 और ऊँचीकूद, लम्बी कूद, गोला फेक जेबलिंग की प्रतियोगिताए आयोजित की गयी। सभी प्रतियोगिताएं बालक वर्ग की जूनियर एवं सीनियर वर्ग में आयोजित की गयी। लम्बीकूद में प्रथम स्थान हर्ष तिवारी,कुश्ती में प्रथम सूरज, जेबलिंग में प्रथम नमन, कबड्डी में प्रथम दिवस कुमार, डिस्कस थ्रो में प्रथम शोभित, गोला फेक में प्रथम सन्दीप कुमार, दौड़ 100 मि0 में हर्ष तिवारी ने स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में समस्त क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी मौजूद रहे।

# नया चीनी वायरस घबराहट नहीं सावधानी की जरूरत!

एक और वायरस चीन में हाहाकार मचा रहा है लेकिन चीन दुनिया को पर्याप्त जानकारी नहीं दे रहा है। परेशानी का सबब यह है कि तमाम सावधानियों और बचाव के उपायों के बावजूद देश में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) संक्रमण भारत में पहुंच गया है । यह थोड़ी चिंता की बात है, लेकिन इससे डरने, भयभीत अथवा आतंकित होने की जरूरत नहीं है। इसका कारण है कि कोरोना के बाद से कई नए वायरस के आने की खबरें आती ही रहती है और भविष्य में भी आती ही रहेंगी। चिंता की बात इसलिए भी नहीं है, क्योंकि मानव इतिहास की सबसे बड़ी एवं भयावह महामारी कोरोना का हमलोगों ने जिस प्रकार से मुकाबला किया है, उसके बाद से हमलोग ऐसे वायरस से मुकाबला करने के लिए अभयस्त हो चुके हैं। इसलिए चाहे वह एचएमपीवी हो या कोई अन्य वायरस दशहत में आने दूसरों के बीच दहशत फैलाने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं हैं, हां जरूरत है कि सतर्कता बरती जाए, क्योंकि एक ही दिन में जिस प्रकार से 6 जगहों में वायरस मिला है, उससे साफ हो गया है कि देश में तेजी से इसका संक्रमण हो सकता है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने कर्नाटक में दो बच्चों में एचएमपीवी संक्रमण पाया है। तीन महीने की बच्ची और आठ महीने के बच्चे में संक्रमण मिला है। इसके अलावा गुजरात में भी दो महीने के बच्चे में संक्रमण पाया गया है। चीन में इन दिनों ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) का प्रकोप देखने को मिल रहा है। वायरस से बड़ी संख्या में लोगों की जान जाने की खबरें आ रही हैं। इसे लेकर भारत में भी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कड़ी निगरानी शुरू कर दी है। कई राज्यों ने एडवाइजरी और अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही भारत में एचएमपीची वायरस के 6 केस सामने आए हैं। मंत्रालय ने कहा कि बेंगलुरू के बैपटिस्ट अस्पताला में तीन महीने की एक बच्ची को ब्रोन्कोन्यूमोनिया बीमारी के इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। बच्ची में एचएमपीवी होने की जानकारी मिली। उसे छुट्टी दे दी गई है। इसी अस्पताल में आठ महीने के बच्चे में को भी संक्रमित पाया गया। उसका तीन जनवरी 2025 को नमूना लिया गया था। बच्चे की हालत भी ठीक है। दोनों संक्रमित बच्चों और उनके परिजनों का कोई भी अंतरराष्ट्रीय यात्रा का इतिहास नहीं है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि एचएमपीवी पहले से ही भारत सहित दुनिया भर में प्रचलन में है। इससे जुड़ी श्वसन संबंधी बीमारियों के मामले कई देशों में सामने आए हैं। वहीं आईसीएमआर और एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) नेटवर्क के मौजूदा आंकड़ों के आधार पर देश में इंफ्लूएंजा जैसी बीमारी (आईएलआई) या गंभीर तीव्र श्वसन बीमारी (एसएआरआई) के मामलों में कोई असामान्य वृद्धि नहीं हुई है। मंत्रालय ने कहा कि स्थिति पर नजर रखी जा रही है। आईसीएमआर पूरे वर्ष एचएमपीवी प्रचलन के रुझानों पर नजर रखना जारी रखेगा। हालांकि विश्व स्वास्थ्य संगठन पहले ही चीन में किए जा रहे उपायों की जानकारी दे रहा है। इसे लेकर सभी स्वास्थ्य इकाइयां अलर्ट पर हैं। वहीं कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री ने आपात बैठक बुलाई है। हालांकि इस वायरस से दुनिया में दहशत जरूर फैल गयी है, क्योंकि इसका असर शेयरबाजार पर भी देखने को मिल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार कोविड-19 और अन्य श्वसन वायरस की तरह एचएमपीची भी खांसने, छींकने और संक्रमित लोगों के निकट संपर्क से उत्पन्न बूंदों या एरोसोल के माध्यम से फैलता है। बुखार, सांस फूलना, नाक बंद होना, खांसी, गले में खराश और सिरदर्द इसके सामान्य लक्षण हैं। लेकिन डॉक्टरों का कहना है कि कुछ मरीजों को इस संक्रमण के कारण ब्रोंकाइटिस और निमोनिया हो सकता है। एचएमपीवी के खिलाफ कोई टीका या प्रभावी दवा नहीं है और इलाज ज्यादातर लक्षणों को प्रबंधित करने के लिए होता है। अगर देखा जाए तो कोविड-19 महामारी के पांच साल बाद, चीन मौजूदा समय में नए बायरस एचएमपीवी से जूझ रहा है। इस वायरस ने चीन में हजारों लोगों को अपनी गिरफ्त में ले लिया है। यहां हालात बेकाबू हो रहा हैं, अस्पतालों के बाहर मरीजों की भीड़ नजर आ रही है। हालांकि, हर बार की तरह चीन का कहना है कि मीडिया खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। ये मौसम बदलने का असर है। ठंड बढ़ने से आमतौर पर लोग खांसी-जुकाम की समस्या से जूझते हैं। ये भी मौसम की वजह से ही हो रहा है। चीन के सरकारी ब्रॉडकास्टर सीसीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार दिसंबर के अंत में चीनी सीडीसी के आंकड़ों के मुताबिक 14 वर्ष और उससे कम आयु के मामलों में एचएमपीवी की पॉजिटिव दर में हाल ही में वृद्धि हुई है। एचएमपीवी वायरस से छोटे बच्चे, वृद्ध और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोग ज्यादा प्रभावित हुए हैं। चीन के साथ ही दुनिया के अनेक हिस्सों से इस महामारी से पीड़ित लोगों की खबरें आ रही है। चिकित्सकों के अनुसार एचएमपीवी का संक्रमण व्यक्तिगत संपर्क से बढ़ रहा है। अगर किसी संक्रमित व्यक्ति के किसी सामान को कोई स्वस्थ व्यक्ति छुए या उसके सम्पर्क में आये तो संक्रमण का खतरा बताया जा रहा है। यह वायरस चूंकि नया है, तो इसका अभी कोई टीका नहीं है। इसकी कोई एंटीवायरल दवा भी नहीं है। यह अच्छी बात है कि अधिकांश मामलों में लोगों को मामूली समस्याएं आ रही हैं। ज्यादातर लोग लक्षण के अनुरूप उपचार और आराम से ही ठीक होते जा रहे हैं। चीन ने साफतौर पर कुछ बताया नहीं है, मगर अनुमान यही है कि गंभीर मामलों में लक्षणों को प्रबंधित करने के लिए अस्पताल में भर्ती होने, ऑक्सीजन थेरेपी या कॉर्टिकोस्टेरॉइड उपचार की आवश्यकता पड़ सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की अगर मानें, तो इस वायरस का संक्रमण अक्तूबर महीने से ही बढ़ रहा है। अच्छा यही है कि यह बीमारी मौसमी साबित हो और कम से कम लोगों के जीवन पर असर डाले। जहां तक इसकी जांच की बात है तो इसके लिए नाक या गले से सैंपल लिया जाता है। सैंपल के लिए नरम नोक वाली छड़ी (स्वैब) का उपयोग कर सकते हैं (जैसा टेस्ट कोरोना में होता था) वायरस का सैंपल लेने के बाद जांच के लिए इसको लैब भेजा जाता है। सामान्य फ्लू के जितने भी मामले आते हैं उनमें 0. 8 फीसदी एचएमपीवी वायरस के होते हैं यानी, यह एक ऐसा वायरस है जो मौजूद रहता है। लेकिन इससे आतंकित होने की जरूरत नहीं है, सिर्फ जरूरत है तो सतर्क रहने की। कोरोना के समय जिस प्रकार से हमलोगों ने अपने हाथ बार-बार साबुन और पानी से धोने, छींकते समय नाक-मुंह ढंकने की आदत डाली थी, उसको जारी रखा जाए। किसी भी फ्लू से संक्रमित मरीज के पास जाते समय में मास्क पहनने और अपने मुंह एवं नाक को बार-बार छुने से बचें। ।। सावधान और सतर्क रहकर ही हमलोगइस वायरस को देश में और फैलने से रोक सकते हैं।

आप जानते हैं कि लगभग 5 वर्ष पूर्व चीन के 'वुहान' शहर से शुरू हुए 'कोरोना वायरस' ने तबाही मचा दी थी जिसके परिणामस्वरूप विश्व भर में 71 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई थी। इन दिनों चीन 'ह्यमन मेटान्यूमो वायरस' (एच.एम.पी.वी.) नामक तेजी से फैल रहे एक नए वायरस के प्रकोप से वहां सर्दियां शुरू होते ही अस्पतालों में निमोनिया के मरीजों की संख्या भी काफी बढ़ गई है बड़ी संख्या में लोगों की जान जाने की खबरें भी आ रही हैं।

वयस्कों के अलावा बड़ी संख्या में 14 वर्ष तक आयु के बच्चे इससे प्रभावित देखे जा रहे हैं लेकिन सर्वाधिक प्रभावित 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चे हैं जिसके कारण चीन में हालात इतनी तेजी से बिगड़ रहे हैं कि वहां की सरकार ने स्वास्थ्य आपातकाल की घोषणा भी कर दी है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन' के अनुसार हालांकि डच वैज्ञानिकों ने इसकी खोज 2001 में ही कर ली थी परंतु 2 दशक से अधिक समय बीत जाने के बावजूद अभी तक इसके इलाज के लिए कोई विशिष्ट 'एंटी वायरल थैरेपी' तथा 'टीका' नहीं बना। इस वायरस के लक्षण सर्दियों में होने वाले अन्य वायरल संक्रमणों के समान हैं। इसके कारण खांसी, बुखार, नाक बंद होना, सांस लेने में तकलीफ से ब्रोंकाइटिस या निमोनिया जैसी समस्याएं हो सकती हैं। सामान्य मामलों में यह गले में घरघराहट या खराश का कारण बनता है तथा छोटे बच्चों व बुजुर्गों में यह संक्रमण गंभीर रूप ले सकता है।

केंद्र सरकार द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुसार इससे बचने के लिए मास्क लगाने, खूब पानी पीने और पौष्टिक भोजन करने, संक्रमण घटाने के लिए कमरे में वैंटीलेशन करने, भीड़भाड़ वाली जगहों से बचने, घर आने पर साबुन और पानी से कम से कम 20 सैकंड हाथ धोने या अल्कोहल आधारित हैंड सैनेटाइजर का इस्तेमाल करने, बिना धुले हाथों से आंख, नाक या मुंह को छूने से बचने, संक्रमित लोगों से दूरी बनाए रखने की जरूरत है। इसके अलावा छींकते समय अपने हाथ और मुंह को ढंकने, संक्रमित लोगों के साथ खाने के बर्तन सांझा न करने और बीमार होने की स्थिति में घर पर ही रहने की जरूरत है। लोगों से हाथ मिलाने की बजाय नमस्ते करें। छींकते-खांसते समय नाक, मुंह को ढंकना और हाथों को साफ करना भी जरूरी है। खांसने और छींकने से निकलने वाले 'ड्रापलेट्स' (कण) से इस संक्रमण का खतरा हो सकता है। फेफड़ों की बीमारी वालों को अतिरिक्त सतर्कता बरतनी चाहिए।

**राकेश अचल**

# इन्टरपोल की तर्ज पर अब भारतपोल




केंद्रीय गृहमंत्री अमितशाह को बधाई देने का मन है। शाह साहब ने इंटरपोल की तर्ज पर भारत की पुलिस के लिए एक नयी एजेंसी 'भारतपोल' बनाई ह। ये वैसे एक पोर्टल है ,लेकिन है तो नया ही अमित शाह ने कहा कि 'भारतपोल' की संरचना से भारत की हर एजेंसी, हर राज्य की पुलिस खुद को इसकी मदद से बहुत सरलता से इंटरपोल के साथ जोड़ पाएगी और जांच को गति दे पाएगी। आप जानते ही हैं कि इंटरपोल एक अंतरराष्ट्रीय पुलिस संगठन है जो दुनिया भर में पुलिस सहयोग और अपराध नियंत्रण की सुविधा प्रदान करता है। इसका मुख्यालय लियोन, फ्रांस में है। इसके दुनिया भर में सात क्षेत्रीय ब्यूरो हैं, और सभी 194 देशों में, जो इसके सदस्य हैं, एक राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो है, जो इसे दुनिया का सबसे बड़ा पुलिस संगठन बनाता है।भारत को इसकी नकल करने की जरूरत क्यों पड़ी ये शाह साहब ही जानते है। लेकिन ये एक अच्छी पहल है। नकल ही सही लेकिन है अक्लमंदी की कोशिश। क्योंकि भारत में पुलिस के बीच राज्यों की तो छोड़िये थाना स्तर पर भी सामंजस्य नहीं है। सीमा विवाद को लेकर देश में आये दिन हादसों का शिकार लोग हफ्तों तक प्रथमिकी दर्ज नहीं करा पाते। अज्ञात शव सड़ते रहते हैं वैसे आपको बता दूँ कि 'पोल' का मतलब एक खोखला आकार होता है। जो लंबवत होता है। पोल को अंग्रेजी में ही नहीं बल्कि राजस्थानी में खम्भा ही कहते हैं।राजस्थान के अनेक शहरों में पोल ही पोल हैं। ढोल में भी पोल होती है। अब आप अनुमान लगा सकते हैं कि भारतपोल कैसा होगा? माननीय केंद्रीय केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने मंगलवार 7 जनवरी 2025) को भारतपोल पोर्टल का उद्घाटन किया. 'इस मौके पर अमित शाह ने कहा,यह हमारे देश की अंतर्राष्ट्रीय जांच को एक नए युग में ले जाने वाली शुरुआत है। 'भारतपोल' की संरचना से भारत की हर एजेंसी, हर राज्य की पुलिस अपने आप को इसकी मदद से बहुत सरलता से इंटरपोल के साथ जोड़ पाएगी और जांच को गति दे पाएगी।

सरकारी दावे के मुताबिक भारतपोल के जरिये सभी एजेंसियां एक मंच से जुड़ जाएंगी। इसके माध्यम से हम दुनियाभर के अपराधियों को भारत में खोजने करने की व्यवस्था भी कर सकेंगे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जांच सरल हो जायगी। शाह का कहना है की कई सालों तक अपराधियों ने विदेशों में बैठ कर कानून की पहुँच से बाहर रहे। अब समय आ गया है कि उन्हें इसके अंदर लाया जाए. ड्रग ट्रैफिकिंग, स्मगलिंग, ह्यूमन ट्रैफिकिंग जैसे क्राइम पर लगाम लगाने के लिए यह काम करेगा।

भारत पोल के पांच प्रमुख मॉड्यूल होंगे, यानि कनेक्ट, नोटिस, रेफरेंस, ब्रोडकास्ट और रिसोर्सेस। इन्हीं मॉड्यूल्स के जरिए देश की सभी लॉ इन्फोर्समेंट एजेंसियां एक ही साथ में एक प्लेटफॉर्म में आ जाएंगी। रेड कॉर्नर और अन्य अलग-अलग तरह के नोटिस जारी करने के लिए हमारी एजेंसियां अपने अनुरोधों को भारतपोल की मदद से अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों तक तेजी से पहुंचा सकेंगी और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां भी भारत तक अपने ऐसे किसी अनुरोध को तेजी के साथ पहुंचा सकेंगी। भारतपोल 195 देशों की पुलिस से जुड़कर काम कार सकेगा।

दरअसल भारतपोल उस सीबीआई का बच्चा है जो पिछले दस साल से देश के विपक्ष के खिलाफ एक औजार की तरह इस्तेमाल की जा रही है। भारत सरकार के पास पहले से अनेक पोर्टल है। हर विभाग का अपना पोर्टल है। मसलन साइवर अपराधों की रोकथाम के लिए भी एक पोर्टल है लेकिन साइबर अपराध नहीं रुक रहे। ये पोर्टल आकर क्या जादूकर दिखायेगा, इसे बताने में सरकार अभी समर्थ नहीं है। सरकार की असमर्थता को समझा जा सकता है। सरकार को इस तरह के एक पोर्टल की जरूरत थी भी। भारतपोल पहले से काम बाढ़ की शिकार सीबीआई के लिए कहीं सिरदर्द तो नहीं बन जाएगा इसकी गारंटी कोई नहीं दे रहा। केंद्र ने सीबीआई के लिए एक और पोल खोल दी है। जैसे ढोल की पोल होती है। वैसे भी आने वाले दिनों में सरकार को नए ढोलों और नई पोलों की जरूरत है ,क्योंकि सरकार को दिल्ली विधानसभा के चुनाव मेंउतरना है।

ढोल और पोल का पुराना रिश्ता है। सरकार कब किस पोल में घुस जाये, ये कोई नहीं जानता और कब कौन सा ढोल बजाने लगे, ये भी कहना मुश्किल है। जैसे अमित शाह साहब आजकल कश्मीर का नाम बदलकर कश्यप प्रांत करना चाहते हैं। वे जब इंटरपोल की तर्ज पर भारतपोल बना सकते हैं तो कश्मीर का नाम भी बदलकर कश्यप प्रांत कर सकते हैं। कौन है जो उन्हें ऐसा करने से रोक ले ? मै शाह साहब का शुरू से मुरीद हूँ। उनके जैसा प्रतिभाशाली गृहमंत्री देश को पहले कभी मिला ही नही। कांग्रेस के 21 और भाजपा के 3 गृहमंत्रियों में से शाह साहब सबसे काबिल गृहमंत्री है।

भारत के दो दर्जन से अधिक गृहमंत्रियों में से मैंने केवल पहले गृहमंत्री सरदार वल्ल्भ भाई पटेल, सी राजगोपालाचार्य, कैलाशनाथ काटजू, जीवी पंत,लाल बहादुर शास्त्री, और गुलजारी लाल नंदा को नहीं देखा, बाकी के जितने भी गृहमन्त्री हुए हैं उनमें से अधिकांश से मै मिला हूं या उनके कार्यकाल का चश्मदीद हूँ। मुझे लगता है कि अमित शाह के समाने यशवंत राव चव्हाण, उमाशंकर दीक्षित, इंदिरा गाँधी, केबी रेड्डी, चरण सिंह, मोरारजी देसाई, ज्ञानी जेल सिंह,आर वेंकटरमन, पीसी सेठी, पीवी नरसिम्हाराव, शंकर राव चव्हाण, सरदार बूटा सिंह, मुफ्ती मोहम्मद सईद, चंद्रशेखर, प्रो मुरली मनोहर जोशी, इंद्रजीत गुप्ता, लालकृष्ण आडवाणी, शिवराज पाटिल,पी चिदांबरम, सुशिल कुमार शिंदे और राजनाथ सिंह भी कहीं नहीं ठहरते। हमें उम्मीद करना चाहिए कि भारत पोल का भविष्य उज्ज्वल हो ताकि अमित शाह गृहमंत्री के रूप में अजर-अमर हो सकें। अपने 45 साल के पत्रकारिता के जीवन में मैंने देखा है कि देश के अनेक गृह मंत्री देश की पुलिस के अंग्रेजी चरित्र को बदलने की बात करते है लेकिन बदल नहीं पाते। हमारे मध्यप्रदेश के तमाम पुलिस महानिदेशक मित्र मध्य्प्रदेश की पुलिस को ब्रिटेन की बॉबी पुलिस बनाना चाहते थे किन्तु बना नहीं पाए, क्योंकि हमें तो आततायी और भ्र्ष्ट पुलिस की जरूरत है न! हमें जरूरत भारत पोल से ज्यादा पुलिस में सुधर के लिए एक नए आयोग कि थी, लेकिन किसी को फर्स्ट कहाँ जो इस विष्य में

**राकेश अचल**

स्वतंत्र प्रभात
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित
संपादक
राजीव कुमार शुक्ल
मो. 7499472288
e-Mail- news@swatantraprabhat.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।
RNI No. UPHIN/2019/79073

## संपादकीय

# सरकार बजाए गाल, किसान है बेहाल



एमएसपी और अन्य मांगो को लेकर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल 26 नवंबर 2024 से पंजाब और हरियाणा के बीच खनौरी बार्डर पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे हैं। दिन प्रति दिन उनकी हालत गंभीर होती जा रही है। बावजूद इसके केंद्र सरकार के प्रतिनिधियों और किसानों के बीच कोई बातचीत या वार्ता नहीं हो रही है। यह मामला अब सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। बीते गुरूवार सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पंजाब सरकार को फटकार लगाते हुए कहा था कि पंजाब सरकार के अधिकारी मीडिया में इस तरह का माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं कि किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के अनशन को तुड़वाने की कोशिशें हो रही हैं जबकि हमने डल्लेवाल का अनशन तुड़वाने का निर्देश नही दिया है बल्कि पंजाब सरकार को उन्हें तुरंत मेडिकल सहायता उपलब्ध कराने और जरूरत पड़ने पर अस्पताल में शिफ्ट किए जाने का निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट द्वारा बनाई गई हाईपावर कमेटी सोमवार को खनौरी बॉर्डर पर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से मिली। मुलाकात के बाद कमेटी के चेयरमैन पूर्व जस्टिस नवाब सिंह ने कहा, %हमने डल्लेवाल को मेडिकल सुविधा लेने के लिए निवेदन किया है। हम प्रार्थना करते हैं कि वह जल्द ठीक हों। वह जब भी चाहेंगे, हम हाजिर हो जाएंगे। केंद्र से सीधा बातचीत कराने की हमारे पास अथॉरिटी नहीं है। किसानों द्वारा कृषि कानूनों को निरस्त किए जाने के बाद 2021 में प्रदर्शनकारी किसानों को फसलों पर एमएसपी की कानूनी गारंटी सहित अन्य मांगों के कार्यान्वयन के लिए केंद्र सरकार को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। इससे पहले केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा था कि अब सुप्रीम कोर्ट इस मामले को देख रहा है और शीर्ष अदालत के जो भी निर्देश होंगे, उनका पालन किया जाएगा। बताते चले कि मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के दौरान केंद्र सरकार द्वारा लाए गए तीन कृषि कानूनों का विरोध करते हुए और कुछ अन्य मांगो के साथ किसानों ने 25 नवंबर 2020 से दिल्ली के विभिन्न बॉर्डरों को घेर आंदोलन आरंभ किया था। लगभग 378 दिन बाद केंद्र सरकार ने तीनों कृषि बिल वापिस ले और किसानों की अन्य मांगों को पूरा करने का आश्वासन दे यह आंदोलन खत्म करवाया था। केंद्र सरकार ने शायद उस समय कृषि बिलों को वापिस लेने को अपना अपमान मान लिया। जिसका परिणाम यह है कि सरकार अब किसानों से ना तो बातचीत कर रही और ना ही उस समय जिन मांगो को पूरा करने का आश्वासन दिया था उन्हें आगे बढ़ाना का काम ही कर रही है। किसानों की करीब-करीब 13 मुख्य मांगे है।

किसानों की मांग है कि सरकार फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी सुनिश्चित करे। किसानों की दूसरी मांग कर्ज माफी से जुड़ी है। उन्होंने स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने की बात कही है। इसके अनुसार 10,000 रुपए से अधिक के सभी किसानों के कर्ज माफ किए जाए। कर्ज माफी की कुल रकम 18.4 लाख करोड़ के आसपास है।


किसानों का कहना है कि डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स के कारण कई किसानों की जमीनें ले ली गई। ऐसे में भूमि अधिग्रहण से प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाए। इसके अलावा छीनी गई जमीन के 10% हिस्से पर किसानों के रहने के लिए आवासीय कालोनी बने। किसानों के अनुसार डबलयू.टी.ओ के नियमों के कारण उनकी आय पर असर पड़ता है। ऐसे में भारत सरकार को डबलयू.टी.ओ से बाहर निकल जाना चाहिए है और साथ ही मुक्त व्यापार समझौतों पर भी प्रतिबंध लगाया जाए। किसानों की मांग है कि लखीमपुर खीरी हिंसा में नरसंहार करने वाले आरोपियों को सजा मिलनी चाहिए। इस हिंसा के कारण कई किसानों की जान चली गई। पीड़ित परिवारों को जल्द से जल्द न्याय मिलना चाहिए।

किसानों का कहना है कि सरकार किसानों और खेत में काम करने वाले मजदूरों को पेंशन दे। किसानों ने विद्युत संशोधन बिल 2020 को रद्द करने की मांग की है। किसानों का कहना है कि इस बिल के लागू होने के बाद बिजली का प्राइवेटाइजेशन होगा, जिससे उन्हें बिजली पर मिलने वाली सब्सिडी बंद हो सकती है। इसलिए इस विधेयक को रद्द कर दिया जाए। किसानों का कहना है कि 2020-2021 के आंदोलन में मारे गए किसानों के परिवार को मुआवजा मिलना चाहिए। साथ ही परिवार के किसी एक सदस्य को रोजगार उपलब्ध करवाया जाए। किसानों की मांग है कि मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) के तहत हर साल 200 दिनों का रोजगार दिया जाए। साथ ही मनरेगा की मजदूरी बढ़ाकर 700 रुपए की जाए।

किसानों ने विभिन्न मसालों के लिए राष्ट्रीय मसाला आयोग का गठन करने की मांग की है। यह आयोग मसाला उद्योग में आने वाली चुनौतियों का समाधान करेगा। किसानों ने जनजातीय समुदाय की जमीन, जंगल और जल स्रोतों को सुरक्षित रखने की भी मांग की है। उनका कहना है कि स्वदेशी लोगों का अधिकार सुनिश्चित करना सरकार की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। किसानों का कहना है कि सरकार बेहतर क्वालिटी के बीज उपलब्ध करवाने पर ध्यान दे। साथ ही नकली बीज, कीटनाशक और खाद बनाने वाली कंपनियों को सजा दी जाए। किसानों की मांग है कि 60 या 60 से ज्यादा उम्र वाले किसानों को हर महीने पेंशन मिलनी चाहिए। पेंशन की राशि कम से कम 10,000 रुपए महीना होनी चाहिए।

**नीरज शर्मा**

# मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत का शैक्षिक पुनर्जागरण



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रेरणादायी नेतृत्व में भारत ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने और वैश्विक पटल पर मजबूती से उभरने के लिए अनेक ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी पहल की हैं। विदेशी छात्रों के लिए आरंभ की गई "ई-छात्र वीज़ा" और "ई-छात्र-एक्स" वीज़ा योजनाएं इस दिशा में एक अद्वितीय मील का पत्थर सिद्ध हो रही हैं। "ई-छात्र वीज़ा" भारत में उच्च शिक्षा के इच्छुक विदेशी छात्रों को आमंत्रित करता है, जबकि "ई-छात्र-एक्स"वीज़ा उनके परिजनों को साथ रहने की सुविधा देकर उन्हें आत्मीयता का अहसास कराता है। यह अनूठा कदम भारत को एक मैत्रीपूर्ण, समावेशी और विश्वस्तरीय शैक्षणिक गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक सशक्त प्रयास है।

भारत प्राचीन काल से ही ज्ञान और शिक्षा का अनुपम केंद्र रहा है। नालंदा और तक्षशिला जैसे महान विश्वविद्यालयों ने न केवल भारतीय शिक्षा की उत्कृष्टता का प्रमाण दिया, बल्कि इसे विश्वभर में एक आलोक स्तंभ के रूप में प्रतिष्ठित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने इस गौरवमयी परंपरा को आधुनिक युग में पुनर्जीवित करने का दृढ़ संकल्प लिया है। उनकी डिजिटल इंडिया पहल के अंतर्गत "स्टडी इन इंडिया" (SII) पोर्टल की शुरुआत, शिक्षा के क्षेत्र में भारत को पुनः वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। यह पोर्टल विदेशी छात्रों के लिए एकीकृत डिजिटल मंच के रूप में कार्य करता है, जहां वे अपनी पसंद के विश्वविद्यालय और पाठ्यक्रम का चयन कर सकते हैं। साथ ही, वीज़ा प्रक्रिया को त्वरित, सरल और पारदर्शी तरीके से पूरा कर सकते हैं। यह पहल छात्रों के अनुभव को सहज, सुलभ और सुखद बनाने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

विदेशी छात्रों के लिए वीज़ा प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने का यह अभूतपूर्व प्रयास भारत के आर्थिक और सांस्कृतिक परिदृश्य पर गहरा और दीर्घकालिक प्रभाव डालेगा। इन छात्रों की उपस्थिति से न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा मिलेगी, बल्कि उनके दैनिक जीवन की आवश्यकताओं, जैसे आवास, भोजन, परिवहन और अन्य सेवाओं पर होने वाला खर्च स्थानीय व्यवसायों और उद्यमों को सशक्त करेगा। इसके साथ ही, यह पहल सांस्कृतिक आदान-प्रदान के क्षेत्र में भी एक नई क्रांति का सूत्रपात करेगी। विभिन्न देशों और पृष्ठभूमियों से आने वाले छात्र भारत की बहुरंगी संस्कृति, प्राचीन परंपराओं और अतुलनीय आतिथ्य भावना का अनुभव करेंगे। यह "वसुधैव कुटुंबकम्" के शाश्वत संदेश को साकार करने में सहायक होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की कार्यशैली में दूरदृष्टि, नवाचार और समग्रता का अद्वितीय समन्वय झलकता है। उनकी नीतियां भारत को शिक्षा के क्षेत्र में एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में सशक्त कदम उठा रही हैं। वीज़ा प्रक्रिया को सरल बनाकर और छात्रों के परिजनों को "ई-छात्र-एक्स" वीज़ा के माध्यम से साथ रहने की अनुमति देकर, उन्होंने एक ऐसा वातावरण तैयार किया है जो शिक्षा के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धियों को संभव बनाता है।

÷ई-छात्र वीज़ा÷ विदेशी छात्रों को स्नातक, स्नातकोत्तर, पीएचडी और तकनीकी शिक्षा में अद्वितीय अवसर प्रदान करता है। यह पहल न केवल भारत की शिक्षा प्रणाली को सुदृढ़ और समावेशी बना रही है, बल्कि वैश्विक छात्रों के लिए भारत को एक आदर्श शिक्षा केंद्र के रूप में प्रस्तुत कर रही है। भारत में विदेशी छात्रों की संख्या में निरंतर वृद्धि भारत की शिक्षा प्रणाली की बढ़ती प्रतिष्ठा का प्रतीक है। वर्ष 2023 में, भारत ने 13,126 से अधिक विदेशी छात्रों को शिक्षा प्रदान की। ये आंकड़े भारतीय विश्वविद्यालयों की उत्कृष्टता को प्रमाणित करते हैं, जो वैश्विक मानकों पर खरा उतरने की दिशा में प्रगति कर रही है। डिजिटल इंडिया पहल के तहत विकसित "स्टडी इन इंडिया" पोर्टल न केवल आवेदन प्रक्रिया को सहज और त्वरित बनाता है, बल्कि भारतीय शिक्षा प्रणाली को डिजिटल युग की आवश्यकताओं के अनुरूप आधुनिक और सुदृढ़ भी करता है। यह नीति शिक्षा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने पर केंद्रित है। इन पहल से भारत को एक वैश्विक शैक्षणिक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में प्रगति हो रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में भारत शिक्षा के क्षेत्र में एक स्वर्णिम युग की ओर अग्रसर है। उनकी नीतियां भारतीय शिक्षा प्रणाली को सशक्त और समावेशी बना रही हैं। "ई-छात्र वीज़ा" और "ई-छात्र-एक्स" वीज़ा जैसी योजनाएं इस दिशा में भारत की प्रतिबद्धता और दूरदृष्टि का उत्कृष्ट प्रतीक हैं। ये पहल छात्रों के जीवन, भारत की छवि, और वैश्विक मंच पर भारत की भूमिका को सशक्त कर रही हैं।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत',**

# संक्षिप्त ख़बरें

## स्व आचार्य चन्द प्रकाश पाण्डेय जी की जयंती पर लोगो को हुआ कम्बल वितरित



**गोरखपुर।** नगर पंचायत कस्बा संग्रामपुर उनवल वार्ड नं 14 में स्व आचार्य चन्द प्रकाश पाण्डेय उर्फ चंदू बाबा की मनाई गई जयंती। अपने पिता जी के जयंती पर अमित विक्रम पाण्डेय जी ने अपने पूरे परिवार के साथ फोटो पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। साथ ही उनके जयंती पर 200 गर्म कम्बल महिलाओं और पुरुषों में वितरीत किया। इसे दौरान चेयरमैन महेश कुमार दुबे, सूर्य प्रकाश पाण्डेय,पूर्व चेयरमैन उमाशंकर साहनी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य हरिशंकर सिंह, प्रमोद सिंह रामकुंवर यादव सभासद दिनेश शर्मा, विनोद यादव, एजाज खान, श्रीप्रकाश गुप्ता, दिनेश साहनी, जनार्दन त्रिपाठी, प्रभाकर तिवारी, सब्बू खान, दिलीप मास्टर के साथ अन्य सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरा आटो, हताहत नहीं



**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां थाना क्षेत्र के ग्राम मिश्रौलिया चौराहे पर बुधवार को एक आटो अनियंत्रित होकर नहर मे जा गिरा। गनीमत रहा कि उसमे सवारी नही थे और चालक भी बाल-बाल बच गया। नहर मे गिरी आटो को ट्रैक्टर से खींचकर बाहर निकाला गया। बताया जा रहा है कि एक आटो ठूठीबारी से चार सवारी लेकर नौतनवां की तरफ जा रहा था। मिश्रौलिया नहर पुल के पास कुछ सामान खरीदने के लिए चालाक आटो को खड़ा कर दिया। उस दौरान आटो चालू था तथा चालक व सवारी उतरकर सामान लेने चले गए। अचानक टेम्पू सड़क से उतरकर नहर मे जा गिरी। गनीमत रहा कि नहर सूखी थी और चालक समेत उसमे कोई सवारी मौजूद नही था। बताया जा रहा है कि जब टेम्पू नहर में गिर रही थी तो चालक पीछे से पकड़ने की कोशिश कर रहा था। ऐसे में चालक भी बाल-बाल बच गया नही तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

## दस जनवरी को होगा ग्राम प्रधानों का एक दिवसीय प्रशिक्षण




**रतनपुर/महराजगंज।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन तथा उपनिदेशक पंचायत गोरखपुर मण्डल द्वारा जारी पत्र के क्रम में नौतनवां ब्लाक सभागार कक्ष में दस जनवरी शुक्रवार को क्षेत्र के समस्त ग्राम प्रधानों का चार महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर आधारित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण में ग्राम प्रधानों को आनलाइन जूम व प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाएगा। इस सम्बन्ध में नौतनवां प्रभारी एडीओ पंचायत योगेश कुमार मद्धेशिया ने बताया कि इस एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में नौतनवां ब्लाक के समस्त ग्राम प्रधानों की समय से उपस्थिति अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि उक्त प्रशिक्षण मे उत्तर प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 15 के अनुसार ग्राम पंचायत के कार्य, उत्तर प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 95 (1) (छ) के प्राविधानों के संबंध में, ग्राम प्रधान को स्वयं के आयकर रिटर्न दाखिल करने की जानकारी तथा महिला ग्राम प्रधान को उनके अधिकारों और कर्त्तव्यों के संबंध में विशेष रूप से जानकारी दी जाएगी।

## सद्भावना क्लब का चुनाव 12 जनवरी को

**जौनपुर।** जनपद की सामाजिक संस्था सद्भावना क्लब की बैठक अध्यक्ष हफ़ीज़ शाह की अध्यक्षता में शिया इंटर कॉलेज में हुई। जिसमें आगामी सत्र के अध्यक्ष के चुनाव के लिए पूर्व अध्यक्ष मधु सूदन बैंकर को चुनाव अधिकारी चुना गया। उन्होंने कहा की नौ और दस जनवरी को नामांकन और बारह जनवरी को चुनाव संपन्न होगा। पूर्व अध्यक्ष डॉ अलमदार नज़र व आशीष साहू ने कहा की जो सदस्य सक्रिय रूप से क्लब को गतिशील बनाए उसको अध्यक्ष पद के लिए नामांकन करना चाहिए। पूर्व अध्यक्ष श्रवण साहू व नरसिंह अवतार जायसवाल ने कहा की किसी भी संस्था की गतिशीलता का पैमाना नेतृत्व परिवर्तन से होता है संस्था को चुनाव के माध्यम से एक सक्रिय अध्यक्ष प्राप्त होगा।

# दस वर्ष का लड़का लेकर सतमीरा आखिर जाय कहॉ ,ससुर सभ्रांत लोगो की बात मानने को तैयार नही

स्वतंत्र प्रभात



**गोलाबाज़ार गोरखपुर।** गोला क्षेत्र की सतमीरा को उसके सास ससुर अपने घर रखने से मना कर रहे हैं। सतमीरा को आदर्श नाम का दस वर्ष का पुत्र भी है। बुद्धवार को सतमीरा अपने माँ के साथ अपने ससुराल के ग्राम प्रधान के घर पहुच कर रो रो कर कह रही थी कि साहब सास ससुर घर रहने नही दे रहे हैं। अब हम दस वर्ष का बच्चा लेकर आखिर कहाँ जाएं। ससुर ने ग्रामप्रधान की बात को भी टाल दिया और कहा कि हम इसे अपने घर मे नही रखेगे।हमारा लड़का सीधा है।इसको कमाबकर कौंन खिलायेगा।

प्राप्त बिबरण के अनुसार गोला थाना क्षेत्र के ग्राम बिसरा निवासी स्व रामाश्रय गोड़ की पुत्री का विवाह लगभग वर्ष 2010 में इसी क्षेत्र के चिलवां गांव निवासी पथरु गोड़ पुत्र रामाज्ञा गोड़ के साथ हुई थी। पथरु सीधा स्वभाव का लड़का है। जो मेहनत मजदूरी करता है। शादी के कुछ दिन बाद पति पत्नी में झगड़ा हुआ और सतमीरा अपने मैके चली गई। पहले तो सतमीरा के ससुर रामाज्ञा उसे लाने के लिए कह रहे थे। लेकिन इधर वह उसे अपने घर में रखने से मना कर रहे हैं। सतमीरा इसकी शिकायत गोला थाने पर भी की लेकिन कुछ हुआ नही। बुद्धवार को वह अपनी माँ को लेकर चिलवां के ग्राम प्रधान रणवीर चन्द के पास पहुच कर आप बीती सुनाई जिस पर प्रधान ने रामाज्ञा को बुला कर बहू को रखने के लिए बहुत दबाव बनाए लेकिन रामाज्ञा यह कहते हुए मना कर रहे हैं कि लड़का हमारा सीधा है, हम दवा पर चल रहे हैं। हम इसका खर्च कैसे उठाएंगे।

पंचायत में आए राधेश्याम चन्द ने कहा कि इसके पहले तो तुम यहाँ आकर बहू को ले आने की सिफारिश कर रहे थे फिर आज क्या हो गया है। कि तुम इसे घर में नही घूसने दे रहे हो। इसपर रामाज्ञा भड़क गया और कहा कि हम इसे नहीं रखेगे। सुबकती सतमीरा अपने माँ के साथ अपने मैके जाते हुए कह रही थी कि जब यह लोग गांव के प्रधान और सम्भ्रांत लोगों की भी बात नही मान रहे तो हम अपने दस वर्ष के बच्चे को लेकर कहाँ जाए आखिर माँ के साथ कब तक बसर होगा, अब हम खाना बदोस जिंदगी जीने के लिए विवश हूं।

# पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान, हड़कंप

**● - आगामी महाकुंभ मेला व मकर संक्रांति को लेकर प्रशासन अलर्ट**



स्वतंत्र प्रभात

**खेतासराय (जौनपुर)।** एसपी के निर्देश पर खेतासराय पुलिस ने बुधवार को चेकिंग अभियान चलाया । पुलिस ने एक दर्जन से अधिक वाहनों का चालान करते हुए कुछ चार पहिया वाहनों से काली फ़िल्म उतरवायी। बाजार के दिन पुलिस कि अचानक सक्रियता बढ़ने से लोगों में हड़कम्प देखा गया। इस दौरान पुलिस ने संदिग्धों की भी तलाशी ली। आगामी महाकुंभ मेला और जनपद में हो रही वाहन चोरी की घटनाओं पर नकेल कसने के लिए जिले के नए पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बुधवार को दोपहर बाद सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिए। जिसके अनुपालन में खेतासराय थानाध्यक्ष रामाश्रय राय के साथ कस्बा चौकी इंचार्ज तारिक अंसारी ने पुलिस टीम के साथ नगर के मुख्य मार्गो पर भी चेकिंग अभियान चलाया।

पुलिस टीम सभी दो पहिया, चार पहिया वाहन चालकों को रोक कर उनके वाहन की सघन तलाशी लेते हुए गाड़ी का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र, इंश्योरेंस और चालक से ड्राइविंग लाइसेंस के बारे में भी जांच पड़ताल की। सुरक्षा की दृष्टिकोण से हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने के लिए पुलिस ने खासतौर पर लोगों को संजीदा किया। चौराहा और अन्य स्थानों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष रामाश्रय राय के साथ पुलिस टीम ने एक दर्जन से अधिक वाहनों का चालान किया। अभियान के दौरान पुलिस ने संदिग्धों व उनके सामान की भी तलाशी ली। कुछ वाहनों के शीशों पर लगी काली फिल्म भी पुलिस ने उतरवाई।

# बेटी के अपरहण का पिता ने लगाया आरोप, मछली ना काटने पर मिली थी धमकी

स्वतंत्र प्रभात

**गोलाबाजार गोरखपुर** 8 जनवरी गोला थाना क्षेत्र के एक गाँव से युवती के अपरहण का मामला प्रकाश में आया है। युवती के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर सूचित किया है कि गैर संप्रदाय के लोगों के द्वारा हमें पहले धमकी दी गयी थी। जिसके बाद इस घटना को अंजाम दिया गया है। प्राप्त बिबरण के अनुसार लापता बेटी के पिता के द्वारा थाने पर तहरीर देकर सूचित किया गया है कि हम मजदूरी कर के जीवन यापन करते हैं। हमारे गाँव के इम्तियाज पुत्र मंगरू, मेराज पुत्र इतराईल व इस्तियाक पुत्र इम्तियाज एक दिन हमारे पास आये और कहा कि हम लोग मछली खरीद कर लाये हैं चलकर काट दो। हमने कहा कि हमारे पास समय नहीं है। यह सुनकर उपरोक्त लोग हमारे साथ गाली-गलौज करने लगें और इज्जत बर्बाद कर देने की धमकी देकर चलें गयें। बीते मंगलवार को तड़के 4 बजे जब हमारी बेटी बाहर गयी तो पहले घात लगाकर बैठे उपरोक्त लोग बेटी का मुह बंद कर के उठा ले गयें। इस बात की सूचना पर जब हम लोग इम्तियाज के घर जाकर पूछा तो उसकी पत्नी ने बताया कि तुम्हारी लड़की को हमारा बेटा नियाज पुत्र इम्तियाज लेकर गया है। लापता बेटी के पिता ने आशंका जताई है कि हमारे यहां पहले भी इसी प्रकार से एक युवती को गैर संप्रदाय का लड़का लेकर चला गया था बाद में उसका जबरन धर्म परिवर्तन करा दिया गया। थाना प्रभारी वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि तहरीर के मुताबिक मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। जल्द से जल्द युवती को बरामद कर लिया जाएगा।

# अलाव की लकड़ी में नगर पालिका के ठेकेदारों द्वारा किया जा रहा है भारी घोटाला

स्वतंत्र प्रभात

तामीर हसन शीबू



**जौनपुर।** ठंड अपने शबाब पर है वही अलाव की लकड़ी में नगर पालिका के ठेकेदारों द्वारा भारी घोटाला किया जा रहा है। जिस तरह से पहले लकड़ी हर चौराहे पर जलाई जाती थी उस हिसाब से देखा जाए तो लकड़ी सिर्फ फर्ज निभाने के लिए ही गिराई जा रही है। अनुमान लगाया जा रहा है कि जो लकड़ी इस वक्त अलाव के लिए जलाई जा रही है वह 10 से 15 किलो से ज्यादा नहीं है प्रमुख स्थान भंडारी रेलवे स्टेशन, जिला अस्पताल, रोडवेज बस स्टैंड, जेसीज चौराहे जैसे कई स्थान ऐसे है जहां लोगों का आवागमन पूरी रात रहता है। वहां थोड़ी सी लकड़ी जलवाकर कुछ ही घंटे में खत्म हो जाती है। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो नगर पालिका प्रशासन द्वारा 40 किलो लकड़ी अलाव के लिए दी जाती है लेकिन ठेकेदार और नगर पालिका की मिली भगत से इसमें लंबा घोटाला किया जा रहा है जिसका खामियाजा आम नागरिकों को भुगताना पड़ रहा है। गरीब तपके के लोगों का अलाव की लकड़ी ही एक सहारा बनी रहती थी लेकिन रात 10 बजे के बाद अलाव की लकड़ी शायद ही कहीं जलते हुई दिखाई देगी।ऐसा प्रतीत होता है कि ठेकेदार और नगर पालिका के लोग अलाव की इस लकड़ी में लंबा घोटाला कर रहे हैं। कुछ लोगों को तो यहां तक कहते सुना गया है कि यह अलाव कागजों पर ज्यादा और मौके पर कम जलता हुआ दिखाई दे रहा है भ्रष्टाचार की बात करें तो अभी कुछ माह पूर्व में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने लगातार कार्रवाई करते हुए नगर पालिका के कई कर्मचारियों को जेल भेज दिया था। जिसमें नगर के एक बड़े अधिकारी के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज कराई गई थी। बड़े अधिकारी ने उच्च न्यायालय इलाहाबाद के अरेस्ट स्टे पर काफी दिनों तक चलता रहा है। ऐसे में कैसे नगरपालिका की नैया पार लगेगी इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है।

# गोरखपुर- हत्या के प्रयास के आरोपी दो गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात




**गोरखपुर,** पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है.पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के निर्देशन में, बांसगांव पुलिस ने पुरानी रंजिश के चलते चाकू और रॉड से हमला कर एक युवक को घायल करने के आरोप में गौरीशंकर यादव और रमाशंकर यादव उर्फ अंगद यादव को गिरफ्तार किया है. दोनों आरोपी ग्राम बघराई के रहने वाले हैं. पुलिस के मुताबिक, दोनों आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते पीड़ित के लड़के को गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से हमला किया था. पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की थी।

**कौन सी धाराओं में हुआ मामला दर्ज?** आरोपियों के खिलाफ धारा 191(2), 126(2), 115(2), 109, 3(5)ए भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**कौन-कौन शामिल थे गिरफ्तारी टीम में?** गिरफ्तारी टीम में उ0नि0 सुभाषचन्द्र पाण्डेय, उ0नि0 अभिजीत उपाध्याय, कां0 संजीव सिंह, कां0 अशोक कुमार गौड़ और कां0 रामसेवक चौहान शामिल थे, पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है. पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और जल्द ही इस मामले में और खुलासे हो सकते हैं।

# लूट की घटना के तीन लूटेरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**● - कब्जे से लूट के 34420 रू0, घटना में प्रयुक्त 01 चोरी की मोटरसाईकिल व 01 तमंचा .315 बोर मय कारतूस बरामद**



स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के दिशा निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी केराकत के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक केराकत व सर्विलांस, स्वाट टीम क्राइम ब्रान्च जौनपुर के संयुक्त प्रयास से थाना केराकत पर पंजीकृत मु0अ0सं0-04/25 धारा 309(4)/3(5)/317(2) बी.एन.एस. से सम्बन्धित लूट का सफल अनवारण करते हुए तीन लूटेरो

1. विकास राजभर पुत्र बुद्धिराम राजभर नि0ग्रा0 सिझवारा थाना केराकत जौनपुर 2- विशाल राजभर पुत्र सिधारी राजभर निवासी ब्राह्मणपुर झमका थाना केराकत जौनपुर 3- विशाल यादव पुत्र ओमप्रकाश यादव निवासी दिल्ला का पुरा थाना केराकत जौनपुर को सेनापुर पनिहर पुलिया के पास से 08 जनवरी 2025 को समय 04.08 बजे सुबह गिरफ्तार किया गया, अभियुक्तगण के पास से लूटे गये रुपये 60000/- में से 34420/- रु व घटना में प्रयुक्त एक चोरी की मोटर साइकिल स्पेण्डर प्लस जो दिनांक 06 जनवरी 2023 को जिला कारागार सुल्तानपुर गेट से चोरी कर व नम्बर प्लेट बदलकर अपराधिक घटनाओ में प्रयुक्त की जा रही थी तथा 01 तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। जिसके सम्बन्ध में मु0अ0सं0-10/25 धारा-3(5)/317(2)/336(2)/320 बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया, अग्रेत्तर कार्यवाही प्रचलित है।

# 90 शीशी नेपाली शराब के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात




**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक पुलिस ने मंगलवार की देर रात गस्त के दौरान थाना क्षेत्र के असुरैना निवासी एक अभियुक्त के कब्जे से 90 शीशी अवैध नेपाली शराब बरामद किया है। पुलिस ने बरामद शराब को कब्जे में लेकर आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए अग्रिम कार्यवाही के लिए न्यायालय चालान कर दिया। जानकारी के मुताबिक मंगलवार की देर रात सेवतरी चौकी प्रभारी प्रशांत कुमार दूबे, हेड कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार यादव, सुनील कुमार आदि गस्त पर थे। इस दौरान थाना क्षेत्र के असुरैना निवासी राधेश्याम कन्नौजिया पुत्र राम अचल थाना क्षेत्र के मर्यादपुर के पगडंडी रास्ते से नेपाल से बोरे में शराब लेकर भारत में प्रवेश करता नजर आया। पुलिस ने रोककर जांच-पड़ताल किया तो अभियुक्त के पास से 90 शीशी अवैध नेपाली शराब बरामद हुआ। पुलिस ने शराब के साथ अभियुक्त को कब्जे में लेकर थाने आई तत्पश्चात आबकारी अधिनियम की धारा 60/63 आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए अग्रिम कार्यवाही के लिए न्यायालय चालान कर दिया।

इस संबंध में थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि गस्त के दौरान एक अभियुक्त के कब्जे से 90 शीशी नेपाली शराब बरामद किया गया है जिसके खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा गया है।

# यात्रियों, राहगीरों और मरीजों के लिए मुसीबत बने बेतरतीब खड़े ई-रिक्शा वाहन

स्वतंत्र प्रभात



**जौनपुर** नगर में यात्रियों एवं राहगीरों के लिए मुसीबत बने रेलवे जंक्शन स्टेशन के बाहर खड़े बेतरतीब ई-रिक्शा वाहन, नहीं होती है इन ई-रिक्शा वाहन चालकों पर कार्यवाही, प्रशासन का नहीं जा रहा इस तरफ ध्यान। बताते चलें कि आज कल आए दिन नगर में ई-रिक्शा वाहन चालकों की मनमानी इस कदर बढ़ गई हैं जो बेतरतीब तरीके ढंग से रेलवे स्टेशन, जिला अस्पताल के मुख्य गेट पर पर अपने वाहन को खड़ा कर यात्रियों, राहगीरों और मरीजों के लिए मुसीबत बने हुए हैं जिनके तरफ ना तो जिला प्रशासन का ध्यान जा रहा हैं और ना ऐसे ई-रिक्शा वाहन चालकों के खिलाफ कोई कार्यवाही हो रही हैं, लोगों का मानना हैं कि जब तक प्रशासन द्वारा इन मनमाने चालकों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं होगी तब तक ई-रिक्शा वाहन चालक सुधरेंगे। इस लिए इन ई-रिक्शा वाहन चालकों पर कार्यवाही होना अत्यन्त आवश्यक है।

# पीएम सूर्याधर योजना से सौर पावर प्लांट की स्थापना से पर्यावरण एवं बिजली की होती है बचत - जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट।** पीएम सूर्याधर योजना के तहत सोलर पावर प्लांट की स्थापना से न केवल बिजली की बचत होती है, बल्कि पर्यावरण की भी रक्षा होती है। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. ने इस योजना के तहत 1 किलोवाट सोलर पावर प्लांट की स्थापना को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक किलोवाट सोलर पावर प्लांट से प्रतिदिन 5 यूनिट विद्युत उत्पन्न की जा सकती है, जिसे ग्रिड में आपूर्ति किया जा सकता है। इस प्रकार, एक महीने में करीब 150 यूनिट की बिजली आप ग्रिड में दे सकते हैं, जिससे आपके बिजली बिल में कमी आएगी और केवल शेष राशि ही आपको देनी होगी।जिलाधिकारी ने आगे कहा कि इस योजना में भारत सरकार द्वारा 1 किलोवाट सोलर पावर प्लांट पर 30,000 रुपये का अनुदान दिया जा रहा है। इसी प्रकार, 2 किलोवाट पर 60,000 रुपये, 3 किलोवाट पर 78,000 रुपये और 3 किलोवाट से 10 किलोवाट तक के सोलर पावर प्लांट पर 78,000 रुपये तक का अनुदान प्रदान किया जा रहा है।

शिवशरणप्पा जी.एन. ने बताया कि पर्यावरण की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने जनपदवासियों के लिए सौर पावर प्लांट की स्थापना की योजना लागू की है। यह योजना जनपद के हर घर को सोलर पावर से जोड़ने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे बिजली की खपत कम होगी और प्रदूषण भी घटेगा। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे पीएम सूर्यघर योजना से अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए शीघ्र आवेदन करें। उन्होंने कहा कि इस योजना में सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए अनुदान का लाभ उठाकर सौर पावर प्लांट की स्थापना करें, ताकि न केवल बिजली बिल में कमी आए, बल्कि पर्यावरण की रक्षा भी हो सके।

डीएम ने बताया कि 'हर घर सोलर अभियान' के तहत जनपद में बारह हजार घरों को सोलर पावर प्लांट से अच्छादित करने का लक्ष्य रखा गया है। नगर पालिका परिषद कर्वी को 9900, नगर पंचायत मऊ, राजापुर, मानिकपुर को 300-300, जिला विद्यालय निरीक्षक को 200 और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को 1000 घरों के लिए लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे इस योजना के बारे में जनसाधारण को अधिक से अधिक जानकारी दें और सुनिश्चित करें कि अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ उठाएं।

जिलाधिकारी ने बताया कि इच्छुक लाभार्थी पीएम सूर्यघर पोर्टल की वेबसाइट (pmsuryaghar.gov.in) पर जाकर या पीएम सूर्यघर एप्लिकेशन को स्मार्टफोन में डाउनलोड कर आवेदन कर सकते हैं। इस प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए परियोजना अधिकारी, यूपीएनईडा के मोबाइल नंबर 9415703914 पर संपर्क किया जा सकता है। इस योजना से जुड़ी अन्य जानकारी प्राप्त करने के लिए संबंधित विभागों से भी संपर्क किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से अपील की कि वे इस योजना के प्रचार-प्रसार में सक्रिय रूप से शामिल हों और लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूरी मेहनत करें।

# मिनी नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत लाभार्थियों का चयन

स्वतंत्र प्रभात




**भदोही** 08 जनवरी 2024/ नन्द बाबा दुग्ध मिशन योजनान्तर्गत राज्य सरकार द्वारा संचालित मिनी नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना के तहत आज मुख्य विकास अधिकारी भदोही की अध्यक्षता में 4 सदस्यीय समिति द्वारा लाभार्थियों का चयन किया गया। इस योजना के अन्तर्गत कुल 11 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें से जनपद हेतु आवंटित लक्ष्य के अनुरूप 4 लाभार्थियों का रैन्डमाइजेशन के माध्यम से चयन किया गया।

चयन समिति में मुख्य विकास अधिकारी भदोही अध्यक्ष, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी भदोही सचिव-समन्वयक तथा अग्रणी जिला प्रबन्धक भदोही व उप दुग्ध शाला विकास अधिकारी मीरजापुर सदस्य थे। समस्त आवेदको की उपस्थिति में उपरोक्त चयन समिति द्वारा रैन्डमाइजेशन के माध्यम से कुल 04 लाभार्थियों का चयन किया गया तथा शेष 07 आवेदको को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। इस योजना के अन्तर्गत चयनित लाभार्थियों के द्वारा स्वदेशी नस्ल की (साहीवाल / गिर/थारपारकर) गायों का पालन किया जाना है। योजनान्तर्गत प्रति इकाई लागत 23 लाख 60 हजार रूपया है। जिसमें उपरोक्त वर्णित नस्ल की 1 लाख कीमत की 10 गायो का पालन किया जायेगा। गायो का क्रय अन्य प्रदेशो से किया जाना है।

# ब्रिटिश शासन के अत्याचार की शिकार विमुक्ति जातियों के साथ आप सरकार का सौतेला व्यवहार- धर्मवीर सिंह

स्वतंत्र प्रभात



**नई दिल्ली**1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के नायक 198 वीर जातियां ब्रिटिश शासन द्वारा क्रूरतम क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट 1871 लगाए जाने के कारण लगभग 100 वर्षो तक समाज की मुख्य धारा से काटकर शिक्षा, रोजगार से वंचित रही, उनके जमीन जायदाद को जब्त कर ब्रिटिश सरकार के चाटुकारों को दे दिया गया। इस अमानवीय एक्ट को भारत सरकार ने 31 अगस्त 1952 को डीएनटी ट्राइब एक्ट लाकर खत्म किया, जिसको घुमंतू समाज विमुक्त जनजाति दिवस के रूप में मानती है। कालकाजी विधानसभा से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी एवं एमसीडी के पूर्व चेयरमैन एडवोकेट धर्मवीर सिंह ने बताया कि 100 वर्षो की बेहाल जातियों के उत्थान के लिए भारत सरकार ने 2015 में बीआर इदाते कमिशन का गठन किया। जिसने वर्ष 2018 में डीएनटी समाज के सर्वांगीण विकास के लिए अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपी। भारत सरकार ने डेवलपमेंट एंड वेलफेयर बोर्ड ऑफ डी नोटिफाईड,नोमेडिक एवं सेमी नोमेडिक कम्युनिटी का गठन किया। भारत सरकार के समाज कल्याण मंत्रालय ने 18 अगस्त 2022, 22 जून 2022 एवं 26 जून 2024 को दिल्ली सरकार को पत्र लिखकर इदाते कमीशन की रिपोर्ट को लागू करने का निर्देश दिया।

श्री सिंह ने बताया कि भारत सरकार के समाज कल्याण मंत्रालय के लगातार पत्राचार के बावजूद भी दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार ने अभी तक इदाते कमीशन की रिपोर्ट को लागू नहीं किया है। इससे केजरीवाल सरकार की इन जातियों के प्रति बदनियती का अंदाजा लगाया जा सकता है।डीएनटी समाज की दुर्दशा को सुधारने के लिए इदाते कमीशन की रिपोर्ट को आप सरकार जानबूझकर लागू नहीं कर रही है तथा इस समाज के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। दिल्ली सरकार के खिलाफ इस वीर जातियों को न्याय दिलाने के लिए एडवोकेट धर्मवीर सिंह काफी लंबे समय से संघर्षरत हैं। धर्मवीर सिंह ने कहा कि जब तक दिल्ली सरकार इदाते कमीशन की रिपोर्ट को लागू नहीं करती यह वंचित समाज अपना संघर्ष जारी रखेगी।

# देश के अलग-अलग राज्यों की जेल में बंद बंदी सिखों को तुरंत रिहा किया जाए- परमजीत सिंह सरना

स्वतंत्र प्रभात



**नई दिल्ली-** चंडीगढ़ के मोहाली में पिछले दो साल से बंद बंदी सिंहों की रिहाई के लिए मोर्चा कल पंजाब के मुख्यमंत्री के आवास को घेरने वाला था, लेकिन पंजाब सरकार की पुलिस ने उनपर अराजकता फैलाते हुए जुल्म की सभी हदें पार कर दी. यह एक शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन था और यही नहीं बल्कि पंथ की यह लंबे समय से चली आ रही मांग है कि लंबे समय से विभिन्न जेलों में बंद सिंहों को तुरंत रिहा किया जाना चाहिए. लेकिन जिस तरह पंजाब पुलिस ने बंदी सिंहों की रिहाई की मांग कर रहे लोगों पर लाठीचार्ज किया और आंसूगैस के गोले दागे, उसकी जितनी निंदा की जाए कम है. पंजाब सरकार व पुलिस को सोचना चाहिए की बंदी सिंहों की रिहाई की मांग करने के लिए लोग किसी विदेशी देश से नहीं आए हैं, वे इस देश के सम्मानित नागरिक हैं और उन पर इस तरह का वर्ताव करना उनके अधिकारों की घोर उलंघणा है. कुर्सी के नशे में चूर जाबर द्वारा अर्जित इस जुल्म से यह साबित हो गया है कि जो अपने परिवार का नहीं हो सका वह पंजाब का भला कैसे सोच सकता है. देश में काम कर रही मानवाधिकार सेवाओं का यह कर्तव्य है कि वह तुरंत इस मामले की गहराई से जांच करते हुए पंजाब सरकार द्वारा किए जा रहे मानवाधिकारों के उल्लंघन को उजागर करने की पहल करें। यह शब्द शिरोमणि अकाली दल दिल्ली इकाई के अध्यक्ष सरदार परमजीत सिंह सरना ने मीडिया को जारी एक बयान के माध्यम से व्यक्त किये।

# भारतीय किसान यूनियन अंबावता की बैठक संपन्न हुई

स्वतंत्र प्रभात

प्रदीप यादव



भारतीय किसान यूनियन अंबावता की एक पंचायत किसानों के लिए तथा संगठन विस्तार के लिए तहसील सिकंदराबाद जिला बुलंदशहर उत्तर प्रदेश में संपन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेताजी ने कहा .की सरकार जब तक एम एसपी गारंटी योजना लागू नहीं करेगी जब तक किसान आर-पार की लड़ाई के मूड में रहेगा उन्होंने कहा कि किसानों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा चाहे भूमि अधिकरण का मुद्दा हो चाहे फसलों का मुआवजा का मुद्दा हो उन्होंने मौके पर तहसीलदार मजिस्ट्रेट को बुलाकर स्थानीय समस्याओं के लिए ज्ञापन दिया तथा महामहिम राज्यपाल महोदय को संबंधित ज्ञापन भी .तहसीलदार मजिस्ट्रेट को 8 सूत्रीय दिया .जिस पर उन्होंने जिला प्रशासन की तरफ से जिले स्तर की समस्याओं को शीघ्र समाप्त करने तथा बड़ी समस्याओं को राज्यपाल महोदय को भेजने का आश्वासन दिया कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बलविंदर सिंह बाजवा ने की तथा संचालन नसीर अहमद एडवोकेट ने किया इस अवसर पर गोवर्धन दास एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट ऑफ़ इंडिया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेंद्र नेताजी राष्ट्रीय सचिव .राजेश गौतम पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र प्रधान जी महिला पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष नेहा गॉड जी शोभा भाटी राष्ट्रीय महासचिव महिला मोर्चा संगीता राहुल जी महासचिव महिला मोर्चा मेरठ मंडल अध्यक्ष गुड्डू गुर्जर सहारनपुर मंडल अध्यक्ष मोनिश गॉड जिला अध्यक्ष बुलंदशहर निशांत यादव हापुड़ जिला अध्यक्ष संदीप गुर्जर मेरठ जिला अध्यक्ष बृजभूषण सिंह सहारनपुर जिला अध्यक्ष शामली जिला अध्यक्ष साबिर राणा युवा प्रदेश प्रभारी महकाकर सिंह युवा जिला अध्यक्ष अजमत अल्वी मेरठ. मोहसिन गाजी अलीगढ़ .मोहसिन गाजी खुर्जा डॉ रामावतार .जाकिर अंसारी शकीरा आलम अल्लू अब्बासी .साबिर गुड्डू अबूजर गाजी नाजिम मलिक .इमरान गाजी जमील गाजी .फिरोज भाटी मोहसिन भाटी रोहित चौधरी नाजीर अली एडवोकेट शमशाद एडवोकेट तौसीफ गाजी शाहरुख गाजी हकीकत अली नौशाद राणा तहसील अध्यक्ष बलराज मावी सभासद फहीम गाजीआदि हजारों लोग मौजूद थे इस अवसर पर दर्जानो और डॉक्टर तथा सैकड़ो लोगों ने .भारतीय किसान यूनियन अंबावता की सदस्यता नरेंद्र सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के नेतृत्व में ग्रहण कई इस अवसर पर अनीश गाजी ने कहा राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी रिशिपाल अंबावता जी के हाथों को मजबूत करने का काम इसी तरह चलता रहेगा यह तो अभी शुरुआत है यह अभियान पूरे देश में चलेगा जय जवान जय किसान।

# दंपति के गायब होने पर पुलिस ने चार के खिलाफ अपहरण व हत्या का केस दर्ज किया, नहीं बरामद हो सकी लाश

● - हत्यारोपित पूर्व प्रधान गिरफ्तार, घटना के तीसरे दिन हुई- कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात

**खुटहन, जौनपुर।** बिशुनपुर ग्राम पंचायत के मलूकपुर गांव में दंपति के खेत से रहस्यमय ढंग से लापता होने के मामले का तीसरे दिन पुलिस ने खुलासा कर दिया। आरोपित पूर्व प्रधान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित ने स्वीकार किया कि उसके द्वारा फसल की सुरक्षा हेतु लगाए गए विद्युत करेंट प्रवाहित नंगे तार की चपेट में आकर दंपति की मौत हुई थी। साक्ष्य छुपाने के लिए दोनों का शव वाहन में लाद शारदा सहायक नहर में फेंक दिया था। मामले में पुलिस ने चार के खिलाफ अपहरण व हत्या का केस दर्ज कर लिया है। मंगलवार को आरोपित पूर्व प्रधान को गिरफ्तार कर चलान न्यायालय भेज दिया गया।

शेष तीनों आरोपितों की तलाश पुलिस सरगर्मी से कर रही है। खबर लिखे जाने तक पुलिस शव बरामद नहीं कर सकी है।गांव निवासी 58 वर्षीय रामचरित्तर गौतम अपनी 56 वर्षीया पत्नी किस्मत्ती देवी के साथ रविवार को घर से लगभग चार सौ मीटर दूर खेत में सिंचाई करने गए थे। जहां से दंपति गायब हो गये। दंपति की पुत्री सरिता के द्वारा थाने में चार के खिलाफ नामजद तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसके मां बाप की उक्त लोगों द्वारा हत्या कर शव गायब कर दिया गया है। घटना की छानबीन पुलिस कर रही थी।

तभी उन्हें जानकारी हुई कि बगल गांव अकबर पुर निवासी पूर्व प्रधान कमलेश सिंह व उनके भाइयों का दंपत्ति जिस खेत कि सिंचाई कर रहे थे उसी से सटा उक्त आरोपितों का भी खेत है। जिसकी सुरक्षा हेतु नंगे तार का बाड़ घेर उसमें विद्युत करेंट प्रवाहित किया गया था। जानकारी होते ही पुलिस सक्रिय हो कर उनकी तलाश शुरु कर दिया। मंगलवार को आरोपित पूर्व प्रधान कमलेश को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित ने स्वीकार किया कि रविवार की सुबह तार में प्रवाहित करेंट से दंपति के मौत की खबर मिलते ही हम व अन्य आरोपियों को भागते हुए मौके पर पहुंचे। कानून से बचने के लिए शव को वाहन में लाद नहर में फेंक दिया था। जिसमें अन्य आरोपितों भी सामिल रहे। आवश्यक कार्रवाई के बाद उन्हें चलान न्यायालय भेज दिया गया।



# अधिशासी अभियंता ने पद भार ग्रहण किया

स्वतंत्र प्रभात



**जौनपुर गाजीपुर** जिले में कार्य कर चुके अधिशासी अभियंता राम मूरत गौतम जौनपुर जिले में विद्युत वितरण खंड चतुर्थ के अधिशासी अभियंता के रूप में मंगलवार को पदभार ग्रहण किए । मूल रुप से मऊ जनपद के रहने वाले गौतम जी 15 जनवरी 1999 में सहायक अभियंता के पद पर नियुक्त हुए थे । इसके पूर्व गोरखपुर ,कुशीनगर, बस्ती और गाजीपुर में अधिशासी अभियंता के रूप में कार्य कर चुके हैं। गौतम जी की प्राथमिकता सुचारू रुप से विद्युत आपूर्ति करना उपभोक्ताओं के शिकायत का समय से निस्तारण उपभोक्ताओं के विद्युत बकाए की वसूली वर्तमान में एक मुस्त समाधान योजना का अधिकतम उपभोक्ताओं तक लाभ पहुंचाना एवं समय से बिल वितरण एवं बिल संबंधित समस्याओं का निस्तारण करना उच्च प्राथमिकता रहेगी। मोहन पाण्डेय ने बुके देकर स्वागत किए इस मौके पर खण्ड में कार्यरत सभी कर्मचारी स्वागत किए।

## संक्षिप्त ख़बरें

### ईओ ने रैन बसेरा का किया निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर।** उसका बाजार के ब्लॉक कार्यालय रोड के पास स्थित रैन बसेरा का बुधवार को ईओ अभिनव श्रीवास्तव ने निरीक्षण किया है। इसके बाद कस्बा में ठंड से राहत के लिए जलाए जा रहे अलाव का भी स्थलीय निरीक्षण किया है। संबंधित कर्मचारियों को नागरिक सुविधाओं को चुस्त दुरुस्त रखने का निर्देश भी दिया है और कहा है की इस भीषण ठंड में नियमित निर्धारित स्थान पर अलाव की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। रैन बसेरा पर पहुंचकर ईओ ने वहां पर आने वाले यात्रियों के संबंधित रजिस्टर का अवलोकन किया। अभी तक रात यहां कुल 45 लोग रुके है। उन्होंने रैन बसेरा में पेयजल, प्रकाश, प्राथमिक उपचार, अलाव आदि व्यवस्था का हाल जाना है। इसके बाद ईओ अभिनव श्रीवास्तव ने कस्बा में जलाए जा रहे अलाव का स्थलीय निरीक्षण किया है। कस्बा में कुल 32 जगह नागरिकों को ठंड से राहत के लिए अलाव की व्यवस्था की गई है। उन्होंने संबंधित कर्मचारी कृष्णा को नियमित अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

### अलाव जलने की मांग

**सिद्धार्थनगर।** क्षेत्र में कई दिनों से हो रही बूंदा बादी से ठंड की आमद होने के बाद भी ककरहवा कस्बा सहित क्षेत्र के अन्य ग्रामीण इलाकों में अलाव की अभी तक प्रशासन की ओर व्यवस्था न होने से इस कड़ाके की ठंड से लोग घरों में दिन भर बैठे रहते हैं।सड़क पर चलने वाले यात्री अलाव न जलाए से परेशान हो रहे हैं।क्षेत्र के लोगों ने जिला प्रशासन से ग्रामीण क्षेत्र कस्बों, चौराहों, अस्पतालों, ट्रैक्सी स्टैंड आदि स्थानों पर अलाव जलवाने की मांग की हैं।

### दुधवनिया बुजुर्ग टीम ने रूमनदेई प्रीमियर लीग ट्रॉफी पर जमाया कब्जा



**सिद्धार्थनगर।** बढ़नी ब्लॉक के रूमनदेई में आयोजित रुमनदेई प्रीमियर लीग फाइनल मुकाबल दुधवनिया बुजुर्ग व गोल्हौरा टीम के बीच हुआ। दुधवनिया बुजुर्ग की टीम ने प्रीमियर लीग ट्रॉफी पर कब्ज़ा जमाया। रूमनदेई में खेले जा रहे रुमनदेई प्रीमियर लीग आयोजन को लेकर क्षेत्र के खेल प्रेमियों में काफ़ी उत्साह रहा। दुधवनिया बुजुर्ग ने फाइनल मुकाबले में निर्धारित 10 ओवर में 92 रन बनाकर 93 रनों का लक्ष्य विपक्ष टीम के सामने रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोल्हौरा की टीम ने 9.4 ओवर में 84 रन बनाकर सिमट गयी। दुधवनिया बुजुर्ग टीम के होनहार खिलाड़ी राशिद खान को मैंन ऑफ द सीरीज, मैन ऑफ द मैच, बेस्ट बालर का पुरस्कार दिया गया। जबकि बेस्ट बैट्समैन का अवॉर्ड विशाल के नाम रहा। इस दौरान रूमनदेई प्रीमियर लीग आयोजक रियाज अहमद, वसीम अकरम, नबील अहमद, शाहिद अनवर, बब्बू , अशरफुल हक़, अमजद आदि मौजूद रहे।

### जनवरी से मार्च तक चिन्हित ग्राम पंचायतों में लगेंगी ''ग्राम चौपाल:सीडीओ

**अलीगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह द्वारा सभी विकासखण्डों की चिन्हित ग्राम पंचायतों में माह जनवरी से मार्च तक विभिन्न तिथियों में लगने वाली 'ग्राम चौपाल'' का रोस्टर जारी किया गया है। उन्होंने ग्राम चौपाल के सफल आयोजन के लिए डीडीओ एवं पीडी डीआरडीए को नोडल अधिकारी नामित करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित बीडीओ को निर्देशित किया है कि निर्धारित तिथियों में चिन्हित ग्रामों में चौपाल का आयोजन कराते हुए सूचना रूरल सॉफ्टवेयर पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 10 जनवरी को ब्लॉक बिजौली के ग्राम पीढ़ौल महमूदपुर एवं पीपली, टप्पल के ग्राम आदमपुर एवं भौजाका, इगलास के ग्राम मौहकमपुर एवं भीलपुर, जवां के ग्राम पोखरगढ़ी एवं पिलौना, खैर के ग्राम राजपुर एवं अर्राना, अकराबाद के ग्राम भीमपुर हरीपुर एवं गांगरौल, चण्डौस के ग्राम बाहरपुर एवं उदयपुर, गंगीरी के ग्राम सिंहावली एवं निनामई ओजीपुर, धनीपुर के ग्राम हाजीपुर एवं दिहौली, गोंडा के ग्राम मदहौरा एवं तलेसरा, लोधा के ग्राम डिग्सी एवं मनोहरपुर कायस्थ, अतरौली के ग्राम सूरजपुर एवं धुर्रा प्रेमनगर में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जाएगा।

# नगर निगम का कारनामा: तालाब सौंन्दर्यीकरण के नाम पर घोटाला

● - आखिर कहां गई तालाब से खोदी गई करोड़ों की मिट्टी?



मिट्टी खोदती जेसीबी

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों का एक और काला कारनामा निकल कर आया है। जिसमें अधिकारियों ने तालाब के सौंदर्यीकरण के नाम पर बिना खनन विभाग की अनुमति लिये ही करोड़ों की हेराफेरी हो गई.। नगर निगम के अधिकारियों ने तालाब की 30 फीट गहरी खुदाई करवा दी है। खुदाई के बाद निकली करोड़ों की मिट्टी का गबन कर दिया गया है आखिर मिट्टी कहां सप्लाई की गई इसका भी कोई अता-पता नहीं है। मामला सामने आने के बाद नगर आयुक्त विनोद कुमार ने दो सदस्यीय टीम बनाकर जांच के आदेश दिए हैं। शहर के गूलर रोड स्थित तालाब का सौंदर्यीकरण करने के नाम पर मानकों के विपरीत खुदाई कर मिट्टी की चोरी की गई है। नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों की मिली भगत से तालाब को 30 से 35 फीट गहरा खोद दिया गया है। तालाब की खुदाई से निकली करोड़ों रुपए की सरकारी मिट्टी को कहां गायब कर दिया, इसका जवाब देने वाला कोई नहीं है। सरकारी नियमों की माने तो निजी या सरकारी तालाब के लिए खनन विभाग से परमिशन लेनी होती है। परमिशन भी दो घन मीटर से तीन घन मीटर से ज्यादा की नहीं मिलती है। अगर 2 घन मीटर से ज्यादा का खनन किया जाएगा तो उस पर जुर्माना लगाए जाने का प्रावधान है, लेकिन यहां तो मिट्टी को गायब करने वाले ही सरकारी महकमे से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी हैं।

गूलर रोड पर तालाब से सरकारी मिट्टी को गायब करने का मामला नगर निगम बोर्ड अधिवेशन की बैठक में भाजपा पार्षदों द्वारा उठाया गया। भाजपा पार्षदों ने आरोप लगाया कि नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारियों ने सौंदर्यीकरणके नाम पर मानकों के विरुद्ध 30 से 35 फुट गहरी मिट्टी खोद कर घोटाला किया है। भाजपा पार्षदों द्वारा लगाए गए आरोपों को गंभीरता से लेते हुए नगर आयुक्त विनोद कुमार सोनकर ने दो सदस्यीय जांच टीम गठित की है। टीम एक सप्ताह में जांच कर रिपोर्ट सौंपेगी। मिट्टी के उपयोग और दुरुपयोग की जांच के तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

**इनका कहना है..**

नगर आयुक्त विनोद कुमार सोनकर ने बताया उनको गत 3 जनवरी को गूलर रोड तालाब से मिट्टी खोदे जाने व उसके उपयोग दुरुपयोग के आरोप की जानकारी हुई है। इस संबंध में उन्होंने निगम अधिकारियों की दो सदस्यीय टीम गठित कर सात दिन में जांच रिपोर्ट सौंपने के आदेश दिए हैं, जांच टीम की रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। उधर गूलर रोड तालाब के पास रहने वाले लोगों ने बताया कि यहां तालाब की काफी गहरी खुदाई करने के साथ हजारों ट्रैक्टर मिट्टी निकाली गई है, लेकिन यह पता नहीं है कि मिट्टी कहां जा रही है. इस मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।

सड़क हादेसे में घायल की मौत

अलीगढ़। थाना लोधा इलाके के ग्राम भरतपुर के निकट सड़क हादसे में घायल युवक ने उपचार के दौरान जेएन मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टर्माटम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। 21 वर्षीय युवक दीपक कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसकी बाइक को तेज रफ्तार इको कार ने टक्कर मारी थी। घायल युवक को परिजनों के द्वारा उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया था।जहां युवक की बुधवार की सुबह उपचार के दौरान मौत हो गई। इधर पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद परिजनों की शिकायत पर पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी भेज दिया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के उपरांत करीब तीन बजे शव परिजनों को सौंप दिया है और तहरीर के आधार पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# मॉनीटरिंग कमेटी ने किया वृद्धाश्रम का निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट:** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्देश के अनुक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश द्वारा गठित मॉनीटरिंग समिति के चेयरमैन अपर जिला जज प्रथम अनुराग कुरील ने बुधवार को समिति के सदस्य अन्य न्यायिक अधिकारियों के साथ विनायकपुर स्थित वृद्धाआश्रम का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वद्धाश्रम में 60 संवासी उपस्थित पाये गये। अध्यक्ष सहित समिति के सदस्यों ने उपस्थित वृद्ध संवासियों से मुलाकात कर उनसे समस्याओं के बारे में जानकारी ली। जिसमें वृद्ध संवासियों ने उन्हें सुनाई न देने व आंखों के लिए चश्मा न होने के बारे में बताया। समिति के सदस्यों ने वृद्धाआश्रम में आवासित संवासियों के लिये कम्बल व रजाई उचित संख्या में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। साथ ही अधिक ठंड होने के कारण से बचाव के लिए अलाव, हीटर आदि की व्यवस्था न होने के बारे में भी अवगत कराया। जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया जाता है कि वृद्ध संवासियों को ठंड से बचाने के लिये अलाव व हीटर की उचित व्यवस्था करें। इस दौरान समिति ने वृद्धाआश्रम में संचालित पाकशाला का भी निरीक्षण किया। जिसमें गुणवत्ता के अनुसार सामान की उपलब्धता नहीं पायी गई। जिस पर पाकशाला के केयर टेकर को गुणवत्ता सुधारने के लिए निर्देशित किया गया।

निरीक्षण के दौरान मॉनीटरिंग समिति की सदस्य विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट रेनू मिश्रा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल, सिविल जज सचिन कुमार दीक्षित, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया सहित कर्मचारी व सुरक्षाकर्मी उपस्थित रहे।


# लखनऊ ने बस्ती को हराकर पहला क्वार्टर फाइनल मैच जीता

स्वतंत्र प्रभात

**सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ क्षेत्र के वीरेंद्र ग्रामीण स्टेडियम छतहरी शोहरतगढ़ में चल रहे गौतम बुद्ध ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट में चौथे दिन बुधवार को पहले क्वार्टर फाइनल मैच का मुकाबला लखनऊ व बस्ती टीम के बीच हुआ। इसमें लखनऊ की टीम ने पांच विकेट से मैच को जीत लिया। दूरदराज रह रहे लोगों ने भी प्रतियोगिता का लाइव प्रसारण देख आनन्द उठाया। बुधवार को स्टेडियम में पहला क्वार्टर फाइनल मैच लखनऊ व बस्ती के बीच खेला गया। जिसमें लखनऊ के कप्तान सौरभ यादव ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी बस्ती की टीम ने 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 147 रन बनाई। इसमें आशुतोष ने 55, अनंत ने नाबाद 24 रनों का योगदान दिया। वहीं लखनऊ के खिलाड़ी मंजुल ने चार, जतिन और अंजनेय ने दो-दो और श्याम मिश्रा ने एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ की टीम 16.2 ओवरों में 5 विकेट खोकर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। इसमें ऋतिक मिश्रा ने 62, वंश यादव ने 50 व अंजनेय सूर्यवंशी ने 10 रनों का योगदान दिया। बस्ती के संदीप गुप्ता ने तीन, मोंटी व आकाश तिवारी ने एक-एक विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच लखनऊ के शानदार चार विकेट लेने वाले मंजुल दुबे को दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ नसीम अहमद, विशिष्ट अतिथि शोहरतगढ़ व्यापार मण्डल अध्यक्ष शैलेंद्र कौशल और सिद्धार्थनगर क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष उमेश प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष रवि अग्रवाल, विवेक त्रिपाठी, विपिन त्रिपाठी, मनीष श्रीवास्तव, अंबिका त्रिपाठी, संजय कौशल, राजेश उपाध्याय, सुनील अग्रवाल, आशीष, रवि कौशिक, धर्मेश, गंगेश्वर आदि लोग मौजूद रहे।



### आगामी महाकुंभ मेला के दृष्टिगत जौनपुर पुलिस द्वारा किया जा रहा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम



**जौनपुर।** प्रयागराज से सटा जनपद होने के कारण महाकुंभ में एक चौथाई श्रद्धालु जौनपुर के रास्ते से होकर जाएंगे, जिसके मध्येनजर डा0 कौस्तुभ, पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जौनपुर पुलिस द्वारा प्रयागराज की सीमा पर मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र में बंकर बनाए जा रहे हैं व सीसीटीवी, ड्रोन कैमरे से निगरानी कर रही है तथा लगातार चेकिंग अभियान चला कर सुरक्षा पुख्ता की जा रही है।अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, शैलेन्द्र कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी मछलीशहर, परमानन्द कुशवाहा द्वारा प्र0नि0 मुगराबादशाहपुर मय फोर्स के साथ स्वयं चेकिंग की जा रही है।

आवश्यकता है
JOB VACANCY
हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात समाचार पत्र में काम करने हेतु, इच्छुक एवं अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।
खबरों का सच्चा साथी, स्वतंत्र प्रभात
स्वतंत्र प्रभात के ऑनलाइन चैनल को काम करने हेतु अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।
स्वतंत्र प्रभात
खबरों का सच्चा साथी
जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।
अपना बायोडाटा भेजें
9511151254
आवाज उठाएं जुर्म के खिलाफ
www.swatantraprabhat.com